शारीरिक संतुलन को बनाए रखने के लिए प्रतिदिन अवशोषित लौह की केवल 1 से 3 मिलीग्राम मात्रा की आवश्यकता होती है। यह मुख्य रूप से ग्रहणी एन्टेरोसाइट कोशिकाओं के माध्यम से अवशोषित होता है। यह कोशिकाओं में डाइवैंलेट मेंटल ट्रांसपोर्टर डीएमटी–1 (DMT–1) के माध्यम से प्रवेश करता है। एन्टेरोसाइट कोशिकाओं से प्लाज्मा में लौह का निर्यात वैसोलेटरल ट्रांसपोर्टर फेरोपोर्टीन प्रोटीन (ferroportin) के माध्यम से होता है। जिसके प्रत्येक चरण (कमी, अवशोषण, भंडारण, और हस्तांतरण) का विनिमय एन्टेरोसाइट कोशिकाओं में ऑक्सीजन तनाव, लौह स्तर और प्रणालीगत लौह की जरूरत को दर्शाती है। एन्टेरोसाइट कोशिकाएं लौह की तत्वों का लौह नियामक प्रोटीन (iron regulatory protein) आईआरपी–1 और आईआरपी–2 (IRP–1,2) के माध्यम से लोहे के अवशोषण को नियंत्रित करती है और इसका उपयोग मैसेंजर आरएनए (mRNAs), डी एम टी–1 (DMT&1) फेरोपोर्टीन (ferroportin), फेराइटिन (ferritin) और **हिफ**–2α (hypoxia-inducible factor 2α (HIF-2α) प्रोटीन निर्माण के लिए करती है। लौह नियामक प्रोटीन (IRPs) लौह उत्तरदायी तत्वों (IREs) के साथ जुड़ता है और इसके अनुवादन (translation) को बाधित करता है। हेप्सीडिन (Hepcidine) लौह निर्यातक प्रोटीन फेरोपोर्टीन को बांधता और इसके स्तर में गिरावट करता है। इस प्रकार एन्टेरोसाइट कोशिकाऐं लौह के स्तर को कम करती है तथा शरीर में लोहे के संचरण को बढ़ा देती हैं।

शरीर में लौह की प्रमुख भूमिकाएँ

फेफड़ों से कोशिकाओं में ऑक्सीजन परिवहन

हीमोग्लोबिन शरीर में मुख्य लौह युक्त पदार्थ है। रक्त में हीमोग्लोबिन एक ऑक्सीय श्वसन वर्णक के रूप में होता है। हीमोग्लोबिन श्वसन अंगों जैसे कि फेफड़ों से

ऑक्सीजन लेकर शरीर के अन्य ऊतको में ऑक्सीजन का परिवहन करता है और उपापचय की प्रक्रिया द्वारा कोशिका में जीव के कार्य करने के लिए ऊर्जा प्रदान करता है। स्तनधारी जंतुओं में हीमोग्लोबिन अणु चार ऑक्सीजन के अणुओं को बाँध सकते हैं। हीमोग्लोबिन

$$Hb_4\ (aq) + 4O_2\ (aq) \rightleftharpoons Hb_4O_8\ (aq)$$



चित्र 1 : मानव में गैसीय आदान–प्रदान

कोशिकाओं में ऊर्जा उत्पादन लौह भी रक्त शर्करा के रूपांतरण में शामिल है, जो ऊर्जा के लिए, शर्करा, वसा और प्रोटीन से एडिनोसिन ट्रायफ़ोस्फेट या एटीपी (ATP) में रूपांतरण के लिए आवश्यक है। एडिनोसिन ट्रायफ़ोस्फेट को शरीर अपनी सभी गतिविधियों के लिए उपयोग करता है। लौह ऊर्जा उत्पादन और उपापचय के लिए महत्वपूर्ण धातु तत्व है। यह एथलीटों की मांसपेशियों में व्यायाम या प्रतिस्पर्धा के दौरान आधिकतम काम करने के लिए ऊर्जा प्रदान करता है।

कैटालेज एन्जाइम उत्पादन

कैटालेज किण्वक शरीर के अन्दर कोशिकाओं में उपस्थित होता है और मुक्त ऑक्सीजन परमाणुओं को मुक्त करने का कार्य करते हैं, जिन्हे मुक्त मूलक कण कहते हैं। कैटालेस एंजाइम मुक्त कणों से शरीर की रक्षा करता है। जीवित ऊतक में हाइड्रोजन पेरोक्साइड (H_2O_2) के अपघटन में कैटालेस एंजाइम की प्रतिक्रिया निम्न है।



चित्र 2 : कैटालेज किण्वक अभिक्रिया

स्रोत : http://www-bbc.co.uk/education/ guides/zdt4jxs/revision

अत्यधिक आयरन विषाक्तता के स्रोत

लौह युक्त खाद्य पदार्थ

उच्च लौह युक्त खाद्य पदार्थ जैसे कि यकृत, गुर्दे, सभी लाल मांस, चिकन, अंडे, क्लेम, कस्तूरी, अन्य समुद्री भोजन, मछली, गुड़, खमीर, सूरजमुखी और कद्दू के बीज, गहरे हरे रंग की सब्जियां इत्यादि शामिल हैं। लौह सफेद आटा उत्पादों जैसे मैदा में भी जोड़ा जाता है। यह कुछ विटामिन की गोलियां और अन्य विटामिन युक्त खनिज पदार्थों में भी पाया जाता है। लाल मांस लोहे का बेहतरीन स्रोत हैं। घोंघा और यहां तक कि अन्य लौह युक्त खाद्य पदार्थ अक्सर भोजन में लौह विषाक्तता के लिए योगदान देते हैं।



चित्र 3 : शरीर में लौह वितरण और संचय

स्रोत : http://www.cdc.gov/ncbddd/hemochromatosis/training/ pathophysiology /iron cycle

लौह उत्पादक क्षेत्र

हवा, पानी और मिट्टी में लौह प्रदूषण, विशेष रूप से देश की लौह उत्पादक क्षेत्रों में ज्यादा देखने को मिलता है। औद्योगिक लौह प्रदूषण कहीं भी हो सकता है। लौह दूषित मिट्टी पर या उच्च लौह युक्त भूमि पर उपजी सब्जियों में लौह का स्तर अधिकतम होता है।

व्यावसायिक जोखिम और प्रदूषण

व्यावसायिक जोखिम से तात्पर्य वेल्डर्स, बिजली के कार्यकर्ता जो सोल्डिंग का उपयोग करते हैं, पाइप कार्यकर्ताओं, इस्पात निर्माताओं और अन्य व्यवसायों वाले लोग जो लौह के संपर्क में रहते हैं, उनमें विषाक्त लोहे की भारी मात्रा जोखिम का कारण बनती है। इसके अलावा मिट्टी में लौह ज्यादा मात्रा में होने पर उसमें उगाई गयी तंबाकू उच्च लौह स्तर की होती है जो सेवन करने वाले व्यक्तियों में लौह अधिभार का कारण होती है। किसी भी मात्रा में शराब का सेवन लौह अधिभार का कारण होता है। हल्के पीले या नारंगी रंग का पानी भी अतिरिक्त अकार्बनिक लोहे का एक आम स्रोत है।

कोशिकाओं में लौह विषाक्तता की क्रियाविधि ऑक्सीकारक क्षति और मुक्त कण उत्पादन

लौह ऑक्सीजन को आकर्षित करता है और मुक्त कण उत्पन्न करता है जो शरीर के नाजुक ऊतकों को नष्ट करते हैं जो ऊतकों में ऑक्सीकारक क्षति का प्रमुख कारण है। ऑक्सीकारक क्षति के दौरान सामान्य और विकृत कोशकीय अभिक्रियाओं में सुपरॉक्साइड(O_2^-) और हाइड्रोजन परॉक्साइड (H_2O_2) का उत्पादन होता है जो मुक्त लौह के समान है और जैविक रूप से बेकार है। लौह अन्य अधिक प्रतिक्रियाशील और विषाक्त मुक्त कण उत्पादन करने के लिए O_2^- और H_2O_2 के साथ अभिक्रिया करते हैं और हाइड्रॉक्सिल मूक्त मूलक कण का उत्पादन करते हैं।

$$O_2^- + Fe^{+3} \longrightarrow O_2 + Fe^{+2}$$

$$Fe^{+2} + H_2O_2 \longrightarrow Fe^{+3} + HO^o + OH^-$$

$$O_2^{o-} + H_2O_2 \longrightarrow O_2 + HO^o + OH^-$$

चित्र 4: ऑक्सीकारक क्षति और मुक्त कण उत्पादन

लौह अधिभार के लक्षण और उसकी शर्ते

लौह की विषाक्तता का प्रमुख कारण लौह की अतिरिक्त मात्रा है, जो एक जटिल समस्या है। लौह की अधिकता से शरीर में कई प्रकार के दोष उत्पन्न होते हैं, जो नई बीमारियों को जन्म देते हैं। लौह अधिभार की मुख्य वजह लौह का शरीर के अंगो में एकत्रित होना है, जो लौह अधिभार को दर्शाता है। अधिक लौह मुख्य रूप से पोषण के माध्यम से शरीर में पहुँचता है तथा नई–नई बीमारियों का कारण बनता है। गर्भवती महिलाओं में लौह युक्त गोलियों का आधिक मात्रा में सेवन करने के कारण लौह की शरीर में आधिक मात्रा देखने को मिलती है जो जन्म के समय बच्चों में वंशानुगत रोगो को जन्म देती है। लौह अधिभार की वजह से शरीर में कई तरह के सिंड्रोम्स उत्पन्न हो जाते है जो पीढ़ी दर पीढ़ी वंशानुगत होते रहते हैं।

लौह अधिभार के कारण से शरीर में उत्पन्न सिंड्रोम्स और बीमारियों का वर्णन नीचे किया गया है।

लौह अधिभार सिंड्रोम्स

लौह जनित एनीमिया (Iron loading anemia)

- थैलासैमिक सिंड्रोम (बीटा– थैलेसैमिया)
- क्रोनिक हीमोलिटिक एनीमिया
- अप्लास्टिक एनीमिया
- पाइरुवेट काइनेस न्यूनता

यकृत बीमारी रोग

- हेपेटाइटिस सी संक्रमण
- एल्कोहोलिक लीवर डीसीज

चिकित्सकजनित

- लाल रक्त कोशिका आधान (Red Blood cell transfusion)
- दीर्घ अवधि के हीमोडायलिसिस

विविध

- एसेरूलोप्लासमीनिया (Aceruloplasminaemia)

- अफ्रीकी लोहे के अधिभार (African iron overload)
- नवजात लोहे के अधिभार (Neonatal iron overload)

लौह–जनित एनिमिया – एनिमिया की वजह से शरीर के ऊतकों में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है जो विभिन्न प्रकार के विकारों और सिंड्रोम्स की श्रृंखला को जन्म देती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पुरुषों में 8.1 मिलीमोल/लीटर (13 ग्राम/ डेसीलीटर) 8.1 ग्राम/ लीटर (13 ग्राम/डेसीलीटर) और महिलाओं में 7.5 मिलीमोल/लीटर (12 ग्राम/डेसीलीटर) 7.5 ग्राम/ डेसीलीटर (12 ग्राम/ डेसीलीटर) से कम हीमोग्लोबिन की सान्द्रता को एनीमिया के रूप में परिभाषित किया है।

क्रोनिक यकृत सिंड्रोम्स – यह यकृत का एक रोग है जिसमें लोह की अधिक मात्रा का संचय यकृत में हो जाता है। इस रोग में छह महीने के अंदर ही काफी गम्भीर यकृत बीमारियों की विस्तृत श्रृंखला अनेक विकृतियों को जन्म देती है। जिसमें अंगो में सूजन का आना (क्रॉनिक हेपटाइटिस), यकृत सीरोसिस और हेपेटोसेलुलर कार्सिनोमा आदि मुख्य है।

रक्त दान – रक्त दान में रक्त देने वाले व्यक्ति को (दाता) और रक्त लेने वाले को व्यक्ति को (प्राप्तकर्ता) कहते हैं। रक्त दान में रक्त या रक्त घटकों का स्थानांतरण होता है। रक्त दान रक्तस्राव के माध्यम से या अस्थि मज्जा में रक्त कोशिकाओं या रक्त उत्पादों को बदलने के लिए एक जीवन रक्षक के रूप में किया जाता है। रक्त जाँच के समय यह अच्छे से जाँच ले कि रक्त किसी रोगी दाता व्यक्ति का तो नहीं है इसके लिये रक्त संबंधी उचित जाँच हो जिससे ग्राही को उसका कोई हानिकारक प्रभाव न हो।

एसेरुलोप्लासमीनीमिया–एसेरुलोप्लासमीनीमिया एक दुर्लभ ऑटोसोमल विकार है, जो शरीर के विभिन्न अंगों में लौह संचय के कारण होता है। इसके रोग के लक्षण आम वयस्क अवस्था के समय दिखाई पड़ते हैं, इस रोग में लौह संचय शरीर के अंगो में होने लगता है जैसे कि रेटिना, बेसल गैन्गिलया आदि। एसेरुलोप्लासमीनीमिया दुनिया भर में देखा गया है, लेकिन उसके समग्र प्रसार अज्ञात है, जापान में इसका अध्ययन एक बड़ी आबादी में किया गया और उन्होंने पाया कि लगभग 1–2 लाख लोगों में एसेरुलोप्लासमीनीमिया मस्तिष्क में लोहे के संचय के साथ आनुवंशिक विकारों को उत्पन्न करता है।

रक्तवर्णकता–रक्तवर्णकता एक वंशानुगत विकार है जिसमें लोहे का जमाव ऊतकों में हो जाता है जिसके कारण जिगर की क्षति, मधुमेह और त्वचा का कांस्य मलिनीकरण होता है। वंशानुगत रक्तवर्णकता पश्चिमी आबादी में सबसे आम एकल जीन बीमारी है जिसमें वंशानुगत रक्तवर्णकता कई "लोहे अधिभार" रोगों में सबसे आम है। हेमोक्रोमेंटोसिस में एक जीन के उत्परिवर्तन का कारण अतिरिक्त लौह का आंत में अवशोषित होना है और शरीर में यह अतिरिक्त लोहे का स्राव साधन के अभाव में होता है। लोहे का शरीर के ऊतकों में जमाव मुख्य रूप से लिवर और हृदय अंगों के विफल होने का अग्रणी कारण बनता है।

तंत्रिका तंत्र के रोग–लौह केंद्रीय तंत्रिका तंत्र (सीएनएस) के लिए एक अनिवार्य तत्व है। मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र में लोहे का असामान्य संग्रह लौह अधिभार है। मस्तिष्क क्षेत्रों में अतिरिक्त लौह जमाव अल्जाइमर रोग, पार्किंसंस रोग, गतिभंग और अन्य रोगों का कारण बनता है जिसमें मांसपेशियों की कठोरता (मांसपेशियों के अनियंत्रित जकड़न), गतिविधियों में समन्वय करने में असमर्थता, भ्रम, भटकाव और पागलपन शामिल हो सकते हैं। लौह अधिभार में पार्किंसंस रोग, अल्जाइमर रोग और हिंसा, सामाजिक व्यवहार में अचानक परिवर्तन और असामान्यताएं दिखायी देती है।

अंगों और हृदय की स्थिति–लौह का अंगो में जमाव होने के कारण अधिक बड़े पैमाने पर अंग क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और यह भी माना जा रहा है कि लौह की अधिकता से धमनियों में रक्तचाप बढ़ जाता है जिसके कारण अग्न्याशय, जिगर, गुर्दे, मस्तिष्क, हृदय, धमनियों और जोड़ों सम्बन्धी विकार उत्पन्न हो जाते हैं।

विकास उत्तेजक–आयरन अपने गुणों के कारण

बैक्टीरिया में एक उत्कृष्ट ऑक्सीजन ट्रांसपोर्टर के रूप में कार्य करता है, लौह आम बैक्टीरिया के विकास को प्रोत्साहित करता है जो हमारी जनसंख्या में पुराने संक्रमण रोगो का एक महत्वपूर्ण कारण है।

कोशिकीय विषाक्तता—कैंसर कोशिकाएं क्रेब्स चक्र और ग्लाइकोलाइसिस चक्र से जुड़े कई मध्यस्थ कदम बिना ही ऊर्जा के प्रत्यक्ष रूपांतरण पर आधारित एक ऊर्जा उत्पादन प्रणाली का उपयोग करती है। ग्लाइकोलाइसिस कोशिकाओं द्वारा ग्लूकोज को पाइरूवेट में तोड़ने की प्रक्रिया में ऊर्जा हस्तांतरण अणु एटीपी के निर्माण में पहला कदम है। कैंसर कोशिकाओं के उपापचय में मुख्य टिप्पणियों में एक यह है कि वे तेजी से विकास की अवधि के दौरान ग्लाइकोलाइसिस को एक उच्च दर से प्रदर्शित करती है इस घटना को वारबर्ग प्रभाव के रूप में जाना जाता है। कैंसर की कोशिकाओं में सामान्य कोशिकाओं की तुलना में ज्यादा ग्लूकोज लगभग 20 से अधिक बार की खपत होती है लेकिन इसके बजाय कार्बन डाइऑक्साइड में यह पूरी तरह से टूट कर लैक्टिक एसिड का स्राव करती है। कैंसर की कोशिकाओं से ग्लूकोज के प्रति अणु कम एटीपी का उत्पादन होता है लेकिन कैंसर की कोशिकाओं में लगभग एक सौ गुना तेजी से सामान्य कोशिकाओं की तुलना में एटीपी उत्पादन होता है जो अनिवार्य रूप से तेजी से एटीपी उत्पादन का अप्रत्यक्ष लाभ गणना है।



चित्र 5 : सामान्य तथा कैंसर कोशिकाओं मे ऊर्जा उत्पादन प्रणाली

स्रोत : DOI:10.1126/science-1160809

अतिरिक्त लौह को हटाने के तरीके—लौह एक आवश्यक मिनरल है, लेकिन शरीर में लौह की अधिकता से होने वाले जोखिम और शरीर में उसके ज्यादा स्राव को रोकने के लिए बचाव जरुरी है।

1. अतिरिक्त लोहे से बचने के लिए पोषाहार संतुलन
2. रक्तपात (रक्त को निकालना)
3. लौह चिलेटिंग दवाओं और अन्य पदार्थों का उपयोग (Iron chelating drugs and other substances)

लौह विषाक्तता को रोकने के लिए पोषाहार दृष्टिकोण

लौह विषाक्तता काफी हद तक आहार असंतुलन के कारण होता है।

1. सभी तरह के सफेद चावल, सफेद शर्करा और परिष्कृत आटे और अन्य खाद्य पदार्थ जिनमें अत्यधिक लौह उपस्थित हो उसे खाने में से हटा दें।
2. आहार में उपस्थित सभी रसायनों युक्त तैयार खाद्य पदार्थ जैसे कि एक्सिटोटॉक्सिन्स (excitotoxin) जैसे कि एमएसजी (MSG), एस्पार्टेम (aspartame) और अन्य रसायनों युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन को कम करके।
3. सभी मीठे फल, फलों के रस, मीठे खाद्य पदार्थ जिनमें शर्करा की मात्रा आधिक है, खाने में उपयोग ना करे।

रक्तपात

शिराछदन को भी रक्तपात कहा जाता है। यह शरीर से अतिरिक्त लौह हटाने के कारण अंग में होने वाली क्षति को रोकने के लिए किया जाता है। इस रोग में शरीर में उपस्थित लौह, अंगों से लौह लीचस रूप में निकाला जाता है। रक्तपात स्वास्थ्य संतुलन को बनाए रखने के लिए उचित दवा है, तथा इसका निवारण चिलेटिंग दवाओं एवं प्राकृतिक चिलेटिंग एजेंट के आधार पर किया जाता है ।

आइरन चिलेटिंग दवाओं और पदार्थो का उपयोग

लौह—चिलेशन थेरेपी लोहे अधिभार सिंड्रोम के इलाज में लाभदायक है। लौह चिलेशन लोहे अधिभार के लिए एक दवा चिकित्सा है, इस थेरेपी में शरीर से अतिरिक्त लोहा

निकालने के लिए लौह चिलेटर्स नामक दवाओं का उपयोग किया जाता है। इस समय डिफ्रॉक्समाइन (deferoxamine), पेनिसिलमाइन (penecillamine) और ईडीटीए (EDTA) को लौह चिलेटर्स के रूप में शरीर से अतिरिक्त लौह को निकालने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन यह सुरक्षित नहीं है। इस पद्धति का ज्यादा इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है क्योंकि इन दवाओं का ज्यादा उपयोग विषाक्त हो सकता है और यह उपचार अधिक महँगा भी होता है। इसके स्थान पर प्राकृतिक लौह चिलेटर्स एक बहुत ही दिलचस्प पूरक हैं। प्राकृतिक चिलेटिंग एजेंट का मुख्य लाभ चिलेटिंग दवाओं की तुलना में कम विषाक्तता हैं।

तालिका संख्या–1 कुछ लौह चिलेटर्स निम्न है–

तालिका 1 : कुछ लौह चिलेटर्स का विवरण

	डेफेरोक्सामीन (Deferoxamine)	डेफेरीप्रोन (Deferiprone)	डेफेरीसिरोक्स (Deferasirox)
व्यापारिक नाम (Brand Name)	डेसफेरल (Desferal)	फेरीप्रोक्स (Ferriprox)	एक्सजेड़े (Exjade)
अर्द्ध आयु	20 मिनट	2–3 घंटे	8–16 घंटे
मार्ग	एस क्यू, आइवी	पी.ओ (P.O.)	पी.ओ (P.O.)
खुराक (मिलीग्राम/किलोग्राम0/दिन	20–60	75–100	20–40
आवृत्ति (Frequency)	5–7 दिन/हफ्ते	3 बार प्रतिदिन	एक बार प्रतिदिन
लोहे के उत्सर्जन	मूत्र/मल	मूत्र	मल

चित्र 6 : चिलेट बनने की क्रिया

लौह तत्व और पौधे के बीच संबंध

लोहे को पौधों में एक सूक्ष्म पोषक तत्व माना जाता है क्योंकि इसकी केवल सूक्ष्म मात्रा ही सामान्य पौधों की वृद्धि करने के लिए आवश्यक होती है। यह श्वसन, प्रकाश संश्लेषण और स्वस्थ हरी पत्तियों के उत्पादन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लोहे की अधिकता से पौधों का विकास अवरुद्ध हो जाता है। पौधों में कई परिस्थितियों में बहुत ज्यादा लोहे की मात्रा संचित हो जाती है। लोहा प्रकाश संश्लेषण की क्रिया में मुख्य रूप से शामिल है। पौधे की जड़ों को सूक्ष्म पोषक तत्वों जैसे कि लोहे की उपलब्धता, उपलब्ध मिट्टी के पीएच स्तर पर निर्भर भी करती है। लोहा और मैंगनीज पौधों की वृद्धि और विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, अक्सर इन सूक्ष्म पोषक तत्वों में से किसी एक तत्व की कम मात्रा

दूसरे तत्व का पौधों की जड़ों द्वारा अवशोषण को बढ़ा देती है। इस प्रकार पौधे में तत्व की आधिकता से विषाक्तता उत्पन्न हो जाती है।

पौधों में लोहे के कार्य

लौहा पौधों में कई कार्यों के लिए आवश्यक है। जिनमें से कुछ निम्न है :

- → क्लोरोफिल के विकास और उसके कार्यों को करने में।
- → यह पौधों के भीतर ऊर्जा हस्तांतरण में एक मुख्य भूमिका निभाता है।
- → यह पौधों में कुछ एंजाइमों और प्रोटीन का एक घटक है।
- → यह पौधों के श्वसन और उपापचय क्रिया के लिए महत्वपूर्ण कार्य करता है।
- → यह पौधों के नाइट्रोजन स्थिरीकरण में भी शामिल है।

अत्यधिक आयरन विषाक्तता के स्रोत :

1. **मिट्टी का पीएच**– अम्लीय मिट्टी लौह की उपलब्धता को मिट्टी में बढ़ा देती है, जिससे पौधों में लोहे का अवशोषण बढ़ जाता है।

2. **कार्बनिक पदार्थ की कमी**–कार्बनिक पदार्थों की कमी के कारण कुछ दूसरे यौगिक जिनमें लौह की मात्रा उपस्थित होती है लौह की उपलब्धता को बढ़ा देते हैं।

3. **संतृप्त, जमाव या अन्य खराब पदार्थो युक्त मिट्टी**–संतृप्त, जमाव या अन्य खराब पदार्थो युक्त मिट्टी लौह की उपलब्धता को बढ़ाते हैं और विषाक्तता उत्पन्न करते है।

4. **मृदा में फास्फोरस की निम्न मात्रा**–घुलनशील फास्फोरस, या फास्फोरस उर्वरक की निम्न मात्रा, मिट्टी में होने से फसलों में लौह अधिग्रहण बढ़ जाता है।

5. **नाइट्रोजन रूपों की उपस्थिति**–मिट्टी में NO_3– की सांद्रता में कमी लौह के अवशोषण को बढ़ा देती है जिसके कारण पौधों में आयनों के बीच असंतुलन उत्पन्न हो जाता है।

6. **लौह और जिंक संतुलन**–जिंक की कमी कभी–कभी लौह विषाक्तता का कारण बनती है, जिसके कारण कई प्रकार की फसलों में लौह वृद्धि दर्ज की गई है।

7. **लौह और मैंगनीज संतुलन**– यह अच्छी तरह से ज्ञात है कि ये दोनों एक दूसरे के विरोधी तत्व हैं और किसी एक की कमी दूसरे तत्व की अधिकता को बढ़ा देती है जो विषाक्तता का कारण है।

8. **पोटैशियम और लोहा संतुलन**–पोटैशियम लौह के अवशोषण में बहुत विशिष्ट है, पोटैशियम उपलब्धता के कारण लौह का अधिग्रहण बढ़ जाता है, जो विषाक्तता का कारण है।

9. **लौह और मोलिब्डेनम संतुलन**–मिट्टी में उपलब्ध मोलिब्डेनम का निम्न स्तर जड़ों की सतह पर लौह की उपलब्धता को बढ़ा देता है, जिसके कारण मिट्टी का पीएच का कम हो जाता है, जो लौह की उपलब्धता को प्रभावित करता है। लौह की उच्च प्रतिशत मात्रा सामान्यतः अम्लीय भूमि में देखी जाती है।

10. **बाइकार्बोनेट आयनों की उपस्थिति**–लौह की अधिकता मिट्टी (अम्लीय स्थिति) में बाइकार्बोनेट आयनों की कमी से प्रेरित होती है।

पौधों में लौह विषाक्तता

लौह विषाक्तता आम तौर पर मिट्टी की एक विस्तृत श्रृंखला पर फसलों के विकास के दौरान स्थायी बाढ़ के साथ तराई वाले क्षेत्रों में मुख्यता चावल की फसल को प्रभावित करती है, विषाक्तता फसलों के विकास चक्र के दौरान हो सकती है। लौह विषाक्तता आम नहीं है, लेकिन कुछ पौधों की जड़ों से अम्ल का स्राव होता हैं, जिसके कारण मिट्टी का पीएच कम हो जाता है। इस प्रकार के पौधे अत्यधिक मात्रा में लौह तत्व को अवशोषित करते है, जिसके कारण

इनमें विषाक्तता उत्पन्न हो जाती है। लौह विषाक्तता का मुख्य लक्षण पत्तियों में दिखायी देता है, जिसके कारण पत्तियों पर गहरे भूरे, पीतल के रंग के समान चकत्ते पड़ जाते (चित्र –7) है। लौह तत्व की विषाक्तता से पौधों में मुक्त मूलक कण का उत्पादन बढ़ जाता है, जिसके कारण पौधों में तनाव उत्पन्न होता है। इस स्थिति में पौधों से एक विशेष प्रकार के एंजाइम्स का स्राव होता है, जो मुक्त मूलक कणों को उदासीन करते हैं। पौधों से पोलीफिनोल्स ओक्सीडेज एंजाइम (Polyphenol oxidase enzyme) का स्राव होता है, जिसके कारण ऑक्सीकृत पोलीफेनोल्स के उत्पादन की दर बढ़ जाती है, जो पत्तियों के रंग परिवर्तन और जड़ों की ऑक्सीकरण क्षमता को प्रभावित करने का मुख्य कारण है। जिसके कारण सम्पूर्ण पौधों का विकास बाधित हो जाता है और पौधा सूखने लगता है ।



चित्र 7 : पत्तियों में लौह विषाक्तता का बाह्य दृश्य

स्रोत : www.knowledgebook-irri-org

पौधों में लौह विषाक्तता की पहचान निम्नलिखित लक्षणों के आधार पर की जा सकती है –

1. पत्तियों की निचली सतह पर छोटे भूरे रंग के धब्बे, जो सिरे से शुरू होकर पत्तियों के सम्पूर्ण आधार या पूरी पत्तियों की ऊपरी सतह का भूरे और नारंगी–पीले रंग का होना।

2. पत्तियों पर छोटे भूरे रंग के धब्बों का मध्यशिरा के जोड़ पर दिखाई देना, पत्तियों का सूखना और पत्तियों का पौधों से टूटकर गिरना।

3. पत्तियां संकीर्ण छोड़ देती है, लेकिन अक्सर हरी रहती है।

4. कुछ किस्मों में, पत्तियां नारंगी–पीले रंग की हो जाती हैं और सूख जाती हैं।

5. लौह विषाक्तता गंभीर है इसकी वजह से कुछ किस्मों में, पत्तियां बैंगनी–भूरे रंग की दिखाई देती हैं।

6. पौधों में विकास अवरुद्ध हो जाता है।

7. क्षतिग्रस्त जड़ प्रणाली की उपस्थिति और जड़ों की सतह पर काले गहरे भूरे रंग के चकत्तों के साथ मोटे, विरल धब्बे और काले धब्बे युक्त मृत जड़ का होना। जिसके कारण पौधों की जड़ प्रणाली कमजोर हो जाती है।

लौह अधिभार की विषाक्तता और मुक्त कण उत्पादन

वैसे तो लौह पौधों के लिए एक आवश्यक पोषक तत्व है, लेकिन कोशिकाओं के भीतर इसका संचय हो जाये तो पौधों के लिए विषाक्त हो जाता है। इसलिए पौधे, विभिन्न जीन सेट की अभिव्यक्ति उत्प्रेरण की प्रवृति के द्वारा लोहे की कमी और लोहे की अधिकता दोनों ही परिस्थितियों में अपनी प्रतिक्रिया देते हैं। आयरन पौधों के लिए एक आवश्यक पोषक तत्व है। ये प्रकाश संश्लेषण और श्वसन प्रक्रिया के दौरान इलेक्ट्रॉन परिवहन श्रृंखला में, इलेक्ट्रॉनों का दान करके और इलेक्ट्रॉनों को स्वीकार करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। फेंटोन प्रतिक्रिया में

यह उत्प्रेरक की तरह कार्य करते हैं और हाइड्रॉक्सिल कण उत्पन्न करते हैं जिससे यह लिपिड, प्रोटीन और डीएनए को नुकसान पहुंचा सकते हैं। पौधे इसलिए लोहे की कमी और लोहे की अधिकता दोनों ही परिस्थितियों में लौह के तनाव पर प्रतिक्रिया अभिव्यक्त करते हैं। लोहे के तनाव के लिए पौधों की प्रतिक्रियाओं के बारे में हमारी समझ में वृद्धि हाल के अग्रिमों आनुवंशिकी, जैव रसायन और कोशिका जीव विज्ञान सहित पारंपरिक तरीकों के उपयोग से हुई है। इसके अलावा, मॉडल जीवों *अरेबिडोप्सिस थेलियाना (Arabidopsis thaliana)* और *सैकेरोमाईसीस सेरेवेसी (Saccharomyces cerevisiae)* के माध्यम से उन जीनों के बारे में पता लगाया और निरूपण किया गया, जो लोहे की तनाव प्रतिक्रियाओं के दौरान कार्य करते हैं। लोहे की विषाक्तता की पुष्टि करने के लिए, लौह विषाक्तता परीक्षण के लिए प्रयोगशाला में मिट्टी और पौधों के नमूने भेज सकते हैं।



चित्र 8 : फेंटोन प्रतिक्रिया और मुक्त कण उत्पादन

स्रोत : http://dx.doi.org/10.3389/fphar.2014-00200

लौह विषाक्तता नियंत्रण के लिए

- उर्वरकों के उपयोग में (नाइट्रोजन, फोस्फोरस, पॉटेशियम, या नाइट्रोजन, फोस्फोरस, पॉटेशियम, चूना) का संतुलन को बनाए रख कर।
- पर्याप्त उर्वरक का उपयोग करें, जहाँ तक सम्भव हो देशी उर्वरक का उपयोग करें।
- जहां Fe^{2+} और कार्बनिक पदार्थ की अत्यधिक मात्रा (खाद, पुआल) उपस्थित हो तथा जल निकासी का प्रबंधन नहीं हो या मिट्टी अम्लीय हो वहां पर चूने का प्रयोग न करे।
- अमोनियम सल्फेट (अधिक अम्लीय) के स्थान पर जहा तक संभव हो यूरिया, जो (कम अम्लीय) होता है, प्रयोग करे।

लोहे की विषाक्तता के इलाज के लिए कई व्यावहारिक क्षेत्र प्रबंधन विकल्प वर्तमान में उपस्थित है–

- अतिरिक्त पोटैशियम, फास्फोरस और मैग्नीशियम उर्वरक लागू करें।
- मिट्टी की ऊपरी सतह पर चूना का उपयोग करें जिसके कारण अम्लीय मिट्टी का पीएच बढ़ जायेगा ।
- Fe^{3+} के अपचयन को कम करने के लिए मिट्टी की ऊपरी सतह में 100–200 किलो मैंगनीज डाइऑक्साइड (MnO_2) को प्रति हेक्टेयर में छिड़काव के लिये उपयोग करें।
- संचित (II) Fe^{2+} को दूर करने के लिए बीच– बीच में जल निकासी का उचित प्रबंध किया जाये और (रोपण / बुवाई के 25–30 दिन बाद) किया जाए।

तालिका 2 : विभिन्न फसलों के लिये लोहे की आवश्यक मात्रा

फसल	पौधों के हिस्सों का विश्लेषण	विकास की अवस्था	पर्याप्त रेंज मिलीग्राम/किग्रा
जौं	सबसे ऊपर	शीर्ष	50–150
सेम	पूरी तरह से विकसित ट्राईफोलिएट	पुष्पन	100–450
मक्का	सिरा पत्ती	रेशम पर	50–200
कपास	परिपक्व पत्तियों	प्रारंभिक खिले कोपल (bloom)	30–300
मूंगफली	ऊपरी स्टेम और पत्तियां	पुष्पन	50–300
चावल	सम्पूर्ण शीर्ष	टेलरिंग	70–300
चारा	तीसरी पत्ती	सिरे के नीचे के कोपल	65–100
चुकन्दर	ब्लेड (Blade)	उपलब्ध नहीं	20–600
सोयाबीन	पूरी तरह से विकसित ट्राईफोलिएट	सेट फली से पहले	51–350
गेहूँ	सम्पूर्ण शीर्ष	शीर्ष	50–150

पादप विश्लेषण

इस तरह के विश्लेषण में पौधों के किसी भाग से या सम्पूर्ण पौधे से उसमें उपस्थित लौह तत्व की मात्रा का आँकलन किया जा सकता है, जो पौधे के विकास के निश्चित समय तथा उसके विकास की अवस्था पर निर्भर करता है।

मिट्टी में लोहे की स्थिति

भूगर्भीय नियम मिट्टी में उपस्थित लौह तत्व की स्थिति तथा उनके संगठन की मात्रा को बताते है। मिट्टी में लौह तत्व प्राथमिक रुप में फैरोमैगनिशियम के रुप में उपस्थित होता है। अपघटन के दौरन फैरोमैगनिशियम अपघटित होता है तथा लोहा मुक्त होता है, तथा फेरिक ऑक्साइड और फेरिक हाइड्रॉक्साइड अवस्था ग्रहण करता है।

पौधों में लौह संचय एवं क्रियाविधि

पौधों की कोशिकाओं में लौह का संचय एक विशेष प्रकार की प्रोटीन फेरिटीन (ferritin) में होता है, जिसके कारण कोशिका में लौह की मात्रा बढ़ती रहती है और लौह तनाव उत्पन्न होता है। फेरिटीन के 24 सबयूनिट एक साथ मिल कर एक खोखले धरातल का निर्माण करते हैं, जो 4500 लौह अणुओं को संचित कर सकते हैं जिसके कारण

फेरिटीन लोहे की समस्थापन प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । एक अध्ययन के दौरान ये पता चला है कि पौधों और जंतुओं में पाये जाने वाले फेरिटीन में अंतर होता है । यह अंतर उनकी संरचना, स्थानीकरण और विनियमन के कारण होता है। उदाहरण के लिए – जंतुओं में फेरिटीन कोशिका द्रव्य में पाया जाता है जबकि पौधों में लवकों (Plastids) में पाया जाता है। जंतुओं में फेरिटीन की लौह–नियंत्रण अभिव्यक्ति रूपांतरण स्तर पर लौह–प्रतिक्रिया तत्व (IREs) और लौह–विनियामक आरएनए बंधनकारी प्रोटीन (IRPs) के द्वारा नियंत्रित होती है। सोयाबीन और मक्के के पौधों पर किये गये प्रयोगों से पता चला है कि पौधों में फेरिटीन की लौह–नियंत्रण अभिव्यक्ति अनुलेखन (Transcription) और पश्चअनुलेखन (Post-transcription) की अवस्था में होती है। पौधों के फेरिटीन जीन में लौह–प्रतिक्रिया क्रम (IRS) का पता अभी तक नहीं चल पाया है।

अभी तक ज्ञात निष्कर्षों से यह पता लगा पाना मुश्किल है कि फेरिटीन जीन के ये लक्ष्ण सभी पौधों में पाये जाते हैं या नहीं। एराबिडोप्सिस में पूरे फेरिटीन जीन परिवार के संगठन और संरचना की जांच करने के लिए पूरे एराबिडोप्सिस जीनोम अनुक्रम का पता लगाया गया है। एराबिडोप्सिस में 4 जीन (AtFer1-AtFer4) होते है जो फेरिटीन को प्रदर्शित करते हैं इन में से हर एक जीन एराबिडोप्सिस के अभिव्यक्ति अनुक्रम लेबल [Express sequence tagged (ESTs), के डेटाबेस को प्रदर्शित करते हैं। सभी एटफर (AtFer) जीन में एक ही जैसी एक्सॉन (Exons) और इंट्रोन (Introns) संरचना होती है जो इस बात की ओर इशारा करती है कि एक ही प्रकार के पैतृक फेरिटीन जीन से बने हैं ।

इसके अलावा यह भी माना जाता है कि ये चारों प्रोटीन पारगमन पेप्टाइड्स (Peptides) के माध्यम से लवकों (Plastids) तक पहुँचते हैं, सबसे पहले पारगमन पेप्टाइड एमिनो टर्मिनल विस्तार पेप्टाइड (ATEP) को समाविष्ट करते हैं। यह पहले पौधों के फेरिटीन में खोजा गया उसके बाद इस का पता जन्तुओं के फेरिटीन में चला। जन्तुओं में दो तरह की सबयूनिट देखने को मिलती है, उन में से एक है जिसके पास फेरोंआक्सीकरण क्षेत्र होता H-typeजहाँ Fe(II) का आक्सीकरण होता है और दूसरी L-type जिसके पास ग्लूटामिक एसिड के अवशेष रहते हैं जो Fe(III) न्यूक्लिएशन के लिए कोर का सामना करते हैं।

नॉर्थन ब्लॉट (RNA Analysis) विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कि AtFer के चारों जीन्स अलग – अलग तरह से अभिव्यक्त होते हैं । उच्च लौह उपचार के जवाब में AtFer1 और AtFer3 जड़ों और पत्तियों में एकत्रित हो जाते हैं, अगर हाइड्रोजन परॉक्साइड (H_2O_2) से उपचार किया जाता है तो इन दोनों जीन्स का संचय अंकुरण के समय ज्यादा देखने को मिलता है और इसमें AtFer1 जीन की मात्रा ज्यादा होती है।

Fe(II) हाइड्रोजन परॉक्साइड के साथ क्रिया करके हाइड्रॉक्सिल कण का निर्माण करता है इसलिए फेरिटीन का उपयोग करके लौह को संचित किया जाता है, जो कोशिकाओं की ऑक्सीडेटिव तनाव से होने वाले नुकसान से पौधों की रक्षा करता है। इससे यह पता चलता है कि AtFer1 और AtFer3 लौह अधिभार से उत्पन्न ऑक्सीडेटिव तनाव से पौधों की कोशिकाओं के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। AtFer4 के एक अध्ययन में ये भी बात सामने आयी है कि लोहे की उच्च सांद्रता के साथ उपचार के जवाब में मैसेन्जर राइबोन्यूक्लीक अम्ल (mRNA) का स्तर भी पत्तियों में बढ़ जाता है लेकिन हाइड्रोजन परॉक्साइड के साथ उपचार करने पर यह नहीं बढ़ता है।

एक अध्ययन में लोहा अधिभार और एबसीसिक अम्ल (ABA) के बीच में भी संबंध स्थापित किया गया है। मक्के (Maize) में एबसीसिक अम्ल– हीन उत्परिवर्ती के कारण फेरिटीन का स्तर कम देखने को मिला, जो फेरिटीन संचय के लिए एक एबसीसिक अम्ल निर्भर मार्ग की उपस्थिति का संकेत है।

परिपक्व बीज फली और सूखे बीज को एबसीसिक अम्ल के साथ उपचार करने पर AtFer2 जीन का प्रभाव देखने को मिला। एबसीसिक अम्ल बीज निर्माण के समय एकत्रित होता है जो बीज–विशिष्ट प्रोटीन एन्कोडिंग जीन के लिए उत्तरदायी होता है। इन टिप्पणियों से ये ज्ञात होता है कि बीजों में लौह संचयन के लिए AtFer2 प्रमुख भूमिका निभाता है।

लौह अधिभार की विषाक्तता की रोकथाम एवं उपचार

पौधों में लौह अधिभार की विषाक्तता को रोकने में विभिन्न पदार्थो का उपयोग किया जाता है जो निम्नलिखित है–

लौह चीलेटर्स के योगदान

लौह अधिभार को रोकने के लिए पौधों में भी लौह चीलेटर्स भारी मात्रा में प्रयोग में लाये जा रहे हैं । जैसे कि –

इडीटीए (EDTA)–Ethylene diamine tetra acetic acid–$C_{10}H_{16}O_8N_2$)

डीटीपीए (DTPA) – Diethylene triamine penta acetic acid- $C_{14}H_{23}O_{10}N_3$)

ईडीडीएचए (EDDHA) – Ethylene diamine dio-hydroxyphenyl acetic acid - $C_{10}H_{18}O_7N_2$)

एचईईडीटीए (HEEDTA) – Hydroxy ethylene-diamine tri acetic acid - $C_{10}H_{18}O_7N_2$)

ईजीटीए(EGTA) – Ethyleneglycol-bis)2-aminoethylether) tetra acetic acid - $C_{14}H_{24}O_{10}N_2$)

सीडीटीए(CDTA)– Cyclohexanediaminetetraacetic Acid–$C_{14}H_{22}O_2N_8$

वैज्ञानिक लिन्डसे (1976,1979) ने अपने अध्ययन के निष्कर्षों के आधार पर बताया कि चीलेटर्स मिट्टी में Fe^{3+} तथा Fe^{2+} की सांद्रता मिट्टी में नहीं बढ़ाते बल्कि वे सिर्फ मिट्टी में चीलेटेर्स लौह तत्व की सांद्रता बढ़ा देते हैं। पौधों में लौह चीलेटिंग एजेंटों की लोहे को चीलेट करने की क्षमता को उनकी उच्च pH के बढ़ते क्रम में रखा गया हैं

इडीटीए < डीटीपीए < सीडीटीए < ईडीडीएचए

पौधों में लौह चीलेटिंग एजेंट जैसे कि लोहा इडीटीए (EDTA) के द्वारा pH 6.7 तथा डीटीपीए (DTPA) और सीडीटीए (CDTA) pH 7.7 पर लौह को प्रतिस्थापित करते हैं।

मिट्टी का pH

मिट्टी में लोहे की मात्रा का निर्धारण तथा उपलब्धता मिट्टी के pH पर भी निर्भर करती है, जिसे पौधों में लौह की प्रभावित मात्रा का मुख्य कारक माना गया है।

मिट्टी का pH मान, मिट्टी में लौह तत्व की घुलनशीलता को प्रभावित करता है, जब मिट्टी का pH बढ़ जाता है, तो लौह तत्वों की घुलनशीलता कम होने लगती है और Fe_2O_2 में परिवर्तित होने लगता है ।

लोहे की कम घुलनशीलता उच्च pH मान पर निम्न अभिक्रिया द्वारा बताया जा सकता है–

$$Fe^{3+} + 3OH^- \longleftrightarrow Fe(OH)_3$$

ऑक्सीकरण तथा अपचयन अभिक्रिया

ऑक्सीकरण तथा अपचयन अभिक्रिया भी लौह तत्व की मात्रा को मिट्टी में नियंत्रित करने के लिए एक प्रमुख अभिक्रिया है, जो पौधों में लौह की मात्रा और पौधों में लौह अंतग्रहण को प्रभावित करते हैं ।

ऑक्सीकरण तथा अपचयन अभिक्रिया के दौरान इलेक्ट्रॉनों का आदान प्रदान एक आयन अथवा अणु से दूसरे आयन अथवा अणु में होता है। ऑक्सीकरण की अभिक्रिया में पदार्थों के इलेक्ट्रॉन को त्याग करने की तथा अपचयन अभिक्रिया में दूसरे पदार्थों से इलेक्ट्रॉन को

ग्रहण करने की प्रवृति होती है। इस अभिक्रिया को रेडॉक्स अभिक्रिया भी कहते है, इसमें ऑक्सीकारक पदार्थ इलेक्ट्रॉन को ग्रहण करके अपचयित हो जाते हैं तथा अपचायक इलेक्ट्रॉन पदार्थ इलेक्ट्रॉन को त्याग करके ऑक्सीकृत हो जाते हैं।

लौह की पौधों में ऑक्सीकरण अपचयन अभिक्रिया निम्न प्रकार है–

$$Fe^{3+} + e^{-} \longleftrightarrow Fe^{2+}$$

पदार्थों के ऑक्सीकरण अपचयन अभिक्रिया में जब Fe^{3+} अपचयित होकर Fe^{2+} में बदलता है तो मिट्टी में Fe^{2+} की सांद्रता बढ़ने लगती है जिसके कारण पौधों में Fe^{2+} का अवशोषण बढ़ जाता है और पौधों में Fe^{2+} की संचित मात्रा बढ़ने लगती है जो लौह अधिभार और विषाक्तता का कारण बनती है।

कार्बनिक और अकार्बनिक पदार्थ

घुलनशील कार्बनिक और अकार्बनिक पदार्थों की मात्रा तथा मिट्टी में उपस्थित अकार्बनिक पदार्थों की मात्रा के बीच संतुलन भी पौधों में लौह अधिभार की विषाक्तता को प्रभावित करता है।

यह माना जाता है कि मिट्टी में कार्बनिक पदार्थों की उपलब्धता लोहे के अवशोषण को बढ़ा देती है। निरीक्षकों जैसे मिलर, कोनोनोवा आदि के निष्कर्षों के आधार पर यह पाया गया कि अनुकूल वातावरणीय परिस्थितियों में लोहे की मिट्टी में अधिकतम मात्रा कार्बनिक रूप में होती है तथा प्रकृतिक लौह चीलेटर्स क्षारीय मिट्टी में लोहे की उपलब्धता को बनाये रखते है। फुलविक अम्ल (fulvic acid) तथा अमीनों अम्ल (amino acid) मिट्टी में उपस्थित कार्बनिक पदार्थ है जो लोहे की उपलब्धता तथा लोहे के परिवहन में मुख्य भूमिका वहन करते हैं।

सूक्ष्मजीव

अलेक्जेंडर (Alexander 1962) ने निम्न पाँच कारण बताये हैं, जो पौधों में लोहे की उपलब्धता को प्रभावित करते हैं –

1. कार्बनिक पदार्थों के अपक्षयन के दौरान मुक्त अकार्बनिक लौह आयन की मात्रा
2. सूक्ष्मजीव द्वारा लोहे का स्थिरीकरण
3. लोहे का उसके कम उपलब्ध रूपों में ऑक्सीकरण
4. ऑक्सीजन की कमी के कारण लौह उपलब्ध रूपों का अपचयन
5. लोहे का अप्रत्यक्ष रूपान्तरण उदाहरण के लिए– ऑक्सीकरण विभव और pH में परिवर्तन

चावल में लौह अधिभार की विषाक्तता और उसके उपचार

चावल विश्व जनसंख्या की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण खाद्य फसल है। पैदावार की दृष्टि से इसकी उपजाऊ मात्रा विश्व में दूसरे नंबर पर गेहूँ के बाद है ।

लेकिन चावल अन्य अनाज वाली फसलों में सबसे अधिक ऊर्जा युक्त फसल है।

चावल की फसल के लिए Fe^{2+} की अधिक सान्द्रता, विषाक्तता के लिए जिम्मेदार है। जिसका मुख्य कारण मिट्टी में लोहे की उच्च सान्द्रता, मिट्टी की अम्लीयता (low pH) एवं मिट्टी में लोहे की उपजाऊ क्षमता में कमी है । इसके अलावा हानिकारक कार्बनिक अम्ल तथा हाइड्रोजन सल्फाइड का उच्च स्तर है ।

पौधों का रंग कांस्य युक्त हो जाता है, अगर घुलनशील लोहे की मात्रा माध्यम में 300 से 500 mg/kg के बीच होती है।

$$E_h = E^0 + 59 \log [Fe^{3+}]/[Fe^{2+}]$$

E_h=Redox potential

यह अभिक्रया बताती हैं कि रेडॉक्स विभव में कमी Fe^{2+} की सान्द्रता को दस गुना बढ़ा देती है, अगर Fe^{3+} की मात्रा को स्थिर रखा जाये।

लौह विषाक्तता के अन्य कारण और बचाव के उपाय

- पौधों की सहिष्णु किस्मों को कृषि में उपयोग में लाया जाये।

- उपलब्ध अच्छी फसल किस्मों की नवीनीकरण सूची को प्राप्त करने के लिए अपने निकट स्थानीय कृषि कार्यालय से संपर्क करें।
- समशीतोष्ण जलवायु वाली भूमि पर सीधी बुवाई का अभ्यास किया जाता है और उसके बीज कोट में कुछ मात्रा में ऑक्सीकरण एजेंट है (जैसे, कैल्सियम पेरोक्साइड बीज वजन के 50–100% पर) मिला कर है।
- रोपण में तब तक विलंब करे जब तक कि Fe^{2+} की उच्च सान्द्रता कम न हो जाये मतलब कम से कम बाढ़ के 10–20 दिन बाद ही रोपण का काम शुरू करे।
- रुक–रुक कर सिंचाई का प्रयोग करें और खराब सूखी मिट्टी को निरंतर बाढ़ से बचायें और बड़े ध्यान से मिट्टी की पहचान करें तथा जिसमें Fe^{2+} और कार्बनिक युक्त पदार्थ की मात्रा अधिक होती है।
- चावल की फसल के बाद Fe^{2+} के ऑक्सीकरण को बढ़ाने के लिए निश्चित अवधि के दौरान सूखी जुताई करा ले, जिसके लिए हल या मशीनरी (ट्रैक्टर) की आवश्यकता होगी।

सावधानियाँ

मिट्टी में लोह चीलेटर्स की अधिकता भी लौह विषाक्तता का कारण हो सकती है अतः लौह चीलेटर्स का उपयोग सावधानीपूर्वक करे, लौह चीलेटर्स पोषक तत्वों के अनुग्रहण तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों (micronutrient) की घुलनशीलता को बढ़ा देते है जिसके कारण पौधों में लौह तत्व का अवशोषण आधिक होने लगता है।

लौह विषाक्तता की स्थिति में पौधों को लगाने से पहले मिट्टी की पीएच भलीभाँति जाँच ले और अगर पीएच 5.8 या इससे कम है तो पीएच को बढ़ा दें और माध्यम को अम्लीय न होने दें, इसे संतुलित करे तथा पर्याप्त मात्रा में उस उर्वरक का छिड़काव करें, जिसमें लोहा और मैगनीज तत्व संतुलित मात्र में उपस्थित हो।

लौह–चीलेशन थेरेपी लौह अधिभार विकारों के लिए मनुष्यों व पौधों में एक प्रभावी उपचार है। लौह चीलेटर्स मनुष्यों में न्यूरोडीजेनरेटिव बीमारी, हृदय रोग, ऑक्सीडेटिव तनाव जैसे घातक रोग से संबंधित स्थितियों के लिए उपचार में अतिरिक्त उपयोगिता है। पौधों में भी लौह चीलेटर्स पत्तियों से सम्बंधित रोगों में बहुत उपयोगी रहा है। कई चीलेटर्स को संयुक्त जाँच करने के लिए जारी किया गया है क्योंकि ये संयुक्त रुप में अकेले कार्य करने की क्षमता से कई गुना कार्य करते है। इस प्रकार लौह चैलेटर्स के उपयोग से लौह अधिभार संबंधित रोगों का निदान मनुष्यों व पौधों में आसान हो गया है।

संतुलित आहार का सेवन करें।

नियमित रूप से चिकित्सीय परिक्षण करायें।

पर्यावरण प्रदूषण एवं श्रमिक स्वास्थ्य

दया कृष्ण सक्सेना*

सेक्टर–13, इन्दिरा नगर, लखनऊ
उत्तर प्रदेश, भारत

किसी भी देश का भविष्य तभी उज्ज्वल है जब वहाँ आर्थिक, सामाजिक एवं औद्योगिक विकास चरम सीमा में हो। भारत वर्ष भी इससे अछूता नहीं है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् जहाँ कृषि–उत्पादन, प्रौद्योगिकी, शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन के फलस्वरूप स्वावलंबी एवं आधुनिक सोच ने जन्म लिया, वहीं अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा के कारण औद्योगीकरण की ओर देश बहुत तेजी से बढ़ा।

अनेक कुटीर उद्योगों की कार्य–प्रणाली में तकनीकी विकास एवं मशीनीकरण छा गया, वहीं प्रतिस्पर्धा एवं बाजार में उत्पादों की खपत की पूर्ति हेतु नई सोच का जन्म हुआ। कम पूँजी एवं ज्यादा मुनाफा की सोच के कारण अनेक असंगठित उद्योगों का पूरे देश में जाल सा बिछ गया है।

''नेशनल कमेटी फार इन्टरप्राइसेज इन द अनआग्रेनाइज्ड सेक्टर'' के कथनानुसार ''किसी व्यक्ति या घरों में संचालित किसी सामान के निर्माण या कार्य स्थल पर दस से कम कार्मिक की उपस्थिति'' को असंगठित इकाई माना जाता है। हमारे देश में इन इकाइयों में कार्यरत 86 प्रतिशत कार्मिकों, मजदूरों, कारीगरों का देश के कुल घरेलू उत्पादों में 50.6 प्रतिशत हिस्सेदारी देखी गई है। वर्ष 2007–2008 के आर्थिक सर्वेक्षणों में इन असंगठित उद्योगों में 93 प्रतिशत कार्मिक कार्यरत पाये गये।

इन ऑकड़ों से यह तथ्य सामने आता है कि ये असंगठित लघु इकाइयॉ, कारखाने, जहाँ व्यापक रूप से विद्यमान हैं, उत्पादन में भी अमूल्य सहयोग करते हैं, परंतु यहँ के श्रमिक, मजदूर कर्मी ऐसे वातावरण में घंटों काम करते हैं जो प्रदूषित होता है, जहाँ से निकलने वाले रसायनों से इनके स्वास्थ्य पर भी कुप्रभाव पड़ता है। परन्तु ये पहलू लगभग अछूता ही रहता है और इसको रोकने या निगरानी करने का सटीक तंत्र भी नहीं है।

इस तरह के उद्योगों की संख्या में वृद्धि के कई कारण हैं, जैसे : बिना पढ़े–लिखे या कम पढ़े–लिखे युवाओं की उपलब्धता, ग्रामीण क्षेत्रों से आये युवाओं में कानून की जानकारी न होना, ठेकेदारों द्वारा ऐसे श्रमिकों की सहज कम वेतन पर या दैनिक वेतन पर उपलब्धता, धनाभाव, पारिवारिक दायित्व , निर्धनता आदि। ये श्रमिक ज्यादातर अस्थाई होते हैं, एक स्थान या शहर से दूसरी जगह इनका जाना– आना आम होता है। अतः ये कुछ वेतन–वृद्धि के लालच में आते–जाते रहते हैं। इन उद्योगों के मालिकों को ये भी पता रहता है कि उनकी संस्था या तो अधिकारियों की निगाहों से, कानूनी कार्रवाही से बची रहती हैं या पंजीकरण भी कभी–कभी नहीं होता और यदि होता भी है तो नवीनीकरण कराये बगैर भी ये चलते रहते हैं। ऐसे उद्योगों के मालिक पुरानी तकनीकी का आधुनिकीकरण भी नहीं कराना चाहते, दुर्घटना होने पर या बीमार पड़ने पर अपने कर्मियों को क्षतिपूर्ति भी नियमानुसार नहीं करते।

ऐसा पाया गया है कि वर्ष 2000 के बाद तो ऐसे कर्मियों की संख्या, विशेषतः स्त्रियों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है, परंतु जहाँ स्थापित कारखानों में अत्याधुनिक तकनीकी के प्रयोग, पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता, पंजीकरण एवं नियमों के अनुपालन के कारण वहाँ के कार्यरत कर्मियों के स्वास्थ्य के प्रति खतरा लगभग नगण्य रहता है, वहीं इन असंगठित क्षेत्रों में इन सबकी अवहेलना होती है, जिसके कारण वर्ष 2008 में भारतवर्ष में ''अनआर्गेनाइज्ड सोशल सिक्यूरिटी एक्ट'' बना जो इस दिशा में एक प्रभावकारी प्रयास है।

***भूतपूर्व मुख्य वैज्ञानिक, सी.एस.आई.आर.–आई.आई.टी.आर.**

कार्मिकों के स्वास्थ्य पर कुप्रभाव

इस श्रेणी के अर्न्तगत आने वाले अनेक उद्योग जैसे, अगरबत्ती उद्योग, कालीन उद्योग, जवाहरातों एवं बर्तनों की पॉलिश, धातुओं से बने बर्तनों एवं मूर्ति बनाने वाले, आभूषण साफ करने या गलाने के उद्योग, चूड़ी उद्योग, वेल्डिंग, पेंट, रंग एवं वार्निस उद्योग, लकड़ी एवं फर्नीचर उद्योग, माचिस, चमड़ा उद्योग आदि ऐसे अनेक क्षेत्र हैं, जहॉ अनेक अकार्बनिक रसायनों, कार्बनिक घोलकों, अम्ल, क्षारीय द्रव, घातु एवं गैसों, धूल, कणों आदि का व्यापक निष्कासन वायुमंडल में होता रहता है। यही रसायन चाहे वह ठोस कणों के रूप में हों, गैस, धुऑ या रेशों के आकार में हों, तेलीय, द्रव के रूप में हों, शरीर में प्रवेश करने लगते हैं या त्वचा, नासिक छिद्र, ऑखों के संपर्क में आकर अपना कुप्रभाव दिखाते हैं।

त्वचा द्वारा प्रवेश

मनुष्य की त्वचा वैसे तो बाह्य पदार्थों के लिए अवरोधक का काम करती है, परन्तु कार्य स्थल पर काम करते समय अनेक कार्बनिक तरल, त्वचा के प्राकृतिक तेल को हटा देते हैं। जिससे त्वचा में जलन, खुजली होने लगती है, खुजलाने पर संक्रमण का खतरा बना रहता है। इसके अतिरिक्त सूखापन, लाल चकत्ते, दाने तथा अन्य डर्मेटाइटिस रोग हो जाते हैं। कटी त्वचा से ये शरीर में प्रवेश कर, रक्त के माध्यम से अंतरांगों को भी प्रभावित कर सकते हैं। ये रसायन विशेष तौर से नंगे हाथों से रसायन मिश्रण को स्पर्श करते समय या हाथों से लेप करते समय या रसायनों के धुएं के सीधे संपर्क तथा उनके वाष्पन के समय त्वचा के संपर्क में आते रहते हैं।

सीमेंट के संपर्क में भारी धातुएं, थर्मोस्टेट से मरकरी, रंगों, वार्निश, पेन्ट्स से लेड, क्रोमियम जैसी भारी धातुएं, औद्योगिक कचरे के संपर्क में आने पर पालीक्लोरीनेटेड, बाइफिनाइल्स, गैसोलीन पदार्थों से वाष्पीय कार्बनिक यौगिक, आटोपार्ट्स की सफाई, सर्विसिंग तथा पॉलिश करने या रगड़कर छुड़ाते समय मिथाइल क्लोराइड जैसे रसायनों के त्वचा के संपर्क में आने की काफी संभावना रहती है। पाइप को जोड़ने हेतु प्रयुक्त पदार्थों में उपस्थित वीनाइल क्लोराइड भी ऐसा ही एक यौगिक होता है, जो त्वचा के संपर्क में आते ही अपना कुप्रभाव दिखाता है।

श्वसन प्रक्रिया से प्रवेश

जहरीली गैसें :– कार्यस्थल पर अनेक प्रक्रियाओं के बीच पदार्थों से गैसों का जनन होता है। इनमें कुछ तो ऑखों से दिखाई भी नहीं देतीं, तो कुछ में कोई गंध नहीं होती, परन्तु ऑखों, नासिका छिद्र के संपर्क में आते ही इनकी उपस्थिति पता लग पाती है। वेल्डिग के समय उच्चं तापमान पर नाइट्रोजन के ऑक्साइड्स, कार्बन मोनोआक्साइड, ओजोन जैसी गैसें निकलती हैं। वेल्डिग करते समय पदार्थों पर लगे लेप, पॉलिश तथा ड्रम आदि में अन्दर से वेल्डिग करते समय पहले से मौजूद तेलीय पदार्थ भी उच्चतम ताप पर गैस के रूप में वायुमण्डल के कार्य स्थल पर उत्पन्न हो जाते हैं।

कई बार तो वेल्डिग या घिसाई के समय धातुओं के छोटे–छोटे कण नमी के संपर्क में आते ही धुएं की तरह दिखने लगते हैं। पुराने सामान को तोड़ते समय, पुराने पेन्ट्स, वार्निश को रेगमाल से खुरचते समय, ड्राई क्लीनिंग में रसायनों के प्रयोग के समय अनेक भारी धातुएं जैसे, कैडमियम, सीसा, क्रोमियम, मरकरी तथा बेंजीन, क्लोरीन आदि भी निकलकर श्वसन प्रक्रिया द्वारा कार्मिकों के शरीर में प्रवेश कर जाते हैं या नासिका छिद्र एवं ऑखों को प्रभावित करते हैं। कीटनाशकों के घोल, स्प्रे पेन्टिंग के समय भी ये रसायन वायुमंडल में आकर स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं।

तम्बाकू के उत्पादों को बनाते समय, रूई धुनते समय, आरा मशीनों में लकड़ी काटते समय, सीमेन्ट की ढुलाई एवं उपयोग के समय सूखी धातुओं, पत्थरों की कटाई के समय भी ऐसे कण उत्पन्न होकर आस–पास काम करने वालों में श्वास के द्वारा प्रवेश करते रहते हैं।

यही कण यदि लंबाई में ज्यादा हों तो रेशों के रूप में प्रवेश कर फेफड़ों के अन्दर ठहर जाते हैं, वहीं बड़े

कण नासिका छिद्र से प्रवेश कर गले में रूक जाते हैं और खॉसी, बलगम या थूक के साथ या तो बाहर फेंक दिये जाते हैं या आहार नली में प्रवेश कर जाते हैं।

इन विषैले पदार्थों के नासिका छिद्र के सम्पर्क में आने पर नथुनों में खुजली, जलन, आँखों से पानी आना, आँखे सूखना, गले में खुजली व सरसराहट, कफ, खाँसी, श्वास का भारीपन होना, सरदर्द जैसी परेशानियॉ कुछ ही समय बाद होने लगती हैं। आगे चलकर यही रसायन फेफड़ों, यकृत तथा गुर्दे के लिये रोगजनक हो जाते हैं।

आहार नाल में प्रवेश

यूँ तो सामान्यतः ये विषैले रसायन सीधे ग्रसिका नली में प्रवेश नहीं कर पाते, परन्तु बलगम से, काम के समय वार्तालाप से, हाथों को सलीके से न धोकर कोई चीज खाने से, कार्य स्थल पर खुले भोज्य पदार्थ, बर्तन एवं पेयजल द्वारा आहार नली में प्रवेश कर जाते हैं। अंततः ये विषाक्त पदार्थ या इनके उपपचय, रक्त द्वारा आहार नली से अवशोषण के पश्चात् यकृत, गुर्दे तथा जननांगों में पहुँचकर, तंत्रिकातंत्र में प्रवेश कर स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं और आगे चलकर श्रमिक रोगग्रस्त हो जाते हैं।

उत्पन्न रोग

ये रसायन न केवल त्वचा, आँखों, नथुनों एवं गले को ही नुकसान पहुँचाते हैं, अपितु ज्यादा देर तक ऐसे वातावरण में काम करते रहने पर फेफड़ों में पानी भर जाना, एकाग्रता की कमी, लीवर सीरोसिस, न्यू मोकोनियोसिस (एस्बेस्टोसिस, सिलिकोसिस), गुर्दे संबंधी रोग, प्रजननांगों में शुक्राणुओं की कमी, प्रजनन क्षमता में कमी, स्त्रियों में माहवारी संबंधी गड़बड़ियॉ, तंत्रिका रोग, पेट में पलते बच्चों पर कुप्रभाव, कैंसर जैसे रोग पैदा करते हैं।

विषाक्त प्रभावों पर कारकों (फैक्टर्स) का प्रभाव

रसायन कोई, कितना विषैला होगा, यह अनेक कारकों पर निर्भर करता है। उसके निष्कासन की अवधि, द्रव्य का प्रकार, कणों की मात्रा एवं आकार, कार्य–प्रणाली से निष्कासन, सूखा व घुलनशील अवस्था आदि अनेक कारक किसी रसायन की विषाक्तता की सीमा तय करते हैं। साथ ही उस कार्य स्थल का तापमान एवं वायु का आवागमन भी रसायन की सघनता एवं क्रियाशीलता को प्रभावित करता है।

इसके अतिरिक्त कार्मिक की आयु, लिंग, प्रतिरक्षातंत्र, स्वास्थ्य स्थिति भी इन रसायनों का प्रभाव निश्चित करती है। जैसे, बच्चों में, स्त्रियों में इनका प्रभाव ज्यादा होता है। रक्त में लौह तत्व की कमी, प्रोटीन की कमी, कैल्शियम की कमी, पहले से कोई रोग हो, प्रतिरक्षातंत्र की कमजोरी, स्त्रियॉ गर्भावस्था में हैं या नहीं, इन सब कारणों से भी रसायन विषाक्तता प्रभावित होती है। वायु में तैरते ठोस कण ज्यादा छोटे हों तो वो फेफड़ों तक पहुँच सकते हैं और यदि बड़े हैं तो फुफ्फुसतंत्र में पहुँचने से पहले ही निष्कासित हो सकते हैं।

तुरन्त प्रभावन की अवस्था में कुप्रभावों की सीमा ज्यादा क्लिष्ट हो सकती है और यदि यही रसायन धीरे–धीरे ज्यादा समय (महीनों या वर्षों) तक किसी कार्मिक को प्रभावित करता रहे तो इनके दुष्परिणाम काफी वर्षों बाद प्रकट होते हैं। कैंसर रोग भी इसी श्रेणी में आते हैं।

इसी तरह यदि कोई कार्मिक कुछ घंटों काम करने के बाद अन्यत्र हट जाता है, उसमें इन रसायनों का कुप्रभाव कम होता है, क्योंकि वे रसायन अथवा उनके अवयव शरीर से निष्कासित हो जाते हैं, इकट्ठे नहीं हो पाते, परंतु एक ही स्थान पर लगातार घंटों काम करने पर इनका प्रभाव ज्यादा होता है। कभी–कभी कार्य स्थल पर एक से अधिक रसायनों का एक साथ शरीर में प्रवेश ज्यादा घातक हो सकता है।

साथ ही इन विषैले पदार्थों की विषाक्तता या प्रभावन, कार्मिक के शरीर की संवेदनशीलता पर भी निर्भर करती है, कुछ में यह संपर्क में आते ही क्रियाशील हो जाते हैं, अन्य में नहीं।

इन रसायनों की चपापचय (मेटाबोल्जिम) भी इनकी विषाक्तता को निश्चित करने में उत्तरदायी होती है। उदाहरणतः अमोनिया, फार्मेल्डीहाइड शरीर से जल्दी निष्कासित हो जाते हैं, परंतु सीसा जैसी भारी धातु अस्थियों में जमा होती रहती है। पालीक्लोरीनेटेड बाइफीनाइल्स और कई कीटनाशक शरीर की वसा में जमा होते रहते हैं। रेशे फेफड़ों में पहुँचकर जीवन भर पड़े रह जाते हैं।

बचाव एवं सावधानियॉं

यूँ तो इन विषैले रसायनों से कार्यस्थल पर बचाव हेतु अनेक नियम एवं सुझाव अतंरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध है, परंतु इनका अक्षरशः पालन विशेष तौर से असंगठित क्षेत्रों में उतना प्रभावशाली नहीं है, परंतु निम्न सावधानियाँ लेकर इनके प्रभावन को काफी हद तक कम या निष्क्रिय किया जा सकता है।

1. सर्वप्रथम ऐसे जोखिम वाले स्थानों पर काम कराते समय मालिकों को इनके दुष्प्रभावों के बारे में स्वयं भी मालूम होना चाहिए तथा अपने कर्मियों को भी इसे पूर्व में बता देना चाहिए, जिससे वह लोग समय रहते इससे सचेत रहें।
2. जहॉं तक संभव हो सके जोखिम वाली प्रक्रियाओं या तकनीकियों के मानव आधारित होने के बजाए मशीनों द्वारा संचालित करने की प्राथमिकता देनी चाहिए, जिससे श्रमिकों का कम से कम सामना हो पाये।
3. प्रायोगिक पदार्थों के निस्तारण की भी वैज्ञानिकी व्यवस्था होनी चाहिये, जिससे श्रमिक कम से कम प्रभावित हों।
4. यदि बन्द कमरों में या अन्दर की ओर कारखाने में काम हो रहा हो तो वहॉं वायु का प्रवाह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।
5. कार्मिकों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण जैसे, दस्ताने, चश्मे, एप्रन्स, जूते, चेहरे को ढकने वाली शीट्स आदि देनी चाहिए और उनका प्रयोग काम करते समय सुनिश्चित करना चाहिए, जिससे इन प्रदूषित रसायनों एवं गैसों का कम से कम सामना हो।
6. काम के पश्चात् भोजन आदि ग्रहण करने का स्थान अलग होना चाहिये, जिससे ठीक से हाथ धोकर, सफाई से भोज्य पदार्थ ग्रहण कर सकें।
7. यदि आवश्यक हो तो विशेष तौर से बनाये गये लोशन का प्रयोग भी किया जा सकता है, जिससे त्वचा से इन रसायनों का संपर्क न हो सके।

परन्तु सबसे बड़ी सुरक्षा है कार्मिकों के दिमाग में इस सिद्धांत को डालना कि ''जोखिम से अपनी सुरक्षा, अपने हाथ''। क्योंकि इसका पालन उन्हें यह गारंटी देगा कि जब उनका स्वास्थ्य सही रहेगा, पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वाह अच्छा होगा, नौकरी करते रहेंगे, धनाभाव नहीं होगा। इस सिद्धांत का अनुपालन न करने पर सबका अनर्थ सुनिश्चित है।

नियम एवं कानून

'इन्टरनेशनल लेबर आर्गेनाइजेशन' इन उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों के हित में, उनके स्वास्थ्य की रक्षा एवं जोखिम के बचाव हेतु अतंरराष्ट्रीय स्तर पर समय–समय पर नियम एवं कानून बनाती रहती है। इसके अतिरिक्त ''आक्यूपेशनल हेल्थ एण्ड सेफ्टी मैनेजमेंट'' के अधीन वर्ष 1992 की कार्य स्थल पर ''हेल्थ, सेफ्टी एण्ड वेलफेयर रेग्यूलेशन्स''' की नियमावली भी उपलब्ध है, जिनमें इनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निदान एवं सुरक्षा हेतु कानून भी बनाये गये हैं। भारतवर्ष में बारहवीं पंचवर्षीय (2012–17) योजना के अर्न्तगत, मिनिस्ट्री ऑफ लेबर एण्ड इम्पलाईमेंट'' भारत सरकार द्वारा आक्यूपेशनल सेफ्टी एण्ड हेल्थ'' के दिशा–निर्देश भी जारी किये गये हैं। अहमदाबाद स्थित ''नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आक्यूपेशनल हेल्थ'' भी इस दिशा में कार्यरत हैं।

परन्तु आवश्यकता है इस दिशा में जागरूकता पैदा करना तथा कानून का कार्यान्वयन सुरक्षित करना। तभी इन श्रमिकों का कल्याण होगा, राष्ट्र वृद्धि करेगा।

शहरी वायु प्रदूषण और लखनऊ में इसका स्तर

श्यामल चन्द्र बर्मन एवं अल्ताफ हुसैन ख़ान

पर्यावरण अनुवीक्षण प्रयोगशाला, पर्यावरण विषविज्ञान समूह
सी.एस.आई.आर.–भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान
विषविज्ञान भवन, 31, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ–226001, उत्तर प्रदेश, भारत

शहरी क्षेत्रों के निवासियों के स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों के कारण वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन गया है। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि वायु प्रदूषण तथा मानव स्वास्थ्य में एक घनिष्ठ संबंध है। वायु प्रदूषण का अधिक स्तर, श्वॉस तथा हृदय संबंधी रोगों को बढ़ाता है तथा रोगियों की औषधालयों में संख्या तथा मृत्यु दर में वृद्धि के लिए भी उत्तरदायी है। वायु प्रदूषण का दुष्प्रभाव, वायु प्रदूषण का स्तर, उसके ऊँचे स्तर पर बने रहने का समय तथा चपेट में आए व्यक्ति के स्वास्थ्य की स्थिति पर निर्भर करता है। इसके अतिरिक्त वातावरण परिवर्तन तथा पारिस्थितिकीय परिवर्तनों के लिए भी वायु प्रदूषण उत्तरदायी है।

परिवेशीय वायु में अनेक प्रकार के प्रदूषक पाए जाते हैं। देश के वन तथा पर्यावरण मंत्रालय ने वायु गुणवत्ता आंकलन हेतु बारह वायु प्रदूषकों को चिह्नित किया है। इनमें सल्फर डाई ऑक्साइड (SO_2), नाइट्रोजन के ऑक्साइड (NO_x), कार्बन मोनो ऑक्साइड (CO), अमोनिया (NH_3), बेन्जीन (C_6H_6) बेन्जो–ए–पाइरीन ($C_{20}H_{12}$), निकिल (Ni), आर्सेनिक (As), सीसा (Pb), रेसपायरेबल पर्टिकुलेट मैटर/ श्वसन योग्य विलम्बित कण (PM_{10}) तथा फाईन कणिका तत्व ($PM_{2.5}$) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अन्य **ट्रेस मेटल** (धातुएं) तथा पाली एरोमेटिक हाइड्रोकार्बन (पी.ए.एच.) सामन्यतः कणिका तत्व के साथ पाए जाते हैं। इन प्रदूषकों का प्रकार तथा स्तर उस क्षेत्र में वायु प्रदूषण के स्रोतों तथा मौसम (माइक्रो मीटियोरोलॉजी) की परिस्थितियों पर निर्भर करता है।

जीवाश्मक ईंधन जैसे कोयला, पेट्रोल, डीजल, प्राकृतिक गैस तथा अन्य पेट्रोलियम उत्पाद एवं जैविक पदार्थ (घास, पत्ती, कचरा इत्यादि) का दहन वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारण है। इसके अतिरिक्त कुछ प्राकृतिक घटनाएं जैसे ज्वालामुखी, वनों की आग तथा चक्रवात इत्यादि भी वायु प्रदूषण में अपना योगदान देते हैं।

श्वसन योग्य विलम्बित कण (रेसपायरेबल पर्टिकुलेट मैटर) आकार के आधार पर दो भागों में बांटे गए हैं। (पी.एम.) –10 (<10 माईक्रोमीटर) तथा पी.एम.–2.5 (<2.5 माइक्रोमीटर)। शहरी पर्यावरण का यह प्रमुख प्रदूषक वायु में लम्बे समय तक बना रहता है तथा श्वसन के समय मनुष्य के श्वसन तंत्र में गहराई तक प्रवेश कर जाता है। इनमें सबसे छोटे आकार के कण फेफड़ों में बहुत गहराई तक चले जाते हैं, इनमें से कुछ फेफड़ों की कोशिकाओं तथा रक्त वाहिनियों में भी प्रवेश कर जाते हैं। इन कणों का स्वास्थ्य पर प्रभाव इनके भार के रूप में सान्द्रण, इनकी संख्या तथा इनके साथ जुड़े हुए रासायनिक अवयवों पर निर्भर करता है। यह कण इनके साथ जुड़े हुए कार्बनिक पदार्थों जैसे पी.ए.एच. तथा अकार्बनिक तत्वों जैसे धातु इत्यादि वायु प्रदूषकों के वाहक हैं, जिनकी उपस्थिति वातावरण में स्थित स्रोतों पर निर्भर करती है।

आमतौर पर शहरी क्षेत्रों में हमारी जीवनचर्या तथा कार्यकलापों से वायु प्रदूषण उत्पन्न होता है। इनमें वाहन से निकलने वाला धुंआ जो कि पेट्रोल, डीजल, प्राकृतिक गैस, एल.पी.जी. इत्यादि के इंजन में दहन से वायु में कणिका तत्व तथा गैसीय प्रदूषकों का उत्सर्जन शामिल है। प्रमुख बारह प्रदूषकों के अतिरिक्त यह वाहन ट्रेस मेंटल (धातुएं) तथा पी.ए.एच. (समूह) के प्रदूषक भी हवा में छोड़ते हैं। इन ईंधनों के प्रकार तथा उनकी ऊष्मीय मान (कैलोरिफिक वेल्यू) और कारबुरेटर की कार्य क्षमता के अनुसार वाहनों से प्रदूषकों का उत्सर्जन होता है। उदाहरण के लिए डीजल से चलने वाले वाहन अधिक मात्रा में कणिका तत्व हवा में छोड़ते हैं, वही प्राकृतिक गैस (सी.एन.जी.) चलित वाहन कम पार्टीकुलेट परन्तु अधिक मात्रा में नाइट्रोजन के ऑक्साइड हवा में छोड़ते हैं। तुलनात्मक रूप से सी.एन.जी. हरित ईंधन (उत्तम ईंधन) माना जाता है, परन्तु विभिन्न प्रकार के वाहनों की बढ़ती हुई संख्या के कारण सी.एन.जी. वाहनों से होने वाला लाभ दिखाई नहीं देता है। परिवेशीय वायु में पाए जाने वाले प्रमुख बारह प्रदूषकों के स्रोतों तथा स्वास्थ्य पर प्रभाव तालिका संख्या–1 में संकलित किए गए हैं।

तालिका 1 : वायु प्रदूषण के स्रोत तथा प्रभाव

क्र.सं.	प्रदूषण	विवरण (स्रोत और प्रभाव)
1.	रेसपायरेबल कण तत्व (PM_{10})	जिनका आकार 10 माइक्रॉन से कम है। **स्रोतः** निर्माण कार्य, सड़क व टायर के घर्षण से, ईंधन के दहन से तथा वातावरण में पाए जाने वाले रसायनों की आपसी रासायनिक अभिक्रिया से। **प्रभावः** त्वचा, ऑख, गला और श्वसन तंत्र के ऊपरी भाग में जलन व असहजता। अति सूक्ष्म् कण फेफड़ों के आन्तरिक भाग तक पहुँचकर गंभीर रोग पैदा कर सकते हैं तथा रक्त के प्रवाह में मिलकर शरीर के अन्य भागों तक पहुँच सकते हैं।
2.	फाइन कणिका तत्व ($PM_{2.5}$)	पार्टीकल जिनका आकार 2.5 माइक्रामीटर से कम है। **स्रोतः** ईंधनों का दहन, धातु उत्पादन क्रिया। **प्रभावः** इसके साथ चिपकी हुई भारी धातुएं तथा विषैले कार्बनिक रसायन फेफड़ों के कैंसर का कारण बनते हैं।
3.	सल्फर डाई ऑक्साइड (SO_2)	सल्फर डाई ऑक्साइड रंगहीन, तीव्र गंध वाली इरीटेट (खीझ बढ़ाने वाली) तथा असहज कर देने वाली गैस है। **स्रोतः** ज्वालामुखी, औद्योगिक क्रियाएं, सल्फर युक्त ईंधन जैसे कोयला तथा डीजल इत्यादि का दहन। **प्रभावः** ऑख, नाक, गले की समस्याएँ और कफ इत्यादि ।
4.	नाइट्रोजन के ऑक्साइड (NO_x)	यह एक प्रमुख विषैला वायु प्रदूषक है, जिसकी गंध तीक्ष्ण और रंग लाल–भूरा होता है। **स्रोतः** वाहनों में ईंधन का दहन, कोयले का दहन। **प्रभावः** फेफड़ों की दक्षता में कमी, श्वसन तंत्र कार्य प्रणाली में घातक प्रभाव, ब्रोंकाइटिस, कफ इत्यादि ।
5.	कार्बन मोनो ऑक्साइड (CO)	यह एक रंगहीन, गंधहीन, स्वादहीन तथा हवा से हल्की गैस है। **स्रोतः** कोयला, तेल तथा गैस चालित भट्टियां, घरों को गर्म रखने के हीटर, पानी गर्म करने वाले हीटर, फायरप्लेस तथा चूल्हे में लकड़ी जलाने से। **प्रभावः** श्वसन क्रिया से शरीर में प्रवेश कर रक्त में हीमोग्लोबिन के साथ संयुक्त होकर कारबाक्सी–हीमोग्लोबिन बनाती है, जब यह यौगिक 10% की सीमा पार कर जाता है, तब इसके प्रभाव से सरदर्द, चक्कर आना, सोचने–समझने में अक्षमता, याददाश्त में कमी, उनींदापन, असमंजस की स्थिति का आभास, उल्टी महसूस होना तथा उल्टी आना, धड़कन बढ़ जाना, देखने तथा सुनने में दिक्कत, बेहोशी तथा अधिक समय तक सम्पर्क में रहने से मुत्यु की संभावना रहती है।
6.	ओजोन (O_3)	ओजोन गैस तीन ऑक्सीजन परमाणुओं से मिलकर बनी होती है। पृथ्वी के सतह के निकटवर्ती वातावरण में यह एक महत्वपूर्ण वायु प्रदूषक है। **स्रोतः** सामान्यतः ओजोन किसी स्त्रोत से सीधे वातावरण में नहीं आती, बल्कि यह वायु में नाइट्रोजन के ऑक्साइड तथा वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (Volatile organic compound; VOC) की सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में होने वाली रसायनिक क्रिया से बनती है। **प्रभावः** सांस के द्वारा श्वसन तंत्र में प्रवेश कर ओजोन सीने में दर्द, कफ, गले में जलन और कंजेशन जैसी स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकती है। यह अस्थमा तथा ब्रांकाइटिस को और बढ़ा सकती है, फेफड़ों की दक्षता को कम कर सकती है और इसकी आन्तरिक सतह को नुकसान पहुँचा सकती है।

7.	बेन्जीन (C_6H_6)	बेन्जीन एक रंगहीन पीले रंग का तरल पदार्थ है, जिसकी गंध सुगन्धित प्रकार की है। **स्रोतः** वाहनों तथा उद्योगों से उत्सर्जन, वाहन में ईंधन भरते समय तथा वाहन की टंकी इत्यादि से वाष्पीकरण। **प्रभावः** त्वचा, आँख, नाक तथा श्वसन तंत्र में जलन, चक्कर आना, सरदर्द, उल्टी आना, कमजोरी लगना, त्वचा में खुजली, अस्थि मज्जा में कमी।
8.	बेन्जो (ए) पाइरीन ($C_{20}H_{12}$)	बेन्जो (ए) पाइरीन (बी.ए.पी.) एक कार्बनिक यौगिक है, जो कि रंगहीन होता है। **स्रोतः** ज्वालामुखी, जंगल की आग, चूल्हों तथा फायरप्लेस में लकड़ी जलने से, तम्बाकू के धुंए अथवा किसी अपूर्ण दहन की क्रिया से। **प्रभावः** मनुष्यों में कैंसर का कारण तथा ब्रोंकाइटिस
9.	अमोनिया (NH_3)	अमोनिया वायुमण्डल में पाई जाने वाली प्रमुख क्षारीय गैस है, जिसका सान्द्रण विगत कुछ दशकों में बढ़ा है। **स्रोतः** कृषि, पशु पालन, अमोनिया युक्त रसायनिक खाद तथा इनके उत्पादक संयंत्र एवं उद्योग, वाहन उत्सर्जन तथा मृदा एवं समुद्र से वाष्पीकरण के कारण। **प्रभावः** वातावरण में कणिका तत्व बनाने में सहायक, दृश्यता (विजिबिलिटी) में कमी के लिए उत्तरदायी, जन स्वास्थ्य तथा मौसम परिवर्तन में एक सक्रिय भूमिका।
10.	सीसा (Pb)	सीसा एक भारी धातु है, जो कि प्रदूषित क्षेत्रों के वातावरण में पाई जाती है। **स्रोतः** पेन्ट, सड़कों की धूल, बैटरी निर्माण तथा पुनर्चक्रण, सीसा गलाने में, प्लास्टिक के निर्माण तथा उद्योगों से। **प्रभावः** तंत्रिका तंत्र की क्षति, मस्तिष्क में विकार और इसकी अधिक मात्रा रक्त में भी विकार उत्पन्न कर देती है।
11.	निकिल (Ni)	निकिल एक भारी धातु है, जिसकी वायु में अतिसूक्ष्म मात्रा भी घातक होती है। **स्रोतः** घरों, उद्योगों तथा अन्य कार्यों में कोयले के दहन से, म्यूनिसीपल तथा सीवेज स्लज के इंसीनरेटर से, उद्योग में निकिल धातु के उत्पादन तथा इससे मिश्र धातु के निर्माण से, इलेक्ट्रो प्लेटिंग, निकल कैडमियम बैटरी उत्पादन, निकल वाले उत्प्रेरक उत्पादन एवं उनके उपयोग से, पुनर्चक्रण तथा वाहनों के उत्सर्जन इत्यादि से। **प्रभावः** त्वचा के रोग, एलर्जिक अस्थमा (दमा), कफ, सांस की परेशानी, गंध लेने की क्षमता का ह्रास। निकल से बना एक रसायन निकिल कार्बोनिल [$Ni(CO)_4$] एक अत्यंत विषैली गैस है।
12.	आर्सेनिक	आर्सेनिक भी वायु प्रदूषकों में एक अत्यंत घातक भारी धातु है, जो कि अतिसूक्ष्म मात्रा में भी बहुत खतरनाक है। **स्रोतः** आर्सेनिक उत्पादन करने वाले स्मेलटर (धातु गलाने वाला), उद्योग, वाहन उत्सर्जन। **प्रभावः** श्वसन तंत्र में इरीटेशन (असहजता) तथा श्वास संबंधी रोग, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, 'ब्लैक फुट रोग', त्वचा के रोग तथा तंत्रिका तंत्र पर विपरीत प्रभाव तथा कैंसर का कारक।

स्रोत : असेस्मेंट ऑफ एनवायरनमेंटल स्टेटस ऑफ लखनऊ सिटी (पोस्ट मानसून), फाइंडिंग्स ऑफ ए रैंडम सर्वे, भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान, लखनऊ, 14 नवम्बर, 2016

लखनऊ में वायु प्रदूषण की स्थिति

जनसंख्या वृद्धि, अनियंत्रित रूप से शहर का विकास, बढ़ते हुए वाहन इत्यादि के कारण शहरों में बढ़ता हुआ वायु प्रदूषण का स्तर एक ज्वलंत समस्या के रूप में हमारे सामने है। इस समस्या का प्रबंधन अथक प्रयासों के बाद भी नहीं हो पा रहा है, तथा हमारे नागरिक इसके दुष्प्रभाव की चपेट में आ रहे हैं। इस लेख में मुख्य रूप से लखनऊ शहर की वायु गुणवत्ता की स्थिति तथा उसके संभावित प्रभावों पर पाठकों का ध्यान आकर्षित किया गया है। अन्य शहरों की भॉति हमारे शहर में भी वाहन वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारण हैं, जो कि बड़ी मात्रा में पेट्रोल, डीजल, प्राकृतिक गैस, एल.पी.जी. का दहन करते हैं तथा उनके सड़क पर दौड़ने से सड़क की धूल भी उड़ती है। इसके अतिरिक्त जनरेटरों से तथा जगह–जगह पर कूड़े को जलाने से भी शहर में वायु प्रदूषण हो रहा है।

अब से 20 साल पूर्व 1997 से हमारा संस्थान मानसून के पूर्व तथा पश्चात के दो महीनों में लखनऊ शहर की वायु गुणवत्ता का एक सर्वे नियमित रूप से करता रहा है। इस सर्वे में मुख्य प्रदूषकों जैसे, कणिका तत्व, सल्फर डाई ऑक्साइड, नाइट्रोजन के ऑक्साइड तथा ट्रेसमेटल (भारी धातुओं) को सम्मिलित किया गया है। हमारे अध्ययन के अतिरिक्त शहर की वायु गुणवत्ता पर अन्य संस्थाओं द्वारा भी समय–समय पर किए गए अध्ययन प्रकाशित हुए हैं। इन समस्त अध्ययनों में एक समान तथ्य यह उभरकर आया है कि कणिका तत्व ही लखनऊ में प्रमुख वायु प्रदूषक है, जो कि अधिकांश समय मानकों की तय सीमा से ऊपर के स्तर पर पाया गया है। वहीं गैसीय प्रदूषकों का स्तर मानकों की सीमा के भीतर पाया गया है।

लखनऊ शहर : एक दृष्टि में

लखनऊ में पिछले दशक में वाहनों की संख्या में प्रतिवर्ष औसत 10% की वृद्धि दर्ज की गई है। आगामी वर्षों में वाहनों की संख्या में और अधिक वृद्धि होने की संभावना है। परिवहन विभाग के आंकड़ो के अनुसार शहर में मार्च, 2016 तक **18,64,556** पंजीकृत वाहन थे। विगत वर्ष 2015–16 में शहर के वाहनों द्वारा 1,82,481 किलोलीटर डीजल, **1,73,617** किलोलीटर पेट्रोल तथा **3,02,46,000** किलोग्राम प्राकृतिक गैस का खर्चा किया गया। कुछ वर्ष पूर्व शहर में प्राकृतिक गैस उपलब्ध होने के बाद सर्वप्रथम सार्वजनिक परिवहन की बसों, टेम्पो तथा ऑटो रिक्शा में प्राकृतिक गैस का उपयोग अनिवार्य किया गया। तत्पश्चात क्रमशः विद्यालयों के वाहनों तथा अंत में व्यक्तिगत वाहनों द्वारा भी प्राकृतिक गैस के उपयोग को बढ़ावा दिया गया। हाल ही में राज्य के परिवहन विभाग ने सार्वजनिक परिवहन में लगे प्रत्येक वाहन को प्राकृतिक गैस उपयोग करने का निर्देश जारी किया है। प्राकृतिक गैस का वाहनों द्वारा बड़ी मात्रा में उपयोग किया जा रहा है, परंतु शहर में डीजल तथा पेट्रोल की खपत में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। जिसका कारण नित नए वाहनों का बड़ी संख्या में पंजीकृत होना है। सारणी संख्या–2 में शहर की भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या, मौसम, वाहन संख्या और ईंधन की खपत इत्यादि का विवरण दिया गया है।

लखनऊ शहर की पोस्ट मानसून 2016 की वायु गुणवत्ता

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संस्थान द्वारा शहर के आवासीय, व्यावसायिक तथा औद्योगिक क्षेत्रों के कुल 09 स्थानों पर पोस्ट मानसून (सितम्बर–अक्टूबर, 2016) में वायु गुणवत्ता का सर्वे किया गया। इस सर्वे के आंकड़े सारणी संख्या–3 में दिये गए हैं।

सर्वे के परिणाम

रेसपायरेबल पर्टिकुलेट मैटर (पीएम–10)

आवासीय क्षेत्रों में पीएम–10 का औसत स्तर 180.8 **(162.8 से 216.8)** माइक्रोग्राम/ घन–मीटर था। व्यावसायिक क्षेत्रों में यह औसत **211.1 (179.7 से 264.8)** माइक्रोग्राम/घन–मीटर तथा औद्योगिक क्षेत्र में औसत 212.9 माइक्रोग्राम/घन–मीटर था।

तालिका 2 : लखनऊ शहर : एक दृष्टि में (मुख्य बिंदु)

क्र.सं.	बिन्दु	विवरण
1.	भौगोलिक स्थिति समुद्र तल से ऊँचाई	26° 52 उत्तर अक्षांश 80° 56 पूर्व देशांश / 128 मीटर
2.	क्षेत्रफल	310 वर्ग किलो–मीटर
3.	जनसंख्या (जनगणना–2011)	28,15,033
4.	अनुमानित जनसंख्या (2021 मास्टर प्लान)	45 लाख
5.	मौसम शीतऋतु (न्यूनतम तापमान) ग्रीष्मऋतु (अधिकतम तापमान) औसत वार्षिक वर्षा	उपोष्णकटिबंधीयशीत दिसम्बर–फरवरी(3° सेल्सियस) मार्च–जून (45° सेल्सियस) लगभग 100 सेंटीमीटर
6.	31 मार्च 2016 तक लखनऊ में पंजीकृत वाहनों की संख्या	18,64,556
7.	2014–15 से वाहन संख्या की वृद्धि दर	9.06%
8.	ईंधन फिलिंग स्टेशन	125
9.	पेट्रोल की खपत	1,73,61% किलोलीटर
10.	डीजल की खपत	1,82,481 किलोलीटर
11.	प्राकृतिक गैस की खपत	3,02,46,000 किलोग्राम
12.	प्रदूषण के प्रमुख स्त्रोत	वाहन, सड़क की धूल, जनरेटर, ठोस अपशिष्ट का खुले में दहन, भवन निर्माण इत्यादि

स्थान	पी.एम.–10			पी.एम.–2.5			सल्फर डाई आक्साइड			नाइट्रोजन के आक्साइड		
	न्यून	अधिक	औसत	न्यून	अधिक	औसत	न्यून	अधिक	औसत	न्यून	अधिक	औसत
आवासीय												
अलीगंज	84.4	260.2	162.8	45.3	108.2	79.6	8.8	22.6	17.8	26.5	65.2	52.8
विकास नगर	60.1	302.1	175.0	38.8	134.5	87.5	8.3	18.9	16.2	23.7	60.7	47.9
इन्दिरा नगर	115.0	286.1	216.8	41.1	151.2	114.9	9.8	25.7	21.4	46.6	93.2	70.4
गोमती नगर	62.6	266.6	168.8	36.6	119.7	82.1	7.6	23.9	17.5	28.7	67.8	55.7
औसत	80.5	278.9	180.9	40.5	128.4	91.0	8.6	22.8	18.2	31.4	71.7	56.7
व्यवसायिक												
चारबाग	95.6	284.1	207.4	39.6	177.8	114.5	12.9	26.8	21.3	43.2	82.3	67.3
आलमबाग	72.2	297.4	192.3	45.9	114.3	88.3	9.7	22.7	18.3	43.1	87.8	64.7
अमीनाबाद	76.3	252.1	179.7	41.1	105.5	78.4	9.9	18.4	17.4	35.1	65.7	54.5
चौक	137.	398.2	264.8	51.3	162.1	108.9	11.7	25.4	20.1	40.6	98.7	79.1
औसत	95.4	308.0	211.1	44.5	139.9	97.5	11.1	23.3	19.3	40.5	83.6	66.4
औद्योगिक												
अमौसी	93.1	327.5	212.2	54.3	159.8	99.6	9.5	23.8	17.2	28.5	69.76	55.6
भारतीय मानक*	100			60			80			80		
डब्लू.एच.ओ.मानक**	50			25			20			40		
							(वार्षिक औसत)			(वार्षिक औसत)		

संदर्भः *– नेशनल एम्बिएंट एयर क्वालिटी स्टैंडर्ड–2009 (एन.ए.ए.क्यू.एस.–2009)
**–डब्लू.एच.ओ. के वायु गुणवत्ता, दिशा निर्देश, वैश्विक अद्यतन–2005 (डब्लू.एच.ओएयर क्वालिटी गाईडलाइन्स, ग्लोबल अपडेट–2005)

आवासीय क्षेत्रों में पी.एम.–10 का अधिकतम औसत स्तर इन्दिरा नगर में 216.8 माइक्रोग्राम/ घन–मीटर तथा व्यावसायिक क्षेत्र चौक में 264.8 माइक्रोग्राम/ घन–मीटर मापा गया। शहर के सभी 09 स्थानों पर पी.एम.–10 की मात्रा इसके राष्ट्रीय परिवेशीय वायु गुणवत्ता मानक (एन.ए.ए.क्यू.एस.) 100 माइक्रोग्राम/घन–मीटर से अधिक थी (सन्दर्भ परिशिष्ट सं०–1 में दिया गया है)।

सूक्ष्म कणिका तत्व (पी.एम.–2.5)

आवासीय क्षेत्रों में पी०एम०–2.5 का औसत स्तर 91.0 (79.6 से 114.9) माइक्रोग्राम/घन–मीटर पाया गया। व्यसायिक क्षेत्रों में यह औसत 97.5 (78.4 से 114. 5) माइक्रोग्राम/ घन–मीटर तथा औद्योगिक क्षेत्र में औसत मात्रा 99.6 माइक्रोग्राम/घन–मीटर थी। आवासीय क्षेत्रों में सर्वाधिक पी०एम०–2.5 इन्दिरा नगर में 151.2 तथा व्यावसायिक क्षेत्र चारबाग में 177.8 माइक्रोग्राम/ घन–मीटर रहा। शहर के सभी मानीटरिंग स्थानों पर पी.एम.–2.5 की मात्रा इसके राष्ट्रीय मानक 60 माइक्रोग्राम/ घन–मीटर से ऊपर के स्तर पर दर्ज की गई।

सल्फर डाई आक्साइड (SO_2)

आवासीय, व्यावसायिक तथा औद्योगिक क्षेत्रों में सल्फर डाई आक्साइड की औसत मात्रा क्रमशः 18.2, 19. 3 तथा 16.7 माइक्रोग्राम/ घन–मीटर दर्ज की गयी, जो कि इसके 24 घण्टे के मानक स्तर (80 माइक्रोग्राम/ घन–मीटर) से कम थी।

नाइट्रोजन के आक्साइड (NO_x)

नाइट्रोजन के आक्साइड की औसत मात्रा शहर के समस्त मानीटरिंग स्थानों पर 80 माइक्रोग्राम/ घन–मीटर (मानक सीमा) से कम थी। परन्तु इसकी मात्रा कुछ स्थानों पर कभी–कभी मानक स्तर से अधिक भी पाई गई। आवासीय, व्यावसायिक तथा औद्योगिक क्षेत्रों में औसत मात्रा क्रमशः 56.7, 66.4 तथा 55.6 माइक्रोग्राम/ घन–मीटर मापी गई है।

पोस्ट मानसून–2016 के परिणामों की क्षेत्रवार एन. ए.ए.क्यू.एस. मानक से तुलना चित्र संख्या–1 एवं चित्र संख्या–2 में प्रदर्शित की गई है। चित्र के अनुसार आवासीय, व्यावसायिक और औद्योगिक क्षेत्रों में पी.एम. –10 और पी.एम.–2.5 इनके मानकों 100 तथा 60 माइक्रोग्राम/ घन–मीटर से अधिक थे। औद्योगिक क्षेत्र में इनका औसत स्तर अधिकतम तथा आवासीय क्षेत्र में सबसे कम पाया गया। वहीं गैसीय प्रदूषक मानकों से कम पाए गए। नाइट्रोजन के ऑक्साइड व्यावसायिक क्षेत्र में सर्वाधिक तथा औद्योगिक क्षेत्र में न्यूनतम स्तर पर थे।



चित्र 1 : पोस्ट मानसून–2016 के सर्वे के क्षेत्रवार परिणामों (रेसपायरेबल पार्टिकुलेट मैटर) की एन० ए०ए०क्यू०एस० मानकों से तुलना



चित्र 2 : पोस्ट मानसून–2016 के सर्वे के क्षेत्रवार परिणामों (गैसीय प्रदूषक) की एन०ए०ए०क्यू०एस० मानकों से तुलना

विचार मंथन

वाहनों द्वारा उत्सर्जित वायु प्रदूषकों का लखनऊ की हवा में एकत्र होना, शहर की वायु गुणवत्ता में ह्रास का एक प्रमुख कारण है। कुछ वर्ष पूर्व जब लखनऊ में डीजल वाहन जन परिवहन में मुख्य भागीदार थे, तब इन वाहनों से काला धुआँ निकलते दिखना एक आम बात थी। वाहनों के तकनीक में उन्नयन से प्रति वाहन उत्सर्जन में कमी अवश्य हुई है, परन्तु वाहनों की संख्या बढ़ने से कुल उत्सर्जन में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की गई है। साथ ही साथ इनसे उत्सर्जित पार्टिकल की संरचना तथा उनके साथ चिपके हुए रसायनों में भी परिवर्तन हुआ है। कणों के आकार के आधार पर देखा जाए तो अतिसूक्ष्म कणों की संख्या अपेक्षाकृत बड़े कणों से बढ़ गई है। ये अति सूक्ष्म कण आँखों से दिखाई नहीं पड़ते परन्तु बड़े कणों की तुलना में अधिक घातक भी होते हैं, क्योंकि ये श्वसन तंत्र के भीतरी भागों तक पहुँच जाते हैं। अनेक अध्ययनों में यह पाया गया है कि ये कण जितने सूक्ष्म होंगे इनका स्वास्थ्य पर प्रभाव उतना ही घातक होगा। ये कण अम्लीय पदार्थ, भारी धातुओं तथा कैंसर कारक कार्बनिक यौगिकों के वाहक होते हैं और इनका मानव स्वास्थ्य तथा पारिस्थितिकी पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। पार्टीकुलेट मैटर के साथ ही गैसीय प्रदूषकों जैसे सल्फर डाई ऑक्साइड और नाइट्रोजन के ऑक्साइडों के भी स्वास्थ्य पर अनेक प्रकार के दुष्प्रभाव वैज्ञानिकों ने बताए हैं। इनमें हृदय की बीमारियाँ, अस्थमा, तथा ब्रोंकाइटिस जैसी श्वसन तंत्र की बीमारियाँ, प्रजनन तथा भ्रूण विकास पर प्रभाव और समय पूर्व प्रसव का खतरा भी शामिल हैं।

वाहनों द्वारा उत्सर्जित प्रदूषकों का स्तर तथा उनके प्रभाव विभिन्न कारकों जैसे जनसंख्या घनत्व, यातायात में रुकावट (जाम इत्यादि), ईंधन तथा वाहन के प्रकार, वाहन चलाने के व्यावहारिक तरीके तथा सड़कों की हालत इत्यादि पर निर्भर करते हैं। साथ ही साथ मौसम तथा वातावरण की परिस्थिति, भौगोलिक दशा इत्यादि भी किसी स्थान की परिवेशीय वायु की निर्धारक हो सकती हैं। यद्यपि वायु प्रदूषण से किसी व्यक्ति या समाज का आमना–सामना उनकी सामाजिक, आर्थिक स्तर और उनके आवास अथवा कार्य स्थल के स्थान पर भी निर्भर करता है।

वायु प्रदूषण की रोकथाम के कुछ उपाय

1. पत्ते, टायर अथवा किसी भी प्रकार के ठोस अपशिष्ट के जलाने पर रोक तथा इसके उचित निस्तारण की व्यवस्था।
2. सड़क, फुटपाथ तथा साइकिल पथ के अतिक्रमण को हटाना तथा उचित परिवहन प्रबंधन द्वारा जाम लगने से रोकना।
3. जन परिवहन सुविधाएं जैसे नगर बस सेवा, मेट्रो रेल सेवा को नगर के समस्त क्षेत्रों तक पहुँचाना तथा व्यक्तिगत वाहनों के उपयोग को हतोत्साहित करना।
4. परिवहन प्रदूषण पर जन जागरूकता अभियान चलाना और चौराहों पर लाल बत्ती के समय रुकने पर इंजन बंद कर देना।
5. नगर के पार्को, खुले स्थानों तथा जहां संभव हो सड़क के किनारे पेड़ लगाना।
6. नगर के केंद्रीय इलाकों से भीड़ कम करने हेतु नगर की सीमा पर समस्त सुविधाओं से युक्त आवासीय परिसरों का व्यवस्थित रूप से विकास करना।

अंत में हम यह कह सकते हैं कि वायु प्रदूषण तथा वातावरण परिवर्तन विश्व के पर्यावरणविदों के लिए बहुत ही गंभीर मुद्दे है। आज विश्व के सभी देशों की सरकारें और उनकी योजना तथा नियामक संस्थाएं वायु प्रदूषण की भयावह स्थिति तथा इसके दुष्प्रभावों को समझने लगीं हैं। यहाँ हमें यह समझ लेना चाहिए कि विकसित, विकासशील तथा अविकसित देशों के प्रति व्यक्ति वायु प्रदूषण उत्सर्जन में बहुत भिन्नता है। आज के युग में सतत् विकास एक अनिवार्य आवश्यकता है, अतः विकासशील तथा अविकसित देश इस ओर ध्यान दे रहे हैं तथा ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अधिक ईंधन का उपयोग कर रहे हैं। इन सब तथ्यों पर योजनाकार अब गंभीर विचार–विमर्श कर रहे हैं, क्योंकि अंततोगत्वा उन्हें सतत् विकास की आवश्यकता को सदा ध्यान में रखना है। वर्तमान में उन्हें उन्नति, विकास, वृद्धि जैसे शब्दों को पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक उत्थान के परिपेक्ष्य में पुनः परिभाषित करना होगा।

आर्थिक विकास के परिणामस्वरूप हमारे शहरों के सामाजिक तथा आर्थिक ढांचे में आए परिवर्तनों में से एक प्रमुख परिवर्तन नागरिकों द्वारा यातायात हेतु स्वयं के वाहनों के उपयोग को प्राथमिकता देना है। इसके अतिरिक्त शहरों में जन–सुविधा यातायात की अपर्याप्त व्यवस्था के कारण भी व्यक्तिगत वाहनों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि दर्ज की गई है, जो कि शहरों में वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारण है।

विभिन्न प्रकार के वाहनों में अलग–अलग ईंधन के उपयोग से अनेक प्रकार के वायु प्रदूषक शहर की वायु में घुल रहे हैं। जिनका रासायनिक संयोजन भी भिन्न है। अतएव इस बात पर भी अब विचार–विमर्श हो रहा है कि कौन ईंधन हरित ईंधन है और कौन सा नहीं। हम कोई भी ईंधन उपयोग में लाएँ, परन्तु वाहनों की अत्यधिक संख्या के कारण प्रदूषण तो बढ़ेगा ही। वाहनों के साथ ही जनरेटरों, उद्योगों, होटलों, ठोस अपशिष्ठ के जलने से भी शहर की वायु प्रदूषित हो रही है। इसके रोकथाम के उपाय

के रूप में दिल्ली में सम–विषम संख्या के वाहनों के चलाने के 15 दिन के प्रयोग के परिणाम उत्साहवर्धक रहे हैं। जहाँ एक ओर इससे यातायात सुगम हुआ वहीं वायु प्रदूषण के स्तर में भी पर्याप्त गिरावट दर्ज की गई। दिल्ली शहर के नागरिकों का इस कार्य में योगदान भी सराहनीय रहा, क्योंकि शहरों के निवासी भी अब वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक हो गए हैं। लखनऊ शहर में भी बढ़ते हुए वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए योजनबद्ध तरीके से उपाय किए जाने चाहिए। शहर की वायु गुणवत्ता में आवश्यक सुधार हेतु नागरिकों तथा सरकारी विभागों का सम्मिलित प्रयास आवश्यक है।

तालिका 3 : राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक–2009

क्र.सं.	प्रदूषक	समय आधारित औसत	परिवेशी वायु में सान्द्रण	
			औद्योगिक रिहायसी, ग्रामीण और अन्य क्षेत्र	पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र (केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित)
1	सल्फर डाई ऑक्साइड (SO_2), माइक्रोग्राम / मी^{3}	वार्षिक	50	20
		24 घंटे	80	80
2	नाइट्रोजन डाई ऑक्साइड (NO_x), माइक्रोग्राम / मी^{3}	वार्षिक*	40	30
		24 घंटे**	80	80
3	विविक्त पदार्थ (10 माइक्रोमीटर से कम आकार) या PM 10, माइक्रोग्राम / मी^{3}	वार्षिक*	60	30
		24 घंटे**	100	60
4	विविक्त पदार्थ (2.5 माइक्रोमीटर से कम आकार) या $PM_{2.5}$, माइक्रोग्राम / मी^{3}	वार्षिक*	40	30
		24 घंटे**	60	60
5	ओजोन (O_3) माइक्रोग्राम / मी^{3}	8 घंटे**	100	100
		1 घंटा*	180	180
6	शीशा (Pb), माइक्रोग्राम / मी^{3}	वार्षिक*	0.50	0.50
		24 घंटे*	1.0	1.0
7	कार्बन मोनोक्साइड (CO), मिलीग्राम / मी^{3}	8 घंटे**	0.50	0.50
		1 घंटा*	04	04
8	अमोनिया (NH_3), माइक्रोग्राम / मी^{3}	वार्षिक*	100	100
		24 घंटे**	400	400
9	बेंज़ीन (C_6H_6), माइक्रोग्राम / मी^{3}	वार्षिक*	05	05
10	बेंन्जो (ए) पाईरीन (BaP) केवल विविक्त कण, नैनोग्राम / मी^{3}	वार्षिक*	01	01
11	आर्सेनिक (As), नैनोग्राम / मी^{3}	वार्षिक*	06	06
12	निकिल (Ni), नैनोग्राम / मी^{3}	वार्षिक*	20	20

* वर्ष में एक समान अंतरालों पर सप्ताह में दो बार प्रति 24 घंटे तक किसी एक स्थान विशेष पर लिये गये न्यूनतम 104 मापों का वार्षिक अंकगणितीय औसत।

** वर्ष में 98 प्रतिशत समय पर 24 घंटे या 8 घंटे या 1 घंटा के मॉनीटर मापमान, जो लागू हो, अनुपालन किये जाएंगे। दो प्रतिशत समय पर यह मापमान अधिक हो सकता है, किंतु क्रमिक दो मानीटर करने के दिनों पर नहीं।

संदर्भः राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिसूचना, नई दिल्ली, 18 नवम्बर, 2009

तापीय पत्र मुद्रण में उपस्थित बिसफिनॉल-ए का दैनिक जीवन में दुष्प्रभाव

अंकिता असाटी एवं देवेन्द्र कुमार पटेल

विश्लेषणात्मक रसायन प्रयोगशाला, नियामक विषविज्ञान समूह
सी.एस.आई.आर–भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान
विषविज्ञान भवन, 31, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ–226001, उत्तर प्रदेश, भारत

बिसफिनॉल–ए को सबसे पहले 1891 में संश्लेषित किया गया था। इसका व्यापक रूप से आधुनिक औद्योगिकी में विश्व स्तर पर लगभग चार अरब किलोग्राम प्रति वर्ष की दर से इस्तेमाल किया जा रहा है। 1930 के दशक में अपने संभावित चिकित्सीय एस्ट्रोजेनिक गुण के कारण डाइइथाइलस्टीलबेस्ट्राल (डेस) को बिसफिनॉल–ए से अधिक शक्तिशाली पाया गया था। उस समय से बिसफिनॉल–ए को अस्थाई रूप से उपयोग किया जाने लगा। 1950 की शुरूआती दशक में इसकी व्यावसायिक उपयोगिता कुछ प्लास्टिक के निर्माण में एक मौलिक घटक के रूप में थी। वर्तमान में, बिसफिनॉल–ए का सबसे अधिक इस्तेमाल पोलिकार्बोनेट्स (~ कुल बिसफिनॉल–ए का 74% का उत्पादन) और एपोक्सी रेजिन (~20%) के उत्पादन में एक घटक के रूप में पाया जाने लगा। विशाल उत्पादन के रूप में बिसफिनॉल–ए, प्लास्टिक खाद्य उत्पाद में और पेय कंटेनरों (बेबी और पानी की बोतलें) सहित कई उत्पादों में एक बहुत बड़ी संख्या में उपयोग किया जा रहा है।

बिसफिनॉल–ए युक्त प्लास्टिक कठोर होते हैं। यह एक प्रकार का अन्तःस्रावी ग्रंथियों के उत्पादन, स्त्रावन, परिवहन कार्यप्रणाली में गड़बड़ी पैदा करने वाला रसायन हैं। कुछ संस्थाओं ने बिसफिनॉल–ए के लिए सुरक्षित स्तर निर्धारित किया है, लेकिन कई विद्वानों का मानना है कि इस स्तर की नये प्रकाशित अध्ययनों के आधार पर पुनः समीक्षा की जानी चाहिए। अन्तःस्रावी सोसायटी, संयुक्त राज्य अमेरिका ने 2009 में वर्तमान मानव जोखिम पर एक सार्वजनिक बयान में बिसफिनाल–ए के उपयोग पर चिंता व्यक्त की है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के एक अध्ययन के अनुसार बिसफिनॉल–ए बच्चों एवं वयस्क मानव मूत्र के नमूनों में से 93% एवं 95% नमूनों में पाया गया। बिसफिनॉल–ए का प्रभाव वयस्कों की तुलना में भ्रूण, शिशुओं, और छोटे बच्चे और अजन्मे बच्चों में अधिक होता है क्योंकि वे अतिसंवेदनशील होते हैं।

बिसफिनॉल–ए आमतौर पर घरेलू उपकरणों, इलेक्ट्रॉनिक्स, खेल सुरक्षा उपकरण, चिपकाने वाले रसायनों, रोकड़ पंजी प्राप्तियों, तापीय मुद्रण, चिकित्सा उपकरणों, लेंस, पानी की आपूर्ति पाइप और विभिन्न क्षेत्रों में पाया जाता है। हाल ही में बिर्साफनॉल–ए के अलावा इसके यौगिको ग्लायसीडायल मेथाक्रिलेट और डाइमेथाइल एक्रिलेट का दंत चिकित्सा के उद्योग में और दंत भराव में इस्तेमाल किया जाता है। बिसफिनॉल–ए का व्यापक रूप से दैनिक कार्यों में उपयोगिता बढ़ती जा रही है जिससे मानव स्वास्थ्य पर बिसफिनॉल–ए की प्रभाव को हाल ही में समझा गया है।

बिसफिनॉल–ए का प्रभाव सांसों द्वारा प्लास्टिक निर्माण और जलाने वाले व्यवसाय में संलग्न व्यक्तियों पर हो रहा है चीन में बिसफिनॉल–ए और एपोक्सी रेजिन उत्पादन

तालिका 1 : बिसफिनॉल–ए का रसायनिक गुण

आणविक	आणविक भार	आणविक सूत्र	आणविक संरचना	आणविक गलनांक	पानी में विलेयता
बिसफिनॉल–ए	22.19 ग्रा0 / मोल	$C_{15}H_{16}O_2$		1.55	300 ग्रा. / ली.



चित्र 1 : तापीय मुद्रण पत्र में उपस्थित बिसफिनाल–ए का जीवन में दुष्प्रभाव

कारखानों के कर्मचारियों में एक विश्लेषण के दौरान यह देखा गया है कि बहुतायत (1999) में से अधिक श्रमिकों के सीरम और मूत्र में बिसफीनॉल–ए का स्तर 90% था।

उपयोग

बिसफिनॉल–ए के स्त्रोत भिन्न–भिन्न हो सकते हैं। इसका उपयोग विविध भोज्यपात्र, शिशु पोषण शीशी, प्लास्टिक पेय शीशी, पुनः प्रयोज्य (रिसाइकिल) पात्र और प्लास्टिक के डिब्बे में होता है। दंत चिकित्सा के उपयोग में आने वाले उपकरणों, चिकित्सा उपकरणों, आँख के लेंस, इलेक्ट्रानिक मीडिया, सीडी और डीवीडी, ऑटोमोटिव उद्योग जैसे शीशों और परिवहन उपकरण को चमकाने में, दैनिक सुरक्षा उपकरण में, घरेलू उपयोग हेतु सामग्रियां, खेल उपकरणों में, और सतह सुरक्षात्मक आवरण हेतु पेंट मे भी बिसफिनॉल–ए का उपयोग किया जाता है।

तापीय पत्रक में बिसफिनॉल–ए की भूमिका

वर्तमान युग में तापीय मुद्रण पत्र (थर्मल प्रिंटिंग) की उपयोगिता लगभग सभी क्षेत्रों में विदित है। 1960 के बाद, तापीय मुद्रण पत्र प्रौद्योगिकी आसान और लागत प्रभावी होने के कारण बहुत ही अधिक लोकप्रिय हो गई है। यह तकनीक अनेकों अभिलेखन मुद्रण उपकरण जैसी राजस्व पावती, बिक्री माल नकदी पावती, एटीएम पावती, पैकेज्ड वस्तुओं जैसे भोजन पर औद्योगिक आबंटन संख्या (बारकोड) और रेलगाड़ी, हवाईजहाज, परिवहन पार्किंग, मनोरंजन पावती जैसे–नाटक सिनेमाघर, संग्रहालय, मनोरंजन पार्क की पावती आदि में बहुतायत से उपयोग की जा रही है । अनुमानतः एक बैंकिंग एटीएम सुविधा से प्रति दिन 1000 तापीय पत्र पावती की खपत हो रही है। तापीय पत्र गर्मी की उपस्थिति में प्रतिक्रिया करता है और यह स्याही या रिबन के बिना एक स्पष्ट तेज मुद्रित छवि देता है। तापीय पत्र पर एक रसायन, बिसफिनॉल–ए, ताप संवेदनशील परत के रूप में लेपित होता है। यह एक उच्च तकनीकी का बेहतरीन उत्पाद है। तापीय पत्र में दो सुरक्षात्मक परतें शामिल होती हैं (i) ऊपरी सतह ताप पत्र को यांत्रिक तनाव और रासायनिक क्रियाओं से संरक्षण प्रदान करता है। (ii) परतबंदी और मुद्रण के समय निचली सतह को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है। तापीय पत्र की लोकप्रियता का कारण, व्यावहारिक पूर्तिकर्ताओं के लाभ जैसे विश्वसनीय, निम्न लागत, स्याहीरहित, ध्वनिरहित, विलायक रहित और आसान सुगठित प्रिंटर इकाई के रूप में है।

बिसफिनॉल–ए का संपर्क (एक्सपोजर) मार्ग–

1) प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष पर्यावरण से संपर्क – तापीय पत्र उत्पादन उपभोक्ता उत्पाद और निपटान द्वारा।

2) खाद्य उत्पादों से निक्षालन (लीचिंग) के द्वारा।



चित्र 2 : तापीय पत्र में उपस्थित विभिन्न सतह

3) गैर–खाद्य उपभोक्ता उत्पाद के संपर्क और श्वास से मानव पर प्रदर्शित होता है। भोजन तथा पेय के रूप में बहुत ही सूक्ष्म मात्रा मे बिसफिनॉल–ए पलायन कर मानव शरीर पर दीर्घकालिक क्षति करते हैं। इसकी जांच के लिए विभिन्न जैविक मॉडलों में शोध कार्य जारी है।

बिसफिनॉल–ए का मनुष्यों पर प्रभाव –

बिसफिनॉल–ए, हाथ–अंतरण त्वचा से अवशोषित होकर सीधे भोजन द्वारा मानव शरीर मे पहुँच कर हानिकारक प्रभाव देते हैं। जैव प्रणाली पर बिसफिनॉल के हानिकारक प्रभाव को पहचानने के लिए जानवरों पर कई अध्ययन किए जा रहे हं। बिसफिनॉल–ए की कम खुराक भी विभिन्न जैविक तंत्रों जैसे अंतःस्रावी ग्रंथि, चयापचय और प्रजनन तंत्र पर घातक प्रभाव उत्पन्न करते हैं। तापीय पत्र के दैनिक जीवन में अधिकाधिक उपयोग के कारण मानव इसके प्रत्यक्ष संपर्क में आ रहा है और इस क्रिया के द्वारा इसमे मौजूद रसायन मानव जीवन पर अपना कुप्रभाव डाल रहे हैं।

बिसफिनॉल–ए और पर्यावरण

वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, बिसफिनॉल–ए जलीय जीवों के प्रजनन और विकास, विशेष रूप से मछलियों को कमजोर कर रही है एवं जलीय अकशेरूकीय, सरीसृप और उभयचर प्राणी भी प्रभावित हो रहे हैं। महासागर में मौजूद प्लास्टिक कचरा पर्यावरण को दूषित कर रहा हैं । बिसफिनॉल–ए पौधों की जड़ों में नाइट्रोजन स्थिरीकरण के साथ हस्तक्षेप कर एक प्रमुख मिट्टी प्रदूषक बनाते है ।

रॉयल सोसायटी ब्रिटेन ने एक रिपोर्ट में, बिसफिनॉल–ए को सभी जानवरों के प्रजनन क्षमता को कमजोर करने का प्रमुख कारक बताया गया है और यह उभयचर एवं क्रसटेशियन में आनुवंशिक असामान्यता को भी प्रेरित करता है।

कनाडा के एक अध्ययन में , बिसफिनॉल–ए संदूषित नदियों की मादा मछलियों के विकास को नर मछलियों की तुलना मे बहुत अधिक प्रभावित करता है।

बिसफिनॉल–ए की विश्लेषणात्मक तकनीक

बिसफिनॉल–ए के हानिकारक प्रभाव पर नज़र रखने के लिए एक प्रभावी और कुशल निगरानी प्रणाली की आवश्यकता है। हाल ही के दिनों में कई विश्लेषणात्मक तकनीकों जैसे एचपीएलसी–यूवी, यूपीएलसी–पीडीए, एलसी–एमएस–एमएस और जीसी–एमएस एमएस के रूप में अलग–अलग मैट्रिक्स में बिसफिनॉल–ए की सांद्रता के निर्धारण के लिए प्रस्तावित किया गया है। अलग–अलग मैट्रिक्स से बिसफिनॉल–ए निकालने के लिए विलायक निष्कर्षण (एसई), तरल तरल सूक्ष्म निष्कर्षण (एलएल एमई) , ठोस चरण सूक्ष्म निष्कर्षण (एसपीएमई), मैट्रिक्स ठोस चरण फैलाव (एमएसपीडी) निष्कर्षण प्रक्रिया आदि को प्रस्तावित किया गया है। इसके अध्ययन हेतु तापीय पत्र से बिसफिनॉल–ए निकालने के लिए एक बहुआयामी और आसान तरीका भंवर उत्तेजित तरल तरल सूक्ष्म निष्कर्षण (वीएएलएलएमई) तकनीक शुरू की गई है। इस तकनीक की अधिक निष्कर्षण दक्षता के कारण भंवर उत्तेजित तरल तरल सूक्ष्म निष्कर्षण (वीएएलएलएमई) का प्रयोग अतिसूक्ष्म सांद्रता को ज्ञात करने में किया जा सकता है।

तालिका 2 : तापीय पत्र में उपयोग होने वाले बिसफिनॉल–ए जनित कुप्रभावों और प्रभावित अंग का विवरण

तंत्रो के नाम	प्रभावित विकार	शरीर के अंग	रोग
कोशिका तंत्र	विकास, प्रजनन, मानव शरीर-विज्ञानी और प्रभाव	अमाशय उपकला / कोशिका नलियाँ	प्रोस्टेट कैंसर/ ब्लैडर कैंसर/स्तन कैंसर
मालिक्यूलर तंत्र	डी.एन.ए. प्रोटीन संश्लेषण / ट्रांस नई पीढ़ी और अति संश्लेषण	गुणसूत्र जीन/ डी॰एन.ए/आर. एन. ए.	जीन एक्सप्रेशन / आनुवंशिकता /सिंड्रोम
तंत्रिका तंत्र	प्रसव-पूर्व नवजात शिशु में विकास और मतिभ्रम /चिड़चिड़ाहट	मस्तिष्क तथा केंद्रीय तंत्रिकातंत्र न्यूरॉन कोशिका	याद कमी/अवसाद/ अति आक्रोश/मानसिक मंदता / तंत्रिकानाशक रोग
अंतःस्त्रावी तंत्र	हार्मोन के रिसेप्टर को अवरोधित करने के लिए बंधनकारी / प्रतिकूल विकास	थायराइड हारमोन/ एंडोजन (महिला) और एस्ट्रोजेन (पुरुष) हार्मोन से होने वाले प्रभाव	बौनापन/ अति थायराइड/ पतलापन
झिल्ली तंत्र	आमेलित त्वचा / प्रणालीगत कुप्रभाव	संवेदी रिस्पेटर/ त्वचा लीशमेनियता कोशिका/ (पसीना कक्ष)	लाली / सूजन
प्रतिरक्षा तंत्र	असंतुलित कोशिकीय प्रतिरक्षी प्रतिक्रिया	रिसेप्टर कोशिका नलियाँ प्रतिजन सतह / एंजाइम /टी लिम्फोसाइट	एलर्जी/संक्रमण/कैंसर
पाचन तंत्र	आंत की पारगम्यता अस्तर मे कमी	आंत और आन्त्रिक पथ	पाचक अवरोध और आंत सूजन
श्वसन तंत्र	पल्मोनरी कार्य में अवरोध	फेफड़ों एवं घ्राण नासिका सूजन	श्वास रोग / खाँसी
हृदयवाहिका तंत्र	महिला में अनियमित हृदय वृद्धि	हृदय रोग, रक्त कोशिकाएं और हृदय पेशियों	हृदय रोग / तालु विकारों
नर प्रजनन तंत्र	शुक्राणु गणना स्तर में कमी / शुक्राणु गमन कमी	शुक्राणु तथा वृषण	नपुंसकता
मादा प्रजनन तंत्र	असामान्य मासिक धर्म चक्र/ गर्भपात / अपरिपक्व अण्डे	अंडाणु /अंडाशय /बच्चादानी	जन्मजात परिवक्ता / बांझपन
प्रोटीन चयापचय	जीन अभिव्यक्ति	बीटा एस्ट्रोजन रिसेप्टर / मेलानोकोर्टिन रिसेप्टर -4	अमीनो अम्ल की कमी / कमजोरी / आनुवंशिक सिंड्रोम
कार्बोहाइड्रेट्स चयापचय	इंसुलिन/ रक्त मे ग्लूकोज उच्च स्तर/ बैट्रियों प्रभाव	इंसुलिन बीटा रिसेप्टर कोशिकाएं	अति मधुमेह / अग्नाशय के बीटा कोशिकाओं में कमी
वसा चयापचय	लिपिड तथा वसा चयापचय और असंतुलन	यकृत कोशिकाएं	बच्चों और किशोरों मे मोटापा

प्रकाशित शोध पत्रों मे चयनित उत्पादों में बिसफिनॉल–ए की मात्रा

1. खाद्य उत्पादों = 0.07 से 0.42 नैनो ग्राम / ग्राम
2. शिशुओं के खाद्य उत्पादों = 0.1 से 13.2 नैनो ग्राम / ग्राम
3. पाउडर दूध = ~45 नैनो ग्राम / ग्राम
4. रक्त सीरम = 0.46 से 0.56 नैनो ग्राम / ग्राम
5. नाल खून = 0.46 से 0.62 नैनो ग्राम / ग्राम
6. जल = 0.016 से 0.5 ग्राम / लीटर

शोध से यह पाया गया है कि तापीय पत्रों में से सर्वोच्च मात्रा मे बिसफिनॉल–ए प्रायः एटीएम, मनोरंजन और बाज़ार इत्यादि से प्राप्त रसीदों में होता है। मुद्रण के समय, रख–रखाव और उपयोग के समय मानव बिसफिनॉल–ए के संपर्क में आता है। इन संपर्को के परिणाम स्वरूप मानव के स्वास्थ मे लगातार गिरावट आती है जो कि सीधे गर्भवती महिलाओं और कमजोर मानवों जैसे शिशुओं और रोगियों मे अपना प्रभाव डालता है। इसके प्रभाव से बचने हेतु हमें दस्तानों का प्रयोग करना चाहिए और साथ ही साथ हाथ को साफ करके भोजन करना चाहिए। तापीय मुद्रण पत्र के उचित निपटान के कार्य को भी नगर निगमों के द्वारा भी कार्यान्वित किया जाना चाहिए।

© सी.एस.आई.आर–आई.आई.टी.आर.

मुखीय एलर्जी सिंड्रोम : एक परिचय

मंजरी शुक्ला[1], मुकुल दास[1], आनन्द प्रकाश[2], अनुराग त्रिपाठी[1]

[1]खाद्य विषविज्ञान प्रभाग, खाद्य औषधि एवं रसायन एवं विषविज्ञान समूह
सी.एस.आई.आर–भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान
विषविज्ञान भवन, 31, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ–226001, उत्तर प्रदेश, भारत
[2]जैव प्रोद्योगिकी विभाग, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ
विद्या विहार, रायबरेली रोड, लखनऊ 226001, उत्तर प्रदेश, भारत

मुखीय एलर्जी सिंड्रोम (ओरल एलर्जी सिंड्रोम; ओ.ए.एस) वयस्कों में होने वाली एक एलर्जी की प्रतिक्रिया है, जिसमें भोजन जैसे कि फल, मेवा, और सब्जियों को खाने के बाद मुख की गुहा में अभिक्रिया होती है। इसे अन्य नाम "पराग (pollen)–फूड एलर्जी सिंड्रोम," "पराग–फूड सिंड्रोम," या "पराग सम्बन्धित खाद्य एलर्जी सिंड्रोम" से भी जाना जाता है। वयस्कों में होने वाली 60% ओ.ए.एस. इसी एलर्जी से संबंधित है और अन्य मुख्यतया श्वास एलर्जी से ग्रसित है। श्वास एलर्जी के विपरीत इस एलर्जी के लक्षण मुख, म्यूकोसा, होंठ, जीभ और गले तक ही सीमित होते है तथा सूजन और खुजली उत्पन्न करते हैं। (चित्र 1)।

टफ्ट एवं ब्लूमस्टीन (सन 1942) ने सर्वप्रथम सनौबर के पराग कणों के संपर्क में आये वयस्कों में फलो एवं सब्जियों के प्रति अतिसंवेदनशीलता को वर्णित किया था, बाद में अमलोट (Amlot) नामक वैज्ञानिक ने इस प्रकार की अतिसंवेदनशीलता को मुखीय एलर्जी सिंड्रोम (ओ.ए.एस) का नाम दिया।

चित्र 1 : मुखीय एलर्जी ज्ञापन, साभार एलर्जी इजी (allergy easy)



चित्र 2 : खाद्य एलर्जी का वर्गीकरण एवं कार्य प्रणाली

रोगजनन के कारण

इम्युनोग्लोबिन ई (आईजीई) मध्यस्थता खाद्य एलर्जी को क्रमशः 1 एवं 2 प्रकार में वर्गीकृत किया गया है (चित्र 2)। यह वर्गीकरण प्रभावित रोगियों (बच्चों या वयस्कों), उपयुक्त खाद्य एलरज़ेन एवं भेद, नैदानिक उपस्थिति के आधार पर किया गया है।

प्राथमिक (प्रकार 1) खाद्य एलर्जी में एलरज़ेन से संपर्क प्रारंभिक जीवन में शुरू होता है और अक्सर उसके अवांछनीय प्रभाव भी एलर्जी के रूप में दिखाई पड़ते है। सामान्य खाद्य पदार्थ जैसे गाय का दूध, मुर्गी के अंडे, फलियां (मूंगफली और सोयाबीन), मछली, सीपदार मछली, और गेहूं इस श्रेणी के उदाहरण है। इन खाद्य पदार्थों में निहित एलर्जी कारकों से न केवल जठरांत्र (गस्टरों–intestine) में आंतरिक सूजन आ जाती है अपितु पित्ती (spleen), त्वचा में सूजन और खुजली और ब्रोन्कियल बाधा आदि भी लक्षित होती है। यह प्रकार अमूमन 3 से 7 साल तक के बच्चों में प्रायः दिखाई पड़ती है।

इसके विपरीत, खाद्य एलर्जी– 2 में रोगियों में पराग कणों के प्रति प्रारंभ में संवेदनशीलता देखी गयी है (जैसे छींके आना), वही व्यक्ति कुछ प्रकार के फलों एवं सब्जियों के

सेवन के बाद ओ.ए.एस. संवेदनशीलता को अभिव्यक्त करते हैं। इसका मूल कारण पराग कणों में उपस्थित प्रोटीन का फलों एवं सब्जियों में पायी जाने वाली प्रोटीन के प्रति संरचनात्मक रूप से समानता होने की वजह से होता है। इस प्रकार से व्युत्पन एलर्जी को खाद्य एलर्जी प्रकार 2 में वर्गीकृत किया है। यह एलर्जी मुख्यतया वयस्कों में होती है। (चित्र 2)

प्रारम्भिक चरण में, व्यक्ति अपने जीवनकाल में ऐसे पराग कणों को श्वसन द्वारा ग्रहण करता है जिससे कि शरीर वाह्य–प्रोटीन के प्रति प्रतिरक्षण तंत्र जागरूक हो जाता है और इम्युनोग्लोबुलिन ई (I_gE) एंटीबाडी का निर्माण करता है। इस प्रकार व्यक्ति में समानता रखने वाली प्रोटीन के प्रति संवेदनशीलता आ जाती है। इस प्रकार के परागकण जोकि संवेदनशीलता को बढ़ाते हैं किन्तु कोई अनैक्षिक अभिक्रिया पूरे शरीर में नहीं दिखाते, खाद्य एलरज़ेन प्रकार 2 कहलाते है। जब यही रोगी ऐसे फलों अथवा अन्य किसी प्रकार का खाद्य पदार्थ का सेवन करता है जिसमे उस पराग में उपस्थित प्रोटीन से समानता हो, तो वही संवेदनशीलता अकस्मात अभिलक्षित हो जाती है और मुख, गले के आस–पास खुजली, सूजन एवं असहनीय पीड़ा का एहसास कराती है। ऐसे परागकण एलरज़ेन कहलाते है क्योंकि उनमें संवेदीकरण करने की क्षमता होती है और ऐसे एलर्जी को ही मुखीय एलर्जी सिंड्रोम कहते है। इस प्रकार के परागकण एवं उससे संबंधित खाद्य पदार्थों का विवरण तालिका 1 में दिया गया है। संक्षेप में, इस प्रकार की एलर्जी पराग कणों के प्रभाव से श्वसन मार्ग एवं संरचनात्मक रूप से समान प्रोटीन के खाने से प्रतिरक्षा प्रणाली के अतिसंवेदनशील होने के कारण होती है। ऐसे एलरज़ेन ओ.ए.एस. श्रेणी के अंतर्गत आते हैं। ये एलरज़ेन मुख गुहा में शीघ्रता से घुल जाते हैं और एंजाइम द्वारा विघटित हो जाते हैं। खाद्य पदार्थों में उपस्थित संरक्षक भी अभिक्रिया को गति प्रदान करते हैं।

एलरज़ेन पाचन के दौरान अपने अस्तित्व, भंडारण, उच्च तापमान, ठंड और खाना पकाने में अपनी

तालिका 1 : मुखीय एलर्जी सिंडोम के साथ जुड़े परागकण और संबंधित संवेदनशीलता प्रदर्शित करने वाले भोजन के प्रकार

पराग कण	फल	सब्जी	बीज	नट्स	अन्य
सनौबर फैमिली	सेब, अखरोट, आड़ू, बेर, चेरी, नाशपाती जीरा, सोआ, सौंफ छंटाई	सौंफ, सेम, जीरा गाजर, अजवाइन जीरा, सोआ, हरी मिर्च, दाल, मूंगफली, आलू, टमाटर, मटर	सूरजमुखी के बीज	बादाम, अखरोट	मोठी, गेहूं, शहद, सोया
घास	अंजीर, संतरा, कीवी, तरबूज	टमाटर, आलू		मूंगफली	
मुग्वोट	सेब, चेरी, आड़ू, नाशपाती, स्ट्राबेरी, रास्पबेरी			हेजलनट, बादाम, अखरोट	अजवाइन
सनटानिका	सेब, तरबूज, खरबूज	अजवाइन, गाजर, अजमोद, काली मिर्च, धनिया, सौंफ			
जंगली दाने	तरबूज, खरबूज संतरा, कीवी	टमाटर			

तटस्थता को लेकर भिन्नता प्रदर्शित करते है। ऐसे कारक जोकि विभिन्न परिस्थितयों एवं पाचक एंजाइमो के प्रभाव में तटस्थ है और विघटित नहीं होते हैं, प्राणघातक अभिक्रिया के मूल कारण होते हैं। एंटीबॉडी रैखिक अमीनो एसिड अथवा गठनात्मक प्रोटीन (3डी एपिटोप) दोनों से प्रतिक्रिया करता है। जो वयस्क रैखिक अमीनो एसिड के विरुद्ध आईजी ई एंटीबाडी निर्माण करते है, ऐसे व्यक्ति ना तो कच्चा और ना ही पका हुआ खाद्य एलरज़ेन सहन कर सकते हैं। इसके विपरीत, जो व्यक्ति 3डी गठित प्रोटीन संरचना के विरुद्ध एंटीबाडी अभिक्रिया प्रदर्शित करते है, वो पका हुआ भोजन तो ग्रहण कर सकते है किन्तु कच्चे भोजन के प्रति एलर्जी की संभवना रख सकते है।

इस एलर्जी का दूसरा नाम लेटेक्स सिंड्रोम भी कहा जाता है, ऐसा खाद्य पदार्थों में पायी जाने वाली प्रोटीन का लेटेक्स में उपस्थित प्रोटीन से एलर्जिक व्यक्तियों में पार–प्रतिक्रिया (cross-reactivity) के कारण होती है। ऐसी एलर्जी की प्रतिक्रिया की पहली रिपोर्ट 1991 में लेटेक्स एलर्जी के रोगी को केले में उपस्थित प्रोटीन की समानता प्रदर्शित होने पर प्रकाश में आई। ऐसा ही एक सर्वेक्षण में पाया गया की मस्किट (Musquite (Prospis juliflora) प्रकार की लकड़ी पर पके भोजन को खाने से कुछ व्यक्ति और उनके सहकर्मी फूड एलर्जी के लक्षण प्रदर्शित कर रहे थे, त्वचा चुभन परीक्षण (स्किन प्रिक टेस्ट) से इस बात की पुष्टि हुई कि उन मरीजों को मस्किट लकड़ी के परागकणों से एलर्जी थी।

खाद्य एलर्जी सिंड्रोम के प्रचलित सामाजिक उदाहरणः

ग्लूटेन संवेदनशीलता

गैर सीलिएक ग्लूटेन संवेदनशीलता (Non celiac gastric syndrome(NCGS) एक सिंड्रोम है जोकि आंतों और वाह्यअन्त्रीय अंगों में ग्लूटेन युक्त भोजन को खाने से होती है यद्यपि ये व्यक्ति सीलिएक रोग (celiac disease(IhMh) या गेहूं एलर्जी से ग्रसित नहीं होते है।

चूंकि ये एलर्जी प्रायः क्षणिक होती है, ग्लूटेन के प्रति संवेदनशीलता का इससे संबंधित रोगियों में पुनर्मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। पारम्परिक प्रकार की संवेदनशीलता में पेट में दर्द, सूजन, चिड़चिड़ापन, जी मिचलाना (nausea), सिरदर्द, थकान, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, पैर या हाथ सुन्न होना, त्वचा की सूजन (एक्जिमा या त्वचा पर लाल चकत्ते), अवसाद और एनीमिया के रूप में प्रणालीगत अभिव्यक्तियां आंत्र (intestinal) सिंड्रोम की सम्भावना को व्यक्त करता है।

सीपदार मछली एवं हाउस डस्ट में उपस्थित सूक्ष्म जन्तुओं (उपजमे) से एलर्जी

क्रस्टेशियन वर्ग की सीपदार मछली द्वारा व्युत्पन खाद्य एलर्जी एशिया में तीव्रग्राहिता का एक महत्वपूर्ण कारण है। इस प्रकार की एलर्जी ट्रोपोमायोसीन नामक एलरज़ेन से होती है जोकि घर में धूल के कण और काकरोच में भी पाया जाता है। घर में धूल के कण और क्रस्टेशियन जन्तुओं में पाए जाने वाले ट्रोपोमायोसीन्स में एक उच्च अनुक्रम अनुरूपता है। घर के धूल के कणों में उपस्थित इन सूक्ष्म जन्तुओ में उपस्थित ट्रोपोमायोसीन्स का श्वसन द्वारा ग्रहण करना प्राथमिक संवेदीकरण करता है और ये कार्य प्रणाली मुखीय एलर्जी के अनुरूप मानी जाती है। घर में धूल के कण में उपस्थित ट्रोपोमायोसीन्स (House Dust Mite Syndrome - HDMS) और तिलचट्टे के इसी प्रोटीन के बीच 81% अमीनो एसिड में समानता प्रदर्शित हुई है। ठीक उसी तरह, झींगे और तिलचट्टे के प्रोटीन के बीच 82% समानता दिखती है।

तिलचट्टा नम उष्णकटिबंधीय एशियाई वातावरण में पनपते हैं और वहाँ पर HDM एलर्जी और आईजीई संवेदीकरण भी अधिक परिलक्षित हुई है। सिंगापुर में हुए झींगा मछली से एलर्जी दिखाने वाले रोगियों पर हुए एक अध्ययन से यह तथ्य सामने आया कि सभी रोगी हाउस डस्ट माइट से भी एलर्जिक संवेदना व्यक्त करते है। इस विश्लेषण से इस अवधारणा की पुष्टी होती है कि श्वसन द्वारा धूल में उपस्थित सूक्ष्म जंतुओं के श्वास–मार्ग से प्रवेश करने पर प्रारम्भिक संवेदीकरण होता है, जोकि झींगे और तिलचट्टे को भोजन के रूप में संवेदित व्यक्तियों द्वारा ग्रहण करने पर धीरे–धीरे उग्र रूप ले लेती है।

यद्यपि ट्रोपोमायोसीन प्रोटीन के द्वारा हुई एलर्जी पर गहन अध्ययन हुआ है क्योंकि यह सर्वाधिक मात्रा में उपस्थित रहने वाला शारीरिक अवयव है, किन्तु ऐसा नहीं है कि यह एकमात्र इस संवेदीकरण हेतु जिम्मेदार है अपितु अन्य और भी प्रोटीन जैसे कि आर्जिनीन काईनेज़ (Arginine kinase), मायोसिन प्रोटीन (Myosin Light Chain kinase), सार्कोप्लाज़्मिक कैल्शियम बाइंडिंग प्रोटीन (Sarcoplasmic Calcium Binding Protein), एक्टिन

(Actin) प्रोटीन भी अधिक संवेदित व्यक्तियों में आईजीई एंटीबाडी परीक्षण के द्वारा प्रकाश में आई है।

दुग्ध प्रोटीन के प्रति शारीरिक पाच्य–असहिष्णुता

गाय का दूध अथवा सोया जनित दुग्ध नवजात शिशुओ में होने वाली एंटरोंकोलाइटीस सिंड्रोम (enterocolitis syndrome) (Food Protein Induced Enterocolitis Syndrome (FPIES) का मुख्य कारण है। इसके मुख्य लक्षणों में नवजात शिशुओ में डायरिया, सूजन, उल्टी आना, त्वचा पर चकत्ते, बुखार, पेट का दर्द और निम्नअल्बुमिनिया शामिल है। जठरान्त्रीय (gastro-intestinal) में मध्यस्थता के बिना होने वाली एलर्जी का यह उपयुक्त उदाहरण है।

सामान्यता होने वाली खाद्य एलर्जी भोजन खाने के कुछ क्षण के पश्चात ही संवेदना व्यक्त कर देती है जबकि एफपीआइइएस (FPIES) में एलर्जी उत्पन्न करने वाले खाद्य को खाने के घंटो बाद अभिक्रिया होती है। दूसरा, सामान्य खाद्य एलर्जी में आई जी ई मध्यस्थता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है जबकि एफपीआइइएस बिना आई जी ई मध्यस्थता के अन्य प्रतिरोधी कोशिकाओं (immune cells) के आपसी अभिक्रिया से सम्पन्न होती है। एक सर्वेक्षण के अनुसार नवजात बालकों में, बालिकाओं की अपेक्षाकृत समस्या अधिक दिखाई पड़ती है।

दुर्भाग्य से, गैर विशिष्ट लक्षणों की वजह और अपर्याप्त निश्चित नैदानिक बायोमार्कर की अनुपस्थिति से इस रोग का निदान दुष्कर है, और पीड़ित बच्चों में इसको प्रायः वायरल संक्रमण, या विषाक्त भोजन का सेवन समझ लिया जाता है। इस संवेदनशीलता से ग्रसित बच्चों में इसके निदान हेतु मुखीय भोजन चुनौती परीक्षण करना आवश्यक है। इस रोग में प्रायः आईजी की अनुपस्थिति होती है अतः एफपीआइइएस और हाइपोप्रोटीनीमिया (hypoproteinemia) जनित एलर्जी के लिए अंतर्निहित रोग प्रतिरोधक तंत्र द्वारा नियमित कार्यप्रणाली अस्पष्ट हैं।

इस प्रकार की संवेदन से बचने का सबसे उचित तरीका ऐसे भोजन का सेवन ना करना है जिनसे यह अभिक्रिया सम्पन्न होती हो। इसके लिए शिशु द्वारा लिए गए भोजन पर ध्यान देना भी आवश्यक है। अगर अभिक्रिया बहुत ही तीव्र एवं घातक हो तो नाड़ी द्वारा ग्लूकोस चढ़ाने से शरीर में होने वाली पानी की कमी को पूरा किया जा सकता है साथ ही स्टेरोइड (steroid) भी दिये जा सकते है, अगर अभिक्रिया जानलेवा स्तर की हो।

रोग के लक्षण

खाद्य एलर्जी के लक्षण व्यक्ति दर व्यक्ति प्रतिरक्षा तंत्र की सजगता के चलते भिन्नता दिखाते हैं। यह पुरुषों की अपेक्षा स्त्रियों में ज्यादा सामान्य है। ओ.ए.एस. मरीज खाद्य पदार्थों के सेवन के दस मिनट बाद से ही खुजली एवं जलन का अनुभव करने लगते हैं जोकि समयापोरान्त अति प्राणघातक रूप भी ले सकती है। आमतौर पर, यह मुंह, कान और गले की खुजली और होठों पर जलन तथा सामान्यीकृत पित्ती के रूप में प्रकट होती है। कभी–कभी, प्रतिक्रिया आंख, नाक, और त्वचा पर भी दिखाई देती हैं। अतिसंवेदनशीलता की स्थिति में मरीज को सूजन के साथ साथ घुटन भी महसूस होती है। लक्षण आमतौर पर कुछ मिनटों से लेकर आधे–एक घंटे के लिए प्रकट होते हैं।

पाश्तारेल्लो (Pastorello) नामक वैज्ञानिक ने लक्षणों के आधार पर एलर्जी को चार प्रकार में वर्गीकृत किया है; (1) केवल मुख मयूकोसा (oral-mucosa) तक सीमित; (2) मुख मयूकोसा और अमाशय–आंत्र तक सीमित; (3) मुख मयूकोसा और आंत्र–पित्ती , के साथ नासिका अवरोध और अस्थमा के रूप में प्रणालीगत लक्षण; और (4) मुख मयूकोसा और अस्थमा के साथ अतिसंवेदनशीलता, प्राणघातक स्तर तक। हालाँकि, अधिकांश मामलों में, ओ.ए.एस. (Oral allergy Syndrome ; OAS) हल्के लक्षण के साथ प्रदर्शित होता है।



चित्र 3 : ओ.ए.एस. रोगी में दिखाई पड़ने वाले लक्षण

निदान

खाद्य एलर्जी की पहचान और निदान दोनों ही कठिन है क्योंकि उपस्थित लक्षणों एवं खाए हुए पदार्थ का पारस्परिक कोई सीधा संबंध नहीं है और भिन्न–भिन्न व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता और संवेदनशीलता के आधार पर इसके प्रारम्भिक लक्षण भी अलग–अलग है।

सही पहचान एवं निदान के लिए मरीज का प्रारम्भिक चिकित्सीय इतिहास जानना आवश्यक है। जिसमें खाया हुआ भोजन और उत्पन्न लक्षण, भोजन का सेवन और संकेत के शुरू होने के बीच के समय को, संवेदनशीलता की अवधि, प्रारम्भिक सांकेतिक चिह्न और अभिव्यक्तियों के अनुक्रम को दर्ज किया जाना चाहिए। रोगियों में हवाई कणों से एलर्जी के उपरान्त ताजे फल या सब्जियों को खाने के बाद मुख की खुजली की उपस्थिति इस प्रकार की एलर्जी होने की सम्भावना का पूर्ण समर्थन करती है।

आईजीई मध्यस्थता प्रतिक्रिया के लिए त्वचा परीक्षण किया जा सकता है, इसके लिए दो अलग अलग तरीकों का उपयोग किया जा सकता हैः (1) चुभन विधि (चुभन परीक्षण), (2) त्वचा खरोंच परीक्षण। यद्यपि तरीका समान है बस एलरज़ेन को त्वचा से संपर्क कराने की विधि अलग है।

बाज़ार में उपलब्ध विभिन्न खाद्य पदार्थो के अर्क (जैसे मूंगफली, अखरोट और मटर आदि) को त्वचा की बाहरी परत पर चुभन के द्वारा पहुंचा दिया जाता है। 15 मिनट के बाद यदि चुभित खाद्य/पराग अर्क के 2 मिमी की परिधी में यदि सूजन दिखती है, तो परीक्षण सकारात्मक है और अगर कोई सूजन या लाल चकत्ता ना दिखे, इसका मतलब मरीज को उन खाद्य पदार्थो से कोई संवेदनशीलता नहीं है।

एक अन्य विधि में, बाजारी अर्क के स्थान पर ताज़े फल/सब्जियों में चुम्भित सुई को रोगी की सुई में चुम्भित करने से परीक्षण सत्यता के अधिक निकट प्राप्त होता है, क्योंकि अर्क में कुछ प्रोटीन नष्ट हो चुके होते हैं, जिनके अभाव में रोगी संवेदनशील होते हुए भी नकारात्मक परिणाम देता है और सही निदान नहीं हो पाता है।

रक्त परीक्षण के द्वारा भी संवेदनशीलता का पता चलता है, यह भी दो प्रकार से किया जा सकता है, (1) रेडियोइमुनोसोर्बेंट (Radioimmunosorbent test) परीक्षण में रोगी के सीरम में उपस्थित कुल आईजी ई को नापा जाता है जबकि 2) रेडियोएलरसोरबेंट (Radioallergosorbent Test) परीक्षण में प्रत्येक एलरज़ेन के प्रति आई जी ई (IgE) की सांद्रता का पता चलता है।

यदि रोगी के चिकित्सीय इतिहास में किसी विशेष प्रकार के भोजन के ग्रहण करने के उपरांत अभिक्रिया के लक्षण दिखे हो, किन्तु चुभन परीक्षण में नकारात्मक परिणाम मिले हों तो जिस खाद्य पदार्थ से किसी प्रकार की अभिक्रिया दिखी हो, उसको तुरंत लेने के पश्चात शुरुआती लक्षणों की जांच की जाती है, इसी को उत्तेजना परीक्षण (provocation test) कहते है। उत्तेजना परीक्षण रोग की उपस्थिति की पुष्टि का सबसे सुरक्षित तरीका है।

यह अति आवश्यक है कि प्रत्येक रोगी का चिकित्सीय इतिहास अच्छे से रिकॉर्ड हो, जिससे रोग के सही कारण का पता लगाने एवं संदेहात्मक भोजन के अवयवो को सही दिशा में ले जाने में उचित कार्यवाही की जा सके। इसी प्रकार, अधिकांश आईजीई (IgE) मध्यस्थता प्रतिक्रियाओं के लिए 8±10 ग्राम सूखे भोजन के या 100 मिली. तक का गीला खाद्य भोजन हर 15 मिनट के अंतराल पर 90 मिनट तक दिया जाता है, तदुपरान्त रोगी को कुछ घंटो के बाद उचित भोजन पूर्ण रूप से करने को दिया जाता है। रोगी की त्वचा, जठरान्त्र, श्वसन मार्ग एवं अन्य प्रभावित अंगों के लक्षणो को दर्ज किया जाता है, जिसके आकलन पर संवेदनशीलता के स्तर की जानकारी मिलती है और डॉक्टर उचित भोजन संबंधी परामर्श और रोग के तुरंत रोकथाम के लिए आवश्यक दवाई की जानकारी दे सकता है।

हालाँकि, गहन अनुसंधान से मुख्य सभी अति–प्रतिक्रियाशील कारकों की पहचान में सहायता मिली है। वैज्ञनिक इन कारकों को उनकी प्रतिरोधक क्षमता एवं संवेदनशीलता को नियत रखते हुए एक चिप का निर्माण करने में अग्रसर है, जिसे रोगी के सूक्ष्म रक्त मात्रा में उपस्थित एंटीबाडी विश्लेषण, कम समय एवं कष्ट

रहित तरीके से किया जा सकेगा।

रोकथाम

ओ.ऐ.एस. पीड़ित रोगियों के उपचार के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ, जैसे कि कान–नाक–गला विशेषज्ञ, मौखिक, पैथोलॉजिस्ट, श्वसन सम्बन्धी संवेदनशीलता विशेषज्ञ, तंत्रिका विज्ञानी, त्वचा रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, आंत्र विशेषज्ञ और विभिन्न अन्य विशेषज्ञों का एक साथ मिलकर इस दिशा में उपयुक्त कदम उठाने की आवश्यकता है। फिलहाल ऐसे खाद्य पदार्थ जिनसे रोगी को संवेदनशीलता उत्पन्न होती है, उसे वर्जित करना ही अभी एकमात्र उपाय है।

ओ.ए.एस. पीड़ित रोगी को भोजन की सलाह उसके द्वारा लिए गए भोजन के तरीके पर भी निर्भर करता है क्योंकि कई बार फलों और सब्जियों में उपस्थित जिस प्रोटीन के लिए संवेदनशीलता दिखती है, अगर उसको पका कर खाया जाता है तो उसमे संवेदी प्रोटीन निष्क्रिय हो जाती है, जिससे कि उसकी एलर्जिक क्षमता भी नष्ट हो जाती है। हालांकि यह आवश्यक नहीं है कि समस्त ऐसे खाद्य पदार्थों को पकाकर खाने से सभी ऐसे कारक न बचे जैसे कि मेवों (dry fruits) में एक से अधिक संवेदी अवयव होते है; अतः भोजन को उबाल कर खाने से सभी एलर्जी तत्व पूर्ण रूप से खत्म ही हो जाये, जरूरी नहीं है और उबालने के बाद भी ऐसी अभिक्रिया होती हो ऐसा ध्यान में रखकर ही उचित भोजन तय करना चाहिए। इस व्याख्या से इस बात को और बल मिलता है कि पीड़ित व्यक्ति का उपयुक्त एवं पूर्ण चिकित्सीय इतिहास अवश्य हो।

न केवल मरीजों को, अपितु उनके परिवारों, करीबी रिश्तेदार, और देखभाल करने वालों को इस संवेदनशीलता से अवगत कराना, उसके दुष्परिणाम और आहार उन्मूलन सम्बन्धी जानकारी से अवगत कराना ही लम्बी अवधि तक इससे बचाव में सहायक हो सकता है।

ओ.ए.एस रोगी में एलरज़ेन परिहार और औषधीय रोकथाम के साथ इलाज किया जा सकता है। सबसे महत्वपूर्ण चिकित्सा एंटीहिस्टेमाइंस यथा–सिट्रिज़िन (citrizine) 10 मिलिग्राम का मौखिक सेवन या इंट्रामस्क्युलर जलीय एपिनेफ्रीन (epinephrine) 1 से 0.01 मिली/किलो की खुराक पर सेवन से एलर्जी के लक्षण रोके जा सकते है। ये दवाएं रोग प्रतिरोधक क्षमता (immune system) को कुछ समय के लिए निम्न स्तर (suppress) पर ला देती हैं। इसके अतिरिक्त मास्ट कोशा स्टेबलाइजर्स (Mast cell stabilizers) जैसे, क्रोमोलिनसोडियम (chromolyn sodium) /लेविसट्रिज़िन (leviscetrizin) का भोजन सेवन से पहले प्रयोग कुछ रोगियों की मदद करने में प्रभावी रहा है।

जिन रोगियों में अत्यधिक संवेदनशीलता प्रदर्शित होती हो, उनको अपने साथ एपिनेफ्रीन (जैसेकि 'एपिपेन' (EpiPen), जिसमें एपिनेफ्रीन 0.3 मिलीग्राम/0.3 मिली में होती है।) तुरंत अभिक्रिया के लक्षण दिखते ही देनी चाहिये।

इम्यूनोथेरेपी के द्वारा असंवेदीकरण कुछ स्तर तक प्रतिक्रियाओं को कम करने में सफल रही हैं, किन्तु यदि रोगी एक से अधिक एलरज़ेन से अभिक्रिया दिखाता है तो इसका उपयोग पूर्ण रूप से संवेदनशीलता में आराम नहीं दिला पाता है। फिलहाल इमुनोथेरेपी का प्रयोग अभी संवेदनशीलता की रोकथाम में प्रारंभिक चरण में है और इस क्षेत्र में और अध्ययन एवं शोध की आवश्यकता है।

खाद्य पदार्थो से संवेदना अथवा अपच नियमित रूप से एक समस्या बनी हुई है। यद्यपि ओ.ए.एस रोगी एलर्जी विशेषज्ञ के साथ साथ मौखिक विशेषज्ञो से भी परामर्श लेना चाहिए क्योंकि दोनों में लक्षण प्रायः एक समान होते है किन्तु संवेदनशील व्यक्ति को ऐसे लक्षण बार–बार होते हैं जब वह संबंधित खाद्य का सेवन करता है। इसलिए ऐसे मरीजों का चिकित्सीय अभिलेख परम आवश्यक है। एक बार फिर, ओ.ए.एस यद्यपि अधिकाँश मामलों में हल्के लक्षण ही प्रदर्शित करता है, पर ध्यान न देने पर जीवन के लिए जटिल समस्या भी बन सकता है।

विषविज्ञान में सांख्यिकी

रितुल कमल

एपिडेमियोलॉजी विभाग, प्रणाली विषविज्ञान एवं स्वास्थ्य आपदा मूल्यांकन समूह
सी.एस.आई.आर.–भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान
विषविज्ञान भवन, 31, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ–226001, उत्तर प्रदेश, भारत

हिन्दी कार्यशाला (अप्रैल–सितम्बर, 2016) के सफल आयोजन हेतु प्रदत्त प्रमाणपत्र

उपलब्धियाँ

हिन्दी कार्यशाला (अक्टूबर–मार्च, 2016–17) के सफल आयोजन हेतु प्रदत्त प्रमाणपत्र

राजभाषा के प्रयोग में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्राप्त द्वितीय पुरस्कार का प्रमाणपत्र

उपलब्धियाँ

संस्थान की राजभाषा पत्रिका ''विषविज्ञान संदेश'' के प्रथम पुरस्कार की शील्ड

राजभाषा के प्रयोग में उत्कृष्ट कार्य हेतु द्वितीय पुरस्कार की शील्ड

उपलब्धियाँ

प्रोफेसर आलोक धावन, निदेशक; श्री अनिल कुमार, प्रशासन नियंत्रक एवं श्री चन्द्र मोहन तिवारी, हिंदी अधिकारी, सी.एस.आई.आर.–आई.आई.टी.आर., दिनांक 23 जून, 2017 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय–3) लखनऊ से राजभाषा पत्रिका ''विषविज्ञान संदेश'' हेतु प्रथम पुरस्कार की शील्ड और प्रमाणपत्र प्राप्त करते हुए

प्रोफेसर आलोक धावन, निदेशक, श्री अनिल कुमार, प्रशासन नियंत्रक एवं श्री चन्द्र मोहन तिवारी, हिंदी अधिकारी, सी.एस.आई.आर.–आई.आई.टी.आर., कार्यशाला के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु प्रमाणपत्र प्राप्त करते हुए

प्रोफेसर आलोक धावन, निदेशक श्री अनिल कुमार, प्रशासन नियंत्रक एवं श्री चन्द्र मोहन तिवारी, हिंदी अधिकारी, सी.एस.आई.आर.–आई.आई.टी.आर., राजभाषा के प्रयोग में उत्कृष्ट कार्य हेतु द्वितीय पुरस्कार की शील्ड और प्रमाणपत्र प्राप्त करते हुए

प्रोफेसर आलोक धावन, निदेशक, सी.एस.आई.आर.–आई.आई.टी.आर. दिनांक 23 जून, 2017 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय–3) लखनऊ की बैठक को संबोधित करते हुए

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय–3) लखनऊ की बैठक, दिनांक 23 जून, 2017 में उपस्थित कार्यालय प्रमुखों का सामूहिक चित्र

संस्थान सुर्खियों में

संस्थान ने विगत 51 वर्षों से अपने आदर्श वाक्य ''पर्यावरण, स्वास्थ्य की सुरक्षा एवं उद्योग के लिए सेवा'' की प्रतिबद्धता के साथ वैज्ञानिक कार्यों और अनुसंधान को सीधे जनसामान्य तक पहुँचाने के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है। संस्थान अपने अनुसंधान को पाँच समूहों–प्रणाली विषविज्ञान एवं स्वास्थ्य आपदा मूल्यांकन; खाद्य औषधि एवं रसायन विषविज्ञान; नियामक विषविज्ञान; पर्यावरणीय विषविज्ञान तथा नैनोमैटीरियल विषविज्ञान के अंतर्गत संचालित कर रहा है। इनमें उच्च स्तर का मौलिक, व्यवहारिक तथा अनुप्रयोगी अनुसंधान समाहित है। वैज्ञानिक अभिरुचि और दृष्टिकोण प्रदान करने के उद्देश्य से संस्थान ने अनुसंधान और प्रौद्योगिकी को समय–समय पर जनसामान्य को पहुंचाने का प्रयास किया है, साथ ही राजभाषा हिंदी में, समाचार पत्रों ने इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया है, ताकि व्यापक रूप से संस्थान की गतिविधियों का जनसामान्य को लाभ प्राप्त हो सके।

विषविज्ञान संदेश के तीन निरन्तर प्रथम पुरस्कृत अंक

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 21 अक्टूबर, 2016 राजधानी 4

भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान में दो दिवसीय गोष्ठी की हुई शुरुआत

पर्यावरण प्रदूषण के निवारण में आम सहभागिता जरूरी: राज्यपाल

● राम नाईक ने कहा प्रदूषण मुक्त दीवाली पर करें विचार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पर्यावरण प्रदूषण मानव जीवन के लिये गम्भीर संकट है। औद्योगिकीकरण, शहरीकरण एवं रसायनों के प्रयोग से प्रदूषण बढ़ा है। हमें विकास के साथ पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का प्रयास करना होगा। पर्यावरण प्रदूषण के कारण ढूढ़ना और निराकरण के उपाय बताने की जिम्मेदारी वैज्ञानिकों की है। वैज्ञानिक अपने ज्ञान को व्यवहार में लाएं। ये बातें गुरुवार को भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय वैज्ञानिक संगोष्ठी 'पर्यावरण प्रदूषण कारण एवं

राज्यपाल राम नाईक ने कही। राज्यपाल ने संगोष्ठी के विषय को सामयिक बताते हुए कहा कि संगोष्ठी का विषय हमारे वैज्ञानिकों के लिये एक चुनौती है।

उन्होंने कहा कि यदि वैज्ञानिक ज्ञान लाइब्रेरी तक सीमित रहेगा तो उसका लाभ आम आदमी को नहीं मिलेगा। एक स्वच्छ भारत अभियान सुनने में लगता है कि सामान्य बात है मगर विषय अत्यन्त गम्भीर है। छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखकर बड़े विषयों की समस्या को ठीक किया जा सकता है। स्वच्छता अभियान में आम आदमी की भागीदारी तथा विचार-विमर्श आवश्यक है। नदियों से लेकर समुद्र का प्रदूषण मछलियों एवं अन्य जलचरों के लिये नुकसानदेह है। राज्यपाल ने कहा कि गंगा के प्रदूषण का कारण मनुष्य स्वयं है इसलिए उसको स्वच्छ करने का विचार भी

पर्यावरण प्रदूषण के निवारण में ... आवश्यक है। आम आदमी जितना ... लाभ समाज को मिलेगा। वैज्ञानिक

एवं राज्य सरकार को दें ताकि जनता की सुरक्षा के लिये जागरुक प्रहरी के रूप में काम किया जा सके। राज्यपाल ने बताया कि पेट्रोलियम मंत्री ...

हिन्दुस्तान epaper
लखनऊ। शुक्रवार • 21 अक्टूबर • 2016 P11

सेमिनार

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

केन्द्रीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईआईटीआर) के निदेशक प्रो. आलोक धवन ने कहा कि अनियोजित विकास से प्रदूषण बढ़ रहा है। आवासीय क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ती जा रही है। इसका लोगों को स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। शहर को प्रदूषण मुक्त करने के लिए गम्भीरता से विचार करना होगा।

आईआईटीआर में पर्यावरण प्रदूषणः कारण एवं निवारण विषय पर आयोजित ...

आईआईटीआर में गुरुवार को राज्यपाल राम नाईक ने वैज्ञानिकों के अनुसंधान को देखा

आवासीय क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियां शुरू होने पर व्यवस्था ...

सरल भाषा में शोध करेंः मुख्य अतिथि राज्यपाल राम नाईक ने कहा कि ...

स्पष्ट आवाज़
लखनऊ, शुक्रवार, 21 अक्टूबर 2016 3

प्रदूषण मानव जीवन के लिए गंभीर संकट : नाईक

लखनऊ। प्रदेश के राज्यपाल राम नाईक ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण मानव जीवन के लिये गभीर संकट है। औद्योगिकीकरण, शहरीकरण एवं रसायनों के प्रयोग से प्रदूषण बढ़ा है। हमें विकास के साथ पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का प्रयास करना होगा। पर्यावरण प्रदूषण के कारण ढूढ़ना और निराकरण के उपाय बताने की जिम्मेदारी वैज्ञानिकों की है। वैज्ञानिक अपने ज्ञान को व्यवहार में लायें। भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय वैज्ञानिक संगोष्ठी पर्यावरण प्रदूषण कारण एवं निवारण का उद्घाटन ...

राष्ट्रीय स्वरूप
लखनऊ, शुक्रवार 21 अक्टूबर, 2016 2

पर्यावरण प्रदूषण के निवारण में आम आदमी की सह-भागिता आवश्यक: नाईक

राज्यपाल ने पर्यावरण प्रदूषण कारण एवं निवारण संगोष्ठी का किया उद्घाटन

प्रमुख संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल राम नाईक ने आज भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान, लखनऊ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय वैज्ञानिक संगोष्ठी पर्यावरण प्रदूषण: कारण एवं निवारण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. आलोक धवन, संयोजक डा. एके पाण्डेय, हिन्दी अधिकारी चन्द्र मोहन तिवारीए इंजीनियर अल्ताफ़ हुसैन खां सहित अन्य विशिष्टजन व वैज्ञानिकगण उपस्थित थे। राज्यपाल ने संगोष्ठी के विषय को सामयिक बताते हुए कहा कि संगोष्ठी का विषय हमारे वैज्ञानिकों के लिये एक चुनौती है। पर्यावरण प्रदूषण मानव जीवन के लिये गम्भीर संकट है। औद्योगिकीकरण, शहरीकरण एवं रसायनों के प्रयोग से प्रदूषण बढ़ा है। हमें विकास के साथ पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का प्रयास करना होगा। पर्यावरण प्रदूषण के कारण ढूढ़ना और निराकरण के उपाय बताने की जिम्मेदारी वैज्ञानिकों की है। वैज्ञानिक अपने ज्ञान को व्यवहार में लायें।

उन्होंने कहा कि यदि वैज्ञानिक ज्ञान लाइब्रेरी तक सीमित रहेगा तो उसका लाभ आम आदमी को नहीं मिलेगा। श्री नाईक ने कहा कि एक स्वच्छ भारत अभियान सुनने में लगता है कि सामान्य बात है मगर विषय अत्यन्त गम्भीर है। छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखकर बड़े विषयों की समस्या को ठीक किया जा सकता है। स्वच्छता अभियान में आम आदमी की भागीदारी तथा विचार-विमर्श आवश्यक है। नदियों से लेकर समुद्र का प्रदूषण मछलियों एवं अन्य जलचरों के लिये नुकसान देह है। उन्होंने कहा कि गंगा के प्रदूषण का कारण मनुष्य स्वयं है इसलिये उसको स्वच्छ करने का विचार भी सबको मिलकर करना होगा। राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण के निवारण में आम आदमी की सह-भागिता आवश्यक है। आम आदमी जितना इस विषय को समझेगा उतना ही लाभ समाज को मिलेगा। ...

IV दैनिक जागरण
जागरण सिटी

जो व्यवहार में न आए वह ज्ञान कोरा है : राम नाईक

• सीएसआइआर-आइआइटीआर में पर्यावरण प्रदूषण : कारण एवं निवारण संगोष्ठी शुरू

जागरण संवाददाता, लखनऊ : पर्यावरणीय प्रदूषण से हम आप सब दो चार हो रहे है। यही वजह है कि यह आज वैश्विक मुद्दा बन चुका है। जरूरत इस बात की है कि प्रदूषण के कारणों को पहचान कर उसके निवारण के रास्ते खोजे जाए। यह कार्य वैज्ञानिक बेहतर ढंग से कर सकते है क्योंकि उनके पास ज्ञान है। यह उनके लिए चुनौती भी है। दरअसल ऐसा ज्ञान जो व्यवहार में न आ सके वह ज्ञान कोरा है।

सीएसआइआर-भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आइआइटीआर) में गुरुवार से शुरू हुई दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी पर्यावरण प्रदूषण : कारण एवं निवारण को संबोधित करते हुए यह विचार राज्यपाल राम नाईक ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाना चाहिए। लोग अपने घर के भीतर हर कमरे के साथ शौचालय बनवाते है, लेकिन घर के पास सामुदायिक शौचालय पर आपत्ति करते है। इसका कारण शायद साफ-सफाई है। गंगा सहित देश की नदियों व समुद्र में प्रदूषण की भयावह होती स्थिति का ...

प्रो. आलोक धावन ने कहा कि यह सीएसआइआर का स्वर्ण जयंती वर्ष है। संस्थान पर्यावरण, स्वास्थ्य व उद्योगों के लिए विशेष रूप से काम करता है। आइआइटीआर भारत में अकेला ऐसा संस्थान है जहां इन सब विषयों पर काम किया जाता है। हिंदी अधिकारी चंद्र मोहन तिवारी ने कहा कि संगोष्ठी में बीएचयू, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विवि, केजीएमयू व सीएसआइआर के अन्य संस्थानों के वैज्ञानिक भी मौजूद है। उन्होंने कहा कि यह विषय सामयिक है और गोष्ठी के जरिए युवा वैज्ञानिक वरिष्ठ वैज्ञानिकों के अनुभवों का भी लाभ उठा सकेंगे। इस मौके पर गोष्ठी के संयोजक डॉ. आलोक पांडेय व ई. ए. एच खान भी मौजूद रहे। दो दिवसीय इस संगोष्ठी में चार सत्र होंगे जिसमें पर्यावरण प्रदूषण के कारणों के साथ ...

आइआइटीआर में संगोष्ठी को संबोधित करते राज्यपाल राम नाईक व मंचासीन लोग

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, शुक्रवार, 21 अक्टूबर 2016 4

पर्यावरण प्रदूषण कम करना बड़ी चुनौती : राम नाईक

लखनऊ (सं.)। भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईआईटीआर) लखनऊ में दो दिवसीय राष्ट्रीय वैज्ञानिक संगोष्ठी पर्यावरण प्रदूषण कारण एवं निवारण विषय का उद्घाटन

■ आईआईटीआर में पर्यावरण प्रदूषण कारण एवं निवारण पर दो दिवसीय संगोष्ठी का उद्घाटन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल राम नाईक ने किया। इस कार्यक्रम में उन्होंने संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकी की प्रदर्शनी का उद्घाटन तथा वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान से प्रकाशित राजभाषा पत्रिका विषविज्ञान संदेश के वर्ष २०१६-१७ के अंक २५ और २६ का विमोचन किया। उन्होंने हिंदी अधिकारी चन्द्र मोहन तिवारी को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रतीक चिन्ह भेंट किया। राज्यपाल ने संगोष्ठी के विषय को सामयिक बताते हुए कहा कि संगोष्ठी का विषय हमारे वैज्ञानिकों के लिये एक चुनौती है। पर्यावरण प्रदूषण मानव जीवन के लिये गम्भीर संकट है। औद्योगिकीकरण शहरीकरण एवं रसायनों के प्रयोग से प्रदूषण बढ़ा है। हमें विकास के साथ पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का प्रयास करना होगा। पर्यावरण प्रदूषण के कारण तलाशने और निराकरण के उपाय बताने की जिम्मेदारी वैज्ञानिकों की है। वैज्ञानिक अपने ज्ञान को व्यवहार में लायें। उन्होंने कहा कि यदि वैज्ञानिक ज्ञान लाइब्रेरी तक सीमित रहेगा तो उसका लाभ आम आदमी को नहीं मिलेगा।

श्री नाईक ने कहा कि एक स्वच्छ भारत अभियान सुनने में लगता है कि सामान्य बात है मगर विषय अत्यन्त गम्भीर है। छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखकर बड़े विषयों की समस्या को ठीक किया जा सकता है। स्वच्छता अभियान में आम आदमी की भागीदारी तथा विचार-विमर्श आवश्यक है। नदियों से लेकर समुद्र का प्रदूषण मछलियों एवं अन्य जलचरों के लिये नुकसान देह है। उन्होंने कहा कि गंगा के प्रदूषण का कारण मनुष्य स्वयं है इसलिये उसको स्वच्छ करने का विचार भी सबको मिलकर करना होगा।

आईआईटीआर के निदेशक प्रोफेसर आलोक धावन ने अपने संबोधन में संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा पर्यावरण प्रदूषण एवं इसके निराकरण हेतु किए गए कार्यों की चर्चा की और बताया कि कैसे यह संस्थान पर्यावरण निगरानी खाद्य सुरक्षा और पेयजल योजनाओं में विशेष योगदान दे रहा है। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि औद्योगीकरण, नगरीकरण तथा विकास की तीव्र गति से पर्यावरण को क्षति पहुंची है और इसके संरक्षण का दायित्व भारत सरकार राज्य सरकार एवं सभी पर है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण इसके कारण एवं निराकरण की खोज करना वैज्ञानिकों के लिए एक चुनौती है।

उन्होंने वैज्ञानिकों व शोध छात्रों से आग्रह किया कि इस राष्ट्रीय वैज्ञानिक संगोष्ठी पर चर्चा करके निदान हेतु एक रिपोर्ट राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार को भेजी जानी चाहिए। उन्होंने सबसे मिलकर पर्यावरण संरक्षण के कार्य में सक्रिय सहयोग करें।

इस समारोह में पूर्व कुलपति प्रो. भूमित्र देव का विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु गंभीर प्रयास करने की आवश्यकता है और नए अनुसंधान और उपाए किये जाने चाहिए ताकि प्राकृतिक असंतुलन न हो। उन्होंने वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि अपने शोध कार्यों को जन साधारण तक सरल भाषा में पहुंचाएं जिससे आम आदमी भी पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी कर सके। इस दो दिवसीय संगोष्ठी के प्रथम दिन सीएसआईआर की १६ प्रयोगशाला, शोध छात्र व अन्य लोग मौजूद रहे।

आईआईटीआर में वैज्ञानिकों के बनाए मॉडल देखते राज्यपाल

आज
9 नवम्बर, 2016 3

तकनीकी शिक्षा व पर्यावरण सुरक्षा की अपील

(आज समाचार सेवा)

लखनऊ, मंगलवार। भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव.2016 के अंतर्गत सीएसआईआर भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान लखनऊ, जो वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की एक घटक प्रयोगशाला है, में आम नागरिकों में वैज्ञानिक समझ और स्वभाव में वृद्धि करने के उद्देश्य से अपने परिसर में 08 नवंबर को एक ओपन डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान की विभिन्न सफलता की कहानियों को 50 वर्षों की उपलब्धियों की प्रदर्शनी द्वारा दिखाया गया। प्रोफेसर आलोक धावन, निदेशक सीएसआईआर, आईआईटीआर ने सभा का स्वागत किया और आशुतोष टंडन, विधायक एवं मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने खाद्य पदार्थों में मिलावट का पता लगाने और स्वच्छ पानी के उत्पादन हेतु समाधान उपलब्ध कराने की दिशा में संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों की सराहना की। उन्होंने इस अवसर पर बड़ी संख्या में संस्थान में उपस्थित स्कूल में बच्चों को संबोधित करते हुए तकनीकी प्रगति और पर्यावरण सुरक्षा के बीच एक संतुलन कायम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होने कहा कि देश विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जबरदस्त प्रगति कर रहा है साथ ही हमे एक संतुलित वातावरण बनाना चाहिए जो जीवन को अनुकूल बनाने में उपयोगी हो। इस अवसर पर डॉ एसपीएस खनूजाए निदेशक और मैंटर स्काइज़ लाइफ टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड तथा पूर्व निदेशक सीएसआईआर.केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थानए लखनऊ ने एक लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान दिया। उन्होने कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक ही सीमित नहीं है बल्कि जो कोई व्यवस्थित और तार्किक तरीकों का जीवन [illegible] उपयोग करता है वह वि[illegible] का वास्तविक जीवन [illegible] प्रयोग कर रहा है। एक ल[illegible] पर ध्यान केंद्रित करने [illegible] लिए कठिन प्रयास [illegible] आवश्यकता है और य[illegible] तक पहुँचने के लि[illegible] नकारात्मकता और [illegible] प्रयास के दौरान उत्पन्न [illegible] वाली कठिनाइयों [illegible] अनदेखी की भी जरू[illegible] है।संस्थान ने बड़े पैमाने [illegible] छात्रोंए सामाजि[illegible] कार्यकर्ताओं, हितधार[illegible] और आम जनता के लि[illegible] मेजबान की भूमिका नि[illegible] जो दिन भर संस्थान का दौरा क[illegible] के लिए आए। लखनऊ [illegible] निवासियों के लिए प्रदर्शनी में र[illegible] गई प्रौद्योगिकियों और वैज्ञानिकों [illegible] साथ बातचीत एक सुखद अनु[illegible] रहा। इस अवसर पर वैज्ञानिकों [illegible] छात्रों के बीच एक प्रश्नो[illegible] कार्यक्रम का भी आयोजन कि[illegible] गया जिसमे छात्रों द्वारा विभि[illegible] विषयों पर प्रश्न पूछे गए।

भारत अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्व-2016

अमर उजाला

MY City नवंबर 15, 2016 IV

औद्योगिकीकरण से बढ़ रहा प्रदूषण : नाईक

आईआईटीआर के 50वें स्थापना दिवस पर राज्यपाल ने की वैज्ञानिकों से समाधान ढूंढने की अपील

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ।

विकास की दर बढ़ाने के लिए तेज हुए औद्योगिकीकरण का सूत्र प्रभाव पर्यावरण असंतुलन और प्रदूषण के रूप में सामने आने लगा है। इसकी वजह से अब मानसून आने के लिए भी सटीक भविष्यवाणी नहीं हो सकती है। पर्यावरण असंतुलन के ने बातें सोमवार को सीएसआईआर की लैब इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टॉक्सिकोलॉजी रिसर्च के स्थापना दिवस की पोलन जुबली कार्यक्रम में राज्यपाल राम नाईक ने कही। उन्होंने पर्यावरण असंतुलन के समाधान खोजने का काम आईआईटीआर जैसी वैज्ञानिक संस्थाओं के वैज्ञानिकों से करने की बात कही। राज्यपाल और मुख्य अतिथि ब्रैडफोर्ड यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. ब्रायन कैटर ने आईआईटीआर की हिंदी व अंग्रेजी में वार्षिक रिपोर्ट, प्रदूषण की पोस्ट मानसून रिपोर्ट, संस्थान के वैज्ञानिकों के विस्तृत पेपर

आईआईटीआर के स्वर्ण जयंती समारोह में अतिथियों को स्मृति चिह्न व अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते राज्यपाल।

वैज्ञानिकों को समझाना होगा क्या है सही

राज्यपाल ने कहा कि जब मैं रेलमंत्री था उस समय चलती ट्रेन में स्क्रीनिंग करने की बहुत दिक्कतों झेलनी थीं। ट्रेन के कोच में अंधेरा में स्क्रीनिंग का मना करने के लिए संदेश भी लिखा गया था। मैंने स्टेशन पर बैठी डिस्पेंसर की खिड़की ही बंद करा दी। दिलीप भी हुआ कि कई लोगों ने राजधानी छिप जाएगा। इसी तरह पैट्रोलियम मंत्री तो उपाहोता में रोजगारी में अपने का विरोध हुआ कि नई किट कैसे और किसे लगाई जाएं। अब दोनों ही फैसलों में अगर फायदों की बात तक करते हैं। ऐसे ही वैज्ञानिकों को जागरूक समझा जाता है। हमें समझना होगा कि आजादी के बाद जब हम नई दिशाओं में आगे बढ़ कर रहे थे। उस स्थिति को तीन गुना आबादी होने के बाद भी हमारी विरासतों ने दबाव पैदा नहीं होने दिया। तैब में क्या हो रहा है? इसकी जानकारी वैज्ञानिक लोगों को दें। इसके फायदे भी दिखने लग जाएंगे।

आईआईटीआर ने बदली वेबसाइट

प्रो. धवन ने बताया कि 50वें स्थापना दिवस पर हम आईआईटीआर को अब और आगे ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए संस्थान को अंतरराष्ट्रीय पहचान दी जा रही है। इसके लिए जरूरी है कि डिजिटल सोसाइटी को भी बदला जाए। इसकी शुरुआत संस्थान की वेबसाइट को नए सिरे से तैयार करने के साथ की गई है। 50 वें दीक्षांत समारोह में पूरी दुनिया में

पीएम अपने तरीके से काम कर रहे

राज्यपाल ने कहा कि पीएम मोदी अपने तरीके से लोगों के हित में काम कर रहे हैं। खासा भारत के साथ

एमओयू से दोनों देशों को होगा फायदा

आईआईटीआर के निदेशक प्रो. आलोक धवन और ब्रैडफोर्ड यूनिवर्सिटी के चैंसलर प्रो. ब्रैटर ने एमओयू पर साइन किए। यहीं

आज

लखनऊ, 15 नवम्बर, 2016 5

सीएसआईआर व आईआईटीआर की स्वर्ण जयंती वार्षिक दिवस का दीप जलाकर उद्घाटन करते राज्यपाल।

देश की तरक्की में विज्ञान का विशेष महत्व-राज्यपाल

(आज समाचार सेवा)

लखनऊ, सोमवार। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल राम नाईक ने वैज्ञानिकों को सलाह दी है कि वे अपने ज्ञान को जन-जन तक पहुंचायें। उन्होंने कहा कि इससे देश की बड़ा लाभ होगा। राज्यपाल ने पर्यावरण प्रदूषण पर भी आम जन को जागरूक करने पर बल दिया। राज्यपाल राम नाईक सोमवार को भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर) लखनऊ के स्वर्ण जयंती वार्षिक वैज्ञानिक संस्थायें इस कार्य को बेहतर ढंग से कर सकती हैं। इसके लिए उन्होंने कई निर्णय लिये। रेलगाड़ियों में सिगरेट, बीड़ी के प्रयोग पर रोक लगाने के साथ-साथ प्लेटफार्म पर इनकी बिक्री पर

स्वर्ण जयंती दिवस पर वेबसाइट

है, जिन्होंने विज्ञान का महत्व समझकर देश में विज्ञान को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। आजादी के समय हम गेहूँ आयात करते थे। विज्ञान की देन है कि आज हम खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हैं और निर्यात करने की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि संस्थानों के विशेष दिन आत्मावलोकन करके तथा नये लक्ष्य निर्धारित करने के लिए होते हैं। पूर्व में राज्यपाल ने दीप प्रज्ज्वलित करके सीएसआईआर के स्वर्ण जयंती वार्षिक दिवस का शुभारम्भ किया।

5 स्वतंत्र भारत

लखनऊ, मंगलवार, 15 नवम्बर 2016

वैज्ञानिक अपने ज्ञान को लोगों तक पहुंचाएं : नाईक

संवाददाता, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल राम नाईक ने सीएसआईआर-भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान के स्वर्ण जयंती वार्षिक दिवस का दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारम्भ किया। स्वर्ण जयंती समारोह में यूनीवर्सिटी आफ ब्रैडफोर्ड यूके के कुलपति प्रो. ब्रायन कैटर, निदेशक संस्थान प्रो. आलोक धवन, मुख्य वैज्ञानिक डॉ. डीके चौधरी सहित अन्य विशिष्टजन वस्त्र देकर सम्मानित भी किया। राज्यपाल ने संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वर्ण जयंती समारोह की शुभकामना देते हुए कहा कि संस्थान के वैज्ञानिक देश के लिए शोध एवं अनुसंधान का जो कार्य कर रहे हैं वह अतुलनीय व अभिनंदनीय है। यह सुखद संयोग है कि आज कार्तिक पूर्णिमा, गुरु नानक जयंती और देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन है,

■ राज्यपाल ने किया सीएसआईआर-भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान के स्वर्ण जयन्ती का शुभारम्भ

जिन्होंने विज्ञान का महत्व समझकर देश में विज्ञान को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। आजादी के समय हम गेहूँ आयात करते थे। विज्ञान की देन है कि आज हम खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हैं और निर्यात करने की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के विशेष दिन आत्मावलोकन करने तथा नये लक्ष्य निर्धारित करने के लिए होते हैं। श्री नाईक ने कहा कि वैज्ञानिकों का लोगों तक पहुँचायें जिससे जानकारी प्राप्त करके देश को लाभ होगा। देश औद्योगिकीकरण की ओर जा रहा है। औद्योगिकीकरण की कुछ समस्याएं भी होती हैं। पर्यावरण प्रदूषण एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है। देश की नदियाँ भी प्रदूषित हुई हैं। यह हम सबका सामूहिक कर्तव्य है कि आम लोगों को समझाया जाये। जमीन की हरियाली बनाये रखने के लिए जागरूकता जरूरी है। वैश्विक तापवृद्धि से प्रदूषण की समस्या कैसे हल होगी तथा देश को दिशा देने का काम वैज्ञानिक अपनी दृष्टि से करें। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक संस्थायें इस कार्य को बेहतर ढंग से कर सकती हैं। राज्यपाल ने कहा कि लोगों में इनकी झिझकी पर भी रोक लगायी। प्रदूषण रोकने की दृष्टि से दिल्ली और मुंबई में सीएनजी के प्रयोग पर जोर दिया। तीन माह के बाद अच्छे परिणाम आये। उन्होंने कहा कि इन निर्णयों से आर्थिक बचत के साथ साथ पर्यावरण प्रदूषण भी कम हुआ है। कार्यक्रम में प्रो. ब्रायन कैटर ने भी अपने विचार रखे तथा प्रो आलोक धवन ने वार्षिक रिपोर्ट के साथ-साथ संस्थान के कार्यकृत एवं उपलब्धियों से भी अवगत

दैनिक जागरण

लखनऊ जागरण लखनऊ, 15 नवंबर 2016 6

ज्ञान को आमजन तक पहुंचाना बड़ी जिम्मेदारी

◆ आइआइटीआर का स्वर्ण जयंती वार्षिकोत्सव

जासं, लखनऊ : वैज्ञानिकों के पास ज्ञान है इसलिए उनकी यह जिम्मेदारी भी है कि वह उस ज्ञान को आम जन तक पहुंचाएं। सीएसआइआर-भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान (आइआइटीआर) के स्वर्ण जयंती वार्षिकोत्सव पर यह बात राज्यपाल राम नाईक ने कही।

राम नाईक ने वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह विज्ञान की ही देन है कि जहां हम कभी गेहूं-धान बाहर से मंगाते थे आज जबकि आबादी तीन गुना तक बढ़ चुकी है किसान उसी भूमि में न केवल हर व्यक्ति के लिए गेहूं-धान पैदा कर रहा है बल्कि हम निर्यात भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आइआइटीआर अकेला ऐसा संस्थान है जो पर्यावरण, जन स्वास्थ्य व उद्योगों के लिए कार्य कर रहा है। ग्लोबल वार्मिंग से कैसे निपटें इसकी भी सलाह वैज्ञानिकों को ही देनी है। आज जब संस्थान अपनी 50वीं वर्षगांठ मना रहा है इस पर भी मंथन करना होगा कि क्या किया और क्या और कर सकते हैं। राज्यपाल ने राजधानी की पोस्ट मानसून पर्यावरण रिपोर्ट के साथ अन्य प्रकाशन जारी किए।

इसके पूर्व आइआइटीआर के निदेशक डॉ. आलोक धावन ने वार्षिक रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि बीते वर्ष के मुकाबले संस्थान द्वारा

सीएसआइआर-आइआइटीआर के स्वर्ण जयंती वार्षिक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर उद्घाटन करते राज्यपाल रामनाईक साथ में प्रो. आलोक धावन, प्रो. ब्रायन कैटर डॉ. देवेंद्र परमार व डॉ. डी कर चौधरी

ज्यादा हाई इम्पैक्ट शोध पत्र प्रकाशित किए गए है। वार्षिकोत्सव पर यूनाइटेड किंगडम की यूनीवर्सिटी ऑफ ब्रेडफोर्ड से एक एमओयू किया गया। उम्मीद है कि आने वाले समय में आइआइटीआर और यूनीवर्सिटी पर्यावरण व अन्य क्षेत्रों में बेहतर काम कर सकेंगे। वार्षिकोत्सव की शुरुआत सुबह प्रो. जैदी ओरिएन से हुई। यूनीवर्सिटी ऑफ ब्रेडफोर्ड के कुलपति ब्रायन कैटर ने बहु घटक और उच्च एन्ट्रापी एलोय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केजीएमयू के कुलपति प्रो.रविकांत ने कहा कि व्यावसायिक अनुप्रयोगों के लिए मैटलर्जी साइंस पर काफी जोर दिया जा रहा है, लेकिन इसका उपयोग पुरातात्विक संरचनाओं की सुरक्षा के लिए भी करना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि पर्यावरण प्रदूषण पर केजीएमयू और आइआइटीआर के बीच मौजूदा समझौता काफी महत्वपूर्ण है, जिसके अच्छे परिणाम आएंगे।

पायनियर

लखनऊ, मंगलवार, 15 नवंबर, 2016 राजधानी 2

विज्ञान ने बनाया आत्मनिर्भर, प्रदूषण रोकने के लिए जागरूकता जरूरी: राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सुखद संयोग है कि आज कार्तिक पूर्णिमा, गुरु नानक जयंती के साथ देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन है। पं. नेहरू ने विज्ञान का महत्व समझकर देश में विज्ञान को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। आजादी के समय हम गेहूँ आयात करते थे। विज्ञान की देन है कि आज हम खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हैं और निर्यात करने की स्थिति में हैं। प्रदेश के राज्यपाल की तरफ से यह बातें सोमवार को सीएसआईआर-भारतीय विष अनुसंधान संस्थान के स्वर्ण जयंती कार्यक्रम के सम्बोधन के दौरान कही गयी हैं।

भारतीय विष अनुसंधान संस्थान के स्वर्ण जयंती कार्यक्रम में राज्यपाल राम नाईक ने वैज्ञानिकों को सम्मानित किया

स्वर्ण जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के राज्यपाल रामनाईक ने कहा कि संस्थानों के विशेष दिन आत्मावलोकन करने तथा नये लक्ष्य निर्धारित करने के लिए होते हैं। उन्होंने संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वर्ण जयंती समारोह की शुभकामना देते हुए कहा कि संस्थान के वैज्ञानिक देश के लिए शोध एवं अनुसंधान का जो कार्य कर रहे हैं वह अतुलनीय व अभिनंदनीय है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों का दायित्व है कि वे अपने ज्ञान को लोगों तक पहुँचायें जिससे जानकारी प्राप्त करके देश को लाभ होगा। देश औद्योगिकीकरण की ओर जा रहा है। औद्योगिकीकरण की कुछ समस्याएं भी होती हैं। पर्यावरण प्रदूषण एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है। देश की नदियाँ भी प्रदूषित हुई हैं। यह हम सबका सामूहिक कर्तव्य है कि आम लोगों को समझाया जाये। जमीन की हरियाली बनाये रखने के लिए जागरूकता जरूरी है। उन्होंने कहा कि वैश्विक तापवृद्धि से प्रकृति पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

प्रदूषण की समस्या कैसे हल होगी तथा देश को दिशा देने का काम वैज्ञानिक अपनी दृष्टि से करें। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक संस्थायें इस कार्य को बेहतर ढंग से कर सकती हैं। राज्यपाल ने कहा कि लोगों में नागरिक बोध उत्पन्न करने की जरूरत है। राज्यपाल ने बताया कि प्रदूषण कम करने की दृष्टि से रेल मंत्री एवं पेट्रोलियम मंत्री रहते हुए उन्होंने कई निर्णय लिये। रेलगाड़ियों में सिगरेट, बीड़ी के प्रयोग पर रोक लगाने के साथ-साथ प्लेटफार्म पर इनकी बिक्री पर भी रोक लगायी। कार्यक्रम के दौरान सीएसआईआर - भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान एवं यूनीवर्सिटी आफ ब्रैडफोर्ड यूके के बीच अनुसंधान को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये तथा राज्यपाल ने संस्थान की वेबसाइट का उद्घाटन किया।

राज्यपाल ने समारोह में संस्थान के कई प्रकाशनों का लोकार्पण किया एवं संस्थान के कार्मिकों को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया। स्वर्ण जयंती समारोह में यूनीवर्सिटी आफ ब्रैडफोर्ड यूके के कुलपति प्रो. ब्रायन कैटर, निदेशक संस्थान प्रो. आलोक धवन, मुख्य वैज्ञानिक डॉ. डीके चौधरी सहित अन्य विशिष्टजन व वरिष्ठ वैज्ञानिक उपस्थित थे।

हिन्दुस्तान

लखनऊ • मंगलवार • 15 नवम्बर 2016 07

आईआईटीआर के स्वर्ण जयंती वार्षिक समारोह में बोले राज्यपाल

शोध का लाभ जनता को मिले

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

वैज्ञानिकों का प्रयोग प्रयोगशाला से बाहर आना चाहिए। आम जनता तक पहुंचे। तभी उसका लाभ देश के गरीब व किसानों को मिल सकेगा। यह बात राज्यपाल राम नाईक ने भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईआईटीआर) के स्वर्ण जयंती वार्षिक समारोह में कही। इस मौके पर यूनाइटेड किंगडम के ब्रैडफोर्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ब्रायन कैटर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि औद्योगिकीकरण बढ़ने के साथ वातावरण संतुलन भी बिगड़ता जा रहा है। वैज्ञानिकों के सामने यह सबसे बड़ी चुनौती है। वह लगातार इसपर काम कर रहे हैं। कारणों व उसके निवारण के जो भी परिणाम निकल रहे हैं, उसको जनता तक पहुंचने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी वैज्ञानिकों की है।

आईआईटीआर के स्वर्ण जयंती समारोह में राज्यपाल रामनाइक मौजूद रहे • हिन्दुस्तान

मौजूदा समय में लगभग सभी नदियों का पानी दूषित हो चुका है। सरकार उसकी सफाई के नमामि गंगे योजना शुरू की है, लेकिन बिना लोगों की जागरूकता से यह कार्य पूरी तरह सफल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि 50-60 के दशक में गेहूं बाहर से आयात करना पड़ता था, लेकिन आज किसान उतनी ही जमीन में तीन गुना बढ़ चुकी आबादी का पेट तो भर ही रहा है, साथ आज देश निर्यात करने की स्थिति में पहुंच चुका है। यदि उनमें वैज्ञानिक जानकारी और बढ़ा दी जाए तो उत्पान में बेतहाशा वृद्धि हो सकती है।

इस मौके पर संस्थान के निदेशक प्रो. आलोक धवन ने संस्थान की गतिविधियों से अवगत कराया और सालभर किए गए कार्य का ब्योरा प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने संस्थान में 30 वर्ष से अधिक समय से सेवा दे रहे वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को साल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वार्षिक पत्रिका, पोस्ट मानसून रिपोर्ट, शोध पत्र आदि का विमोचन किया। इससे पहले यूनाइटेड किंगडम के ब्रैडफोर्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ब्रायन कैटर ने खाद्य पदार्थों में मिलावट का पता लगाने व साफ पानी के उत्पादन के तरीकों पर अपना व्याख्यान दिया केजीएमयू के कुलपति प्रोफेसर रवि कांत ने समारोह की अध्यक्षता की।

नवभारत टाइम्स लखनऊ 5
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 07 फरवरी 2017

सेंटर फॉर इनोवेशन एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च का उद्घाटन अनुसंधान महानिदेशक ने किया

○ स्थापित किए जाएंगे नवीन केन्द्र

■■■ कार्य, VOL

लखनऊ। महानिदेशक वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की ओर से सीएसआईआर भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान में सेंटर फॉर इनोवेशन एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च का उद्घाटन सीएसआईआर के महानिदेशक डॉ गिरीश साहनी ने किया। महानिदेशक ने संस्थान का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम के बाद उन्होंने शोध छात्रों और संस्थान के तकनीकी कर्मचारियों के साथ काफी देर तक विभिन्न विषयों को लेकर वार्ता की।

कार्यक्रम में एक आधुनिक कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी सुविधा भी डीजी सीएसआईआर द्वारा राष्ट्र को समर्पित की गई। संस्थान के निदेशक प्रो आलोक धवन नवीन केंद्रों के स्थापित होने से संस्थान के बुनियादी ढांचे में बढ़ोत्तरी होगी और प्रयोगशाला के अनुसंधान को जन साधारण से जोड़ने में भी सहायक सिद्ध होगी। सीएसआईआर के जनादेश के अनुसार उच्च गुणवत्ता विज्ञान एवं प्रौद्योगिकियों तक लाने और संसाधन आधार के अनुकूलन सुनिश्चित करने के लिए भी यह सक्षम होगा।

संस्थान के वैज्ञानिकों के साथ अपनी बातचीत में उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में समाज में आने वाली नई परिस्थितियों और कठिनाइयों को संबोधित करने में संस्थान द्वारा सभी उपलब्ध संसाधनों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकताओं पर भी उन्होंने जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर वैज्ञानिक की जिम्मेदारी है कि वह पूरे समूह की सफलता की दिशा में काम करें। बाद में सीएसआईआर आईआईटीआर पर उन्होंने कहा देश के आम नागरिक के बारे में सोचे, और कोई भी निर्णय और कार्रवाई एक आम आदमी की आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर करें। उन्होंने कहा किमेरी धारणा है कि भविष्य में विज्ञान के शोध की सीमाएं असीमित हैं और हर एक को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। संस्थान के निदेशक प्रो आलोक धवन और संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों की एक टीम ने उनका स्वागत किया।

हिन्दुस्तान
18 दिसम्बर, 2016 P10

आईआईटीआर को मिला सम्मान

लखनऊ। भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईआईटीआर) को हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने पर राजभाषा पत्रिका 'विष विज्ञान संदेश' के 25वें अंक के प्रकाशन पर प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

केन्द्रीय गृहमंत्रालय के राजभाषा विभाग की ओर से गठित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ओर से शुक्रवार को रायबरेली रोड स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आईआईटीआर के निदेशक प्रो. आलोक धवन व हिन्दी अधिकारी सीएम तिवारी को शील्ड व प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

आज
13 मई, 2017 P-2

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

लखनऊ, शुक्रवार। सीएसआई आर भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान लखनऊ में 12 मई 2017 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस हर्षोउल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर दो विशिष्ट टेक्नोक्रेट और उद्यमियों द्वारा व्याख्यान दिये गये। पहला व्याख्यान डा.वी. प्रेमनाथ, प्रमुख एनसीएल इनोवेशन्स, सीएसआईआर एनसीएल पुणे द्वारा प्रयोगशाला से बाजार तक कुछ सबक, अनुभव और अंतर्दृष्टि पर दिया गया। उन्होंने बताया कि कैसे एक समस्या आधारित समाधान बाजार में लाने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से संचालित किया जा सकता है। उन्होंने हिप प्रतिस्थापन के लिए उपयोग किये जाने वाले पॉलिमर विज्ञान आधारित सामग्रियों के उदाहरण भी उद्धत किये।

राष्ट्रीय सहारा
17 दिसम्बर, 2016 P5

आईआईटीआर की पत्रिका को प्रथम पुरस्कार

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

लखनऊ।

भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईआईटीआर) की राजभाषा पत्रिका विष विज्ञान संदेश के अंक 25 के प्रकाशन के लिए प्रथम पुरस्कार तथा अप्रैल से सितम्बर तक राजभाषा हिन्दी में कार्यालयी कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। पुरस्कार के रूप में शील्ड व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। यह पुरस्कार भारत सरकार राजभाष विभाग गृह मंत्रालय नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय 3) लखनऊ की छमाही बैठक में शुक्रवार को प्रदान किया गया। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित इस बैठक में 61 सदस्य कार्यालयों में से मूल्यांकन के आधार पर यह पुरस्कार दिया गया। संस्थान की ओर से निदेशक प्रो. आलोक धवन और हिन्दी अधिकारी चन्द्र मोहन तिवारी ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, बुधवार, 1 मार्च 2017 6

जल से है जीवन, जीवन लाता है आशा और आशा कभी नहीं मरती : नोर्फेल

संवाददाता, लखनऊ।

जल से है जीवन, जीवन लाता है आशा और आशा कभी नहीं मरती। इस तथ्य को पद्म श्री चेवांग नोर्फेल द्वारा समझाया गया जो लद्दाख के आइस मैन के नाम से लोकप्रिय हैं। वह संस्थान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह के अवसर पर एक लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान दे रहे थे।

■ सीएसआईआर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह आयोजित

पद्म श्री चेवांग नोर्फेल ने जम्मू-कश्मीर राज्य में ग्रामीण विकास विभाग से सेवानिवृत्ति के बाद राज्य के लेह-लद्दाख क्षेत्र में पानी की भारी कमी को समाप्त करने का कार्य स्वयं के कंधों पर ले लिया। उन्होंने इस समस्या के समाधान करने हेतु कृत्रिम हिमनद बनाने के लिए अथक काम किया। एक ऐसे क्षेत्र में जहां किसान अपने 80 फीसदी कृषि जरूरतों के लिए हिमनदों के जल पर निर्भर है, कृत्रिम हिमनद उनके लिए एक वरदान है। भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान के निदेशक प्रो. आलोक धवन कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने विचार में विश्वास रखने और उसी को पूरा करने की दिशा में काम करने पर बल देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीएसआईआर-आईआईटीआर को इस विज्ञान दिवस के अवसर पर श्री नोर्फेल की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त हुआ है। वहीं इस अवसर आम नागरिकों के लिए संस्थान के द्वार अत्याधुनिक विज्ञान अनुभव करने के लिए खुले रहे। इसके अलावा विकसित प्रौद्योगिकियों और सेवाओं की एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। इसमें कॉलेजों के 200 से अधिक छात्रों को संस्थान की प्रयोगशालाओं का दौरा करने और वैज्ञानिक कर्मचारियों के साथ बातचीत करने के लिए आमंत्रित किया गया।

पाठकों के पत्र

सीएसआईआर - निस्केयर
CSIR - NISCAIR
सीएसआईआर - राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं सूचना स्रोत संस्थान
CSIR - National Institute of Science Communication And Information Resources
वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद्
Council of Scientific & Industrial Research

डॉ. मनोज कुमार पटैरिया
Dr. Manoj Kumar Patairiya
निदेशक
Director

अर्ध.शा.पत्र सं.निस्केयर/निदे./2016
दिनांकः 30.11.2016

प्रिय डॉ. धावन जी,

आपके संस्थान द्वारा प्रकाशित राजभाषा पत्रिका **विष विज्ञान सन्देश** प्राप्त हुई। पत्रिका में प्रकाशित सभी लेख रूचिकर तथा जानकारी से परिपूर्ण हैं। पत्रिका में लेखों के भीतर विषय से सम्बन्धित कार्टून लेख को और अधिक आकर्षक बना रहे हैं। बहुत ही सरल तथा सहज भाषा में लिखे लेख जनमानस के लिए अवश्य ही अत्यन्त लाभप्रद सिद्ध होंगे।

पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए बधाई।

सादर,

आपका,

(मनोज कुमार पटैरिया)

डॉ. आलोक धावन
निदेशक
सीएसआईआर-भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान
पोस्ट बॉक्स नं.-80, लखनऊ
उत्तरप्रदेश - 226 001

डॉ. के.एस. कृष्णन मार्ग, नई दिल्ली 110012/ Dr. K.S. Krishnan Marg, New Delhi 110012; +91-11-25846024, 25848385; फैक्स/ Fax: +91-11-25847062
14, सत्संग विहार मार्ग, नई दिल्ली 110067/ Satsang Vihar Marg, New Delhi 110067; +91-11-26517059, 26515837; फैक्स/ Fax: +91-11-26862228
ई-मेल/ E-mail: director@niscair.res.in वेबसाइट/ Website: www.niscair.res.in

पाठकों के पत्र

सीएसआईआर – केन्द्रीय चर्म अनुसंधान संस्थान
CSIR - CENTRAL LEATHER RESEARCH INSTITUTE
(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् Council of Scientific & Industrial Research)
अड्यार Adyar, चेन्नई Chennai - 600 020 भारत INDIA

CSIR-CLRI

डॉ. बी. चंद्रसेकरन
Dr. B. Chandrasekaran
निदेशक Director

दूरभाष : Phone : 91 44 2491 0897, 2491 0846
फैक्स Fax : +91 44 24912150
ईमेल E-mail : directorclri@gmail.com
director@clri.res.in, bchandru@clri.res.in

पत्रांक. सीएलआरआई-हिंदी अनुभाग/पावती-पत्राचार/2016 दिनांक : 29/12/2016

सेवा में

प्रोफेसर आलोक धावन
निदेशक
सीएसआईआर- भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान
विषविज्ञान भवन, 31, महात्मा गाँधी मार्ग
पोस्ट बाक्स नं. 80, लखनऊ-226001, उत्तर प्रदेश.

महोदय,

आपके दि.11/11/2016 के पत्रांक.आईआईटीआर/निदे0/रा0भा0/2/2016 के साथ प्रेषित **विषविज्ञान संदेश** का 25 वाँ अंक प्राप्त हुआ और पत्र का विषय पढ़कर अत्यंत प्रसन्नता हुई है कि आईआईटीआर राजभाषा के प्रचार-प्रसार में दिलचस्पी ले रहा है और खुशी है कि राष्ट्रीय वैज्ञानिक संगोष्ठी आयोजित की गई है, जिसमें पर्यावरण प्रदूषण के संदर्भ में कारण एवं निवारण पर विस्तृत चर्चा हुई है।

सीएलआरआई भी इस दिशा में कार्य कर रहा है और संस्थान द्वारा हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए जानेवाले चर्म अनुसंधान उद्योग मिलन में हिंदी में वैज्ञानिक विषयों पर अनुसंधान पत्र प्रस्तुत किए जाते हैं और उनपर विस्तृत चर्चा भी होती है। इसके साथ सीएसआईआर स्थापना दिवस और सीएसआईआर-सीएलआरआई स्थापना दिवस में भी हिंदी संगोष्ठियाँ आयोजित की जाती हैं, जिससे कि आम जनता एवं उद्योग में हिंदी भाषा द्वारा कार्य करनेवालों को जानकारी एवं सूचना राजभाषा में मिले।

सादर,

भवदीय
B. चंद्रसेकरन
(डॉ. बी.चंद्रसेकरन)
निदेशक

पाठकों के पत्र

वै0औ0अ0प0 – केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान
(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)
पोस्ट आफिस – सीमैप, लखनऊ–226015, भारत
CSIR-CIMAP
CSIR-CENTRAL INSTITUTE OF MEDICINAL & AROMATIC PLANTS
(Council of Scientific & Industrial Research)
P.O. CIMAP Campus, Lucknow - 226 015, INDIA

संख्या : सीमैप/रा.भा./ पावती-2016 दिनांक: 22.12.2016

सेवा में,

श्री चन्द्र मोहन तिवारी
हिन्दी अधिकारी
सीएसआईआर-भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान,
विष विज्ञान भवन, 31, महात्मा गांधी मार्ग,
पोस्ट बाक्स नं. 80,
लखनऊ

महोदय,

आपके पत्र सं. आईआईटीआर/निदे./रा.भा./2/2016, दिनांकित 07.12.2016 के द्वारा आपके संस्थान से प्रकाशित वार्षिक राजभाषा पत्रिका 'विष विज्ञान संदेश' का अंक 25 प्राप्त हुआ, धन्यवाद। सर्वप्रथम पत्रिका के संपादक एवं लेखकों को बधाई। राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु उक्त पत्रिका का प्रकाशन प्रशंसनीय है। इस पत्रिका में प्रकाशित महत्वपूर्ण मज़मून निश्चित रूप से अन्य प्रयोगशालाओं/संस्थानों के लिए प्रेरणात्मक होंगे।

आशा है आप हमें अपने संस्थान की राजभाषा विषयक गतिविधियों से निरन्तर अवगत कराते रहेंगे।

सधन्यवाद,

भवदीय,

(संजय कुमार राम)
हिन्दी अधिकारी एवं अनुभाग अधिकारी

Director - 0522-2359623, Fax : 0522-2718509 / COA - 0522-2718641- Telefax : 2718639
SO (S&P) - 0522-2718613, AO : 0522-2718505 / 2719055 / FAO : 0522-2718610 / 12
Website : www.cimap.res.in

पाठकों के पत्र

राष्ट्रीय अंतर्विषयी विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संस्थान
NATIONAL INSTITUTE FOR INTERDISCIPLINARY SCIENCE AND TECHNOLOGY
वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् | Council of Scientific and Industrial Research
इंडस्ट्रियल इस्टेट पी. ओ, पाप्पनंकोड, तिरुवनंतपुरम, भारत - 695 019 | Industrial Estate P.O., Pappanamcode, Thiruvananthapuram, India-695 019

सं.105(26)/16-स्था

दिनांक:- 22.12.2016

सेवा में

डॉ. चन्द्रमोहन तिवारी
हिंदी अधिकारी
सीएसआईआर-भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान
महात्मा गाँधी मार्ग, पोस्ट बाक्स नं. 80
लखनऊ - 226 001

विषयः- राजभाषा पत्रिका 'विषविज्ञान संदेश' की प्राप्ति ।

महोदय,

यह अत्यंत खुशी की बात है, पिछले अंकों जैसे आपके संस्थान की वैज्ञानिक राजभाषा पत्रिका 'विषविज्ञान संदेश' के 25 वॉ अंक अत्यंत आकर्षक ढंग से प्रकाशित गयी है । धन्यवाद । पत्रिका में प्रकाशित लेखों की भाषा अत्यंत सरल है, ताकि जन सामान्य को इन्हें पढ़ने या समझने में कोई दिक्कत नहीं होगी ।

आशा है भविष्य में भी आप इसी प्रकार अपने संस्थान की राजभाषा गतिविधियों से हमें अवगत कराते रहेंगे ।

भवदीया,

लती देवी 22/12/16

(लती देवी)
हिंदी अधिकारी

Tel: 91 471 2515239 Fax: 91 471 2491895, 2490389, (D) 2515239/510/511/256/384 E-mail: spo@niist.res.in. Website: http//www.niist.res.in

पाठकों के पत्र

सीएसआईआर-भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान
हैदराबाद - 500 007.भारत
CSIR - Indian Institute of Chemical Technology
Hyderabad - 500 007. INDIA
(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)
(COUNCIL OF SCIENTIFIC & INDUSTRIAL RESEARCH)

दिनांक / Dated.....

पत्र सं. भा.रा.प्रौ.सं./राभाकास-पावती/2017/01 16.1 .2017

सेवा में,

श्री चन्द्र मोहन तिवारी,
हिंदी अधिकारी,
सीएसआईआर-भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान,
विष विज्ञान भवन, 31, महात्मा गाँधी मार्ग,
पोस्ट बाक्स नं. 80, लखनऊ- 226 001
उत्तर प्रदेश.

महोदय,

आपके संस्थान द्वारा प्रकाशित राजभाषा पत्रिका 'विषविज्ञान संदेश' का 25वां अंक, वर्ष 2016-17 की प्रति प्राप्त हुई। आपको विषविज्ञान संदेश राजभाषा पत्रिका को प्रथम पुरस्कार तथा कार्यालयी कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ संस्थान की ओर बहुत-बहुत बधाई। पत्रिका में प्रकाशित सभी लेख, विचार एवं अन्य सामग्री बहुत ही रोचक एवं सराहनीय है। पत्रिका में संस्थान के बढ़ते कदम एवं अन्य उपलब्धियों को सुन्दर तरीके से दर्शाया गया है। राजभाषा के प्रचार-प्रसार में यह सराहनीय कदम है।

पत्रिका के सफल प्रकाशन पर संपादक मंडल को बहुत-बहुत बधाई। पत्रिका में दर्शाए गए महत्वपूर्ण कार्यक्रम तथा उनसे संबंधित छायाचित्रों की गुणवत्ता भी प्रशंसनीय है। आशा करते हैं कि आप भविष्य में भी इसी प्रकार संपर्क बनाए रखेंगे तथा संस्थान/प्रयोगशाला की राजभाषा विषयक जानकारी देते रहेंगे।

भवदीया,

(डॉ. एस. नसीमा)
वरि. हिंदी अधिकारी

TARNAKA, UPPAL ROAD, HYDERABAD - 500 007. Telangana State, INDIA
दूरभाष / TELEPHONE: 27160123 (18 लाइन / 18 Lines)
www.iictindia.org निदेशक / Director : Fax : 91-40-27160387 व.प्र.नि / COA : Fax : 91-40-27193198

पाठकों के पत्र

सीएसआईआर-भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान
हैदराबाद - 500 007.भारत
CSIR - Indian Institute of Chemical Technology
Hyderabad - 500 007. INDIA
(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)
(COUNCIL OF SCIENTIFIC & INDUSTRIAL RESEARCH)

दिनांक / Dated.....

सं. राभूभौअसं./राकास-पावती/2017/3-30 27.03.2017

सेवा में,

श्री चन्द्र मोहन तिवारी,
हिंदी अधिकारी,
सीएसआईआर-भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान,
विषविज्ञान भवन, 31, महात्मा गांधी मार्ग,
पोस्ट बाक्स सं. 80,
लखनऊ - 226 001.

महोदय/महोदया,

आपके संस्थान द्वारा प्रकाशित राजभाषा पत्रिका "विषविज्ञान संदेश"के 23-24 अंक की प्रति प्राप्त हुई। पत्रिका में प्रकाशित सभी वैज्ञानिक लेख रोचक एवं ज्ञानवर्धक हैं। पत्रिका के छायाचित्र उच्चकोटि के हैं और आवरण पृष्ठ भी पाठकों को अपनी ओर आकृष्ट करता है। पत्रिका के सफल प्रकाशन पर संपादन मंडल को बधाई एवं शुभकामनाएँ।

आशा करते हैं कि भविष्य में भी आप इसी प्रकार सम्पर्क बनाये रखेंगे और संस्थान की राजभाषा संबंधी गतिविधियों से अवगत कराती रहेंगे।

भवदीया,

(डॉ. एस. नसीमा)
वरि. हिंदी अधिकारी

TARNAKA, UPPAL ROAD, HYDERABAD - 500 007. Telangana State, INDIA
दूरभाष / TELEPHONE: 27160123 (18 लाइन / 18 Lines)
www.iictindia.org निदेशक / Director : Fax : 91-40-27160387 व.प्र.नि / COA : Fax : 91-40-27193198

वैज्ञानिक शब्दावली

Abdomen	उदर, जठर
Abstract	निष्कर्ष, सार, पृथक, अमूर्त, सारांश
Acclimatization	परिस्थिति अनुकूलन, पर्यनुकूलन
Acetonaemia	अम्लरक्तता
Acupuncture	सूची बेध
Binary fission	द्विखण्डन, द्विविभाजन
Biyearly	छमाही, अर्धवार्षिक
Blister	छाला, फफोला, स्फोटक
Blood sugar	रूधिर शर्करा
Catabolism	अपचय
Cavity	कोटर, कोष्ठा, गुहिका, गुहा
Central nervous system	केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र
Coherent	समनुगत, स्थिर अनुरूप
Degeneration	अधःपतन, अपक्षय, विपोषण
Deviation	विचलन, अपसरण, व्यतिक्रम
Diagnostic	निदान सूचक, रोग निदान विषयक, नैदनिक
Dilution	तनुकरण, तनुता
Displacement	विस्थापन, स्थानापूर्ति, पदच्युति
Ecofriendly	पारिसुहृद्
Efficacy	प्रभावोत्पादकता
Endoscopy	अंतदर्शन
Enterotoxin	आंत्राविष
Excision	उच्छेदन, कर्तन, काटना, उन्मूलन, विनाश
Feasible	व्यावहरिक, संभव, सुसंगत, संभाव्य
Fibrin	रक्त तंतु
Fixative	स्थायीकर, स्थिरक, स्थापक
Fluctuation	उच्चावचन, उतार–चढ़ाव, लहराव
Fragile	भंगुर, नाजुक
Galvanometer	धारामापी
Goiter	गलगण्ड, घेंघा
Gross error	गंभीर त्रुटि
Growth inhibiting	वृद्धि रोधक
Gyration	घूर्णन, परिभ्रमण
Haemorrhage	रक्तस्त्राव
Haliography	समुद्र वर्णन
Hazardous	संकटमय, विपत्ति जनक
Heteromorphic	विषमरूपी
High speed centrifugal blower	उच्चचाल अपकेन्द्री ब्लोअर
Identifiability	अभिज्ञेयता
Illumination	चमक, प्रदीप्ति
Immunization	प्रतिरक्षीकरण

Impermeable	अपारगम्य
Inducer	विप्रेरक
Jaundice	पीलिया
Justification	न्यायोचित, औचित्य
Juvenile Phase	किशोर प्रावस्था
Juxtaposition	सन्निधि, सान्निध्य
Karyology	केन्द्रक विज्ञान
Kernel	अष्टि, गुठली, गिरी
Key pulse	कुंजीय स्पंद
Kinematograph	चलचित्रदर्शी
Kymograph	स्वाहभिलेखी
Labile	अस्थिर, परिवर्ती
Lateral	पार्श्व, पार्श्विक
Leaching	निक्षालन
Lipolysis	वसांशन, वसा अपघटन
Lysis	लय, लयन, अपघटन
Macro analysis	मोटा/स्थूल विश्लेषण
Macrophage	बृहत्–भक्षकाणु, बृहत् भक्षक
Manometer	दाबमापी
Marasmus	शरीर का क्षय होना, सूखा (रोग)
Maritime	समुद्रवर्ती, समुद्रतटीय
Meiosis	अर्धसूत्री विभाजन, अर्धसूत्रण
Negligible	नगण्यह, उपेक्षणीय, महत्वहीन
Nematode	सूत्रकृमि
Neutralization	उदासीनीकरण, निष्प्रभावन
Nevertheless	तथापि, तो भी
Objectless	निष्प्रयोजन
Observation	प्रेक्षण
Occupied	अध्यासित
Offset	भूस्तरिका, क्षैतिज विस्थापन
Optimum	इष्टतम, परिस्थिति
Palaeobiology	पुराजीव विज्ञान
Pandemic	सर्वभौम महामारी
Pericarp	फ्लावरण, फलभित्ति, परिस्तर
Periodic table	आवर्त सारणी
Permissble	अनुमेय, अनुज्ञेय
Quantitative analysis	मात्रात्मक विश्लेषण
Quarantine	संगरोध
Quasi	अर्ध, अंश, कल्प, प्रायः, अर्थात्
Quotation	उद्धरण, अवतरण, भाव, निवेदित मूल्य
Quotient	भागफल, विभाग
Radiation	विकिरण
Rancidity	विकृत गंधिता

Rapid evaporation	द्रुत उद्‌ष्पन
Reacting molecule	अभिकारक अणु
Rearrangement	पुनर्व्यवस्थित
Reference	संदर्भ, निर्देश
Sample	प्रतिदर्श, नमूना, बानगी
Saprophyte	मृतोद्–भिद, पूतिपादप
Scarlet	लोहित, सिंदूरी
Scavenger	अपमार्जक
Scintillation	प्रस्फुसरण, प्रस्फुर
Sebaceous	वसामय
Tandem	अनुबद्रध, अनुक्रमिक
Taxonomy	वर्गीकरण विज्ञान, वर्गिकी
Thesis	शोध प्रबन्ध, अभिधारणा
Topography	स्थलाकृति, स्थलाकृति विज्ञान, स्थान वर्णन
Transmission	संचारण, प्रेषण, संचरण, संप्रेषण
Ubiquitous	सर्वगत, सर्वव्यापक
Undisturbed	अविक्षुब्ध
Unfinished	अपरिष्कृत
Upright	खड़ा, सीधा, अर्ध्वाकार
Urbanization	नगरीकरण
Variable	रूपांतरित, अस्थिर
Verification	सत्यापपन, परीक्षण, जाँच
Viability	जीवन क्षमता, अंकुरण क्षमता
Virology	विषाणु विज्ञान
Ward	रोगी कक्ष (चिकित्सालय में)
Water logging	जलाक्रान्ति
Weird	अलौकिक, अप्राकृतिक, अनोखा, विचित्र
Whooping cough	कुकर खाँसी
Wonder	अद्‌भुत, विलक्षण, आश्चर्य, चमत्कार
Xanthene	पीला, पीत (रंग)
Xenobiotic	अपजीवीय
Xerophyte, Xerophil	मरूद्‌भिद्
Xerox	शुष्कालेख, शुष्क–चित्र
Xylem	दारू, काष्ठि
Yard-stick	मानदण्ड, गज
Yeast	खमीर
Yellow fever	पीतज्वर
Yolk sac	पीत कोष
Youthfulness	तरूणता, युवापन
Zenith	चरमबिन्दु, पराकाष्ठा, शिरोबिन्दु
Zoomorphic	पशुरूप, पशुत्वारोपी
Zoo-parasite	जन्तु–परजीवी, प्राणि परजीवी
Zooplankton	जन्तुप्लवक, प्राणीप्लवक
Zygote	युग्मनज

शिक्षित महिला तो साक्षर समाज



परिजन महिलाओं की सम्पूर्ण देखभाल करें